✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 36 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 2 जुलाई 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



उदयगिरि और आइएनएस तमाल से बढ़ी भारतीय नौसेना की ताकत

## संक्षिप्त समाचार

### बहुजन लोकदल का जदयू में विलय

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बहुजन लोकदल का मंगलवार को जदयू में विधिवत विलय हो गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीति एवं नेतृत्व में आस्था जताते हुए बहुजन लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तरकीब आलम अंसारी ने अपने पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ जदयू की सदस्यता ग्रहण की। सभी को प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। श्री कुशवाहा ने कहा कि जो लोग स्वयं को अल्पसंख्यक समाज का सबसे बड़ा हितैषी बताने का दावा करते हैं, उनके 15 वर्षों के शासनकाल में अल्पसंख्यकों के सशक्तीकरण के नाम पर कोई कार्य नहीं हुआ।

### सड़क हादसे में एसआई की मौत

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** मब्बी थाना क्षेत्र के एनएच-27 पर रिलायंस पंप के पास सड़क हादसे में डीटीओ के सब इंस्पेक्टर की दर्दनाक मौत हो गयी। हादसा इतना भीषण था कि डीटीओ की कार 30 फीट नीचे खाई में गिर गयी। डीटीओ कार्यालय के दो अन्य कर्मी भी घायल हैं, जिनका इलाज चल रहा है। मृतक की पहचान डीटीओ आफिस के प्रवर्तन अवर निरीक्षणक मुन्ना कुमार के रूप में हुई है, जो समस्तीपुर के हसनपुर थाना क्षेत्र के खोरी गांव का रहने वाले थे। बताया जाता है कि गाड़ियों की जांच करते समय घटना को अंजाम दिया गया है।

### राजधानी एक्सप्रेस के सामने कूदकर युवक ने दी जान

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में मंगलवार सुबह एक युवक ने राजधानी एक्सप्रेस के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना बखरी थाना क्षेत्र अंतर्गत सलौना स्टेशन और खटुली रेल पुल के मध्य रामपुर ढाला के पास की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक ने राजधानी एक्सप्रेस के सामने अचानक छलांग लगा दी जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। ट्रेन तेज रफ्तार में थी जिसके चलते युवक का शरीर क्षत-विक्षत अवस्था में कई टुकड़ों में बंट गया।

### हादसों में मासूम समेत दो लोगों की मौत

**बिहारशरीफ (नबिटा ब्यूरो)।** नालंदा में मंगलवार को दो अलग-अलग हादसों में मासूम समेत दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना सिलाव थाना क्षेत्र के नानद गांव, जबकि दूसरी घटना तेल्हाड़ा थाना क्षेत्र के हैदरपुर गांव की है। पहली घटना में सलाव थाना क्षेत्र के नानद गांव के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार को कुचल दिया। हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मृतक की पहचान नालंदा थाना क्षेत्र के मेहंदीनगर गांव निवासी शंकर रविदास के रूप में की गई है। दूसरी घटना तेल्हाड़ा थाना क्षेत्र के हैदरपुर गांव में हुई है जहां घर के बाहर खेल रहे हैदरपुर गांव के चार वर्षीय अमन कुमार के बच्चे को ट्रैक्टर ने कुचल दिया।

## नीतीश मंत्रिपरिषद की बैठक में कुल 24 एजेंडों पर लगी मुहर, बिहार फैक्ट्री नियमावली में किया गया बदलाव

# 882 करोड़ से होगा माता जानकी मंदिर का निर्माण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में 24 एजेंडों पर मुहर लगी है। कैबिनेट मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने सूचना भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि कैबिनेट ने राज्य सरकार ने सीतामढ़ी स्थित ऐतिहासिक पुनौरा धाम में माता जानकी मंदिर का भव्य निर्माण कराने के लिए 882 करोड़ 87 लाख रुपये जारी किए गए हैं। मंदिर का निर्माण कार्य तीन चरणों में कराने का निर्णय लिया गया है। इसमें 137.34 करोड़ रुपये की लागत से पुनौराधाम स्थित पुराने मंदिर का उन्नयन कार्य, 728 करोड़ रुपये खर्च करके पर्यटन संबंधित आधारभूत संरचना का विकास तथा 10 वर्ष तक इसके रख-रखाव पर 16.62 करोड़ रुपये के खर्च का प्रावधान किया गया है।

### मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना की शुरुआत

राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना की शुरुआत की है। इसके अंतर्गत युवाओं को उन्नत कौशल, बेहतर रोजगार क्षमता, नेतृत्व विकास, सशक्त नेटवर्किंग और करियर संवर्धन के नए अवसर प्रदान किए जाएंगे। अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने कहा कि यह योजना युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में कार्य अनुभव प्राप्त करने में सहायक होगी। इसका लाभ 18 से 28 वर्ष की आयु के युवा ले सकेंगे। इस योजना के अंतर्गत प्रथम वर्ष 2025-26 में 5 हजार लाभार्थी के अलावा वित्तीय वर्ष 2026-27 से 20230-31 तक पांच वर्ष में एक लाख युवाओं को इससे लाभ देने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना के तहत 12वीं पास, आईटीआई एवं डिप्लोमा पास छात्रों को मासिक इंटर्नशिप की रशि दी जाएगी। कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षित एवं 12वीं पास को प्रति महीने 4 हजार रुपये,



आईटीआई एवं डिप्लोमा पास को 5 हजार रुपये और स्नातक एवं स्नातकोत्तर वालों को 6 हजार रुपये प्रति महीने इंटर्नशिप राशि मिलेगी।

### कलाकारों को मिलेगा पेंशन का लाभ

कैबिनेट ने मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना की स्वीकृति दी है। इसके अंतर्गत राज्य के वरिष्ठ एवं आजीविका संकट से जुझ रहे उत्कृष्ट कलाकारों को प्रत्येक महीने 3 हजार रुपये की पेंशन दी जाएगी। इसे मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना नाम दिया गया है। इसका लाभ उन्हीं कलाकारों को मिलेगा, जिनकी आयु 50 वर्ष या इससे अधिक और सालाना आय 1.20 लाख से अधिक नहीं हो। संबंधित कलाकार को चाक्षुस कला में 10 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। इसके अतिरिक्त राज्य के दुर्लभ एवं विलुप्त कलाओं, लोक कलाओं, नाट्य, वाद्य यंत्र, पेंटिंग समेत अन्य के समुचित संरक्षण के लिए मुख्यमंत्री गुरु-शिष्य परंपरा योजना शुरू की गई है।

### औद्योगिक क्षेत्रों को किया जाएगा विकसित

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य में औद्योगिक गतिविधि को बढ़ावा देने के लिए एफएआर (फ्लोर एरिया रेशियो) में बदलाव किया गया है। इसमें बियाडा के अंतर्गत एकल कारखानों के लिए औसत भूमि हानि 41.8 प्रतिशत से घटकर 30.9 प्रतिशत, गैर-प्रदूषित उद्योगों के लिए अधिकतम एफएआर 1.5 से बढ़ाकर 2.0 और फ्लैटेड फैक्ट्री के लिए पार्किंग क्षेत्र को घटाकर 30 फीसदी से 14 फीसदी हो जाएगी। इसके अलावा गैर-प्रदूषित उग्योगों के लिए हॉस्टल और डोरमेटरी के निर्माण का प्रावधान किया गया है।

### पंचायती राज प्रतिनिधि को मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष का लाभ

कैबिनेट के एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय के बाद राज्य के त्रिस्तरीय पंचायती राज जन प्रतिनिधि मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष के जरिए इलाज करवा सकेंगे। इसके अनुसार, कैंसर से पीड़ित जनप्रतिनिधि उन्हें 80 हजार से 1.30 लाख रुपये शल्य चिकित्सा के लिए मिलेगी। हृदय रोगियों को 60 हजार से 1.80 लाख रुपये दी जाएगी। यह विभिन्न तरह की हृदय रोग के इलाज के लिए दिया जाएगा। इसी तरह मस्तिष्क की सर्जरी के लिए अधिकतम (शेष पृष्ठ 10 पर)

## मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना से युवाओं को मिलेगी नयी उड़ान : संतोष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने सात निश्चय-2 के तहत राज्य के युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री-प्रतिज्ञा योजना के क्रियान्वयन की स्वीकृति दे दी है। यह योजना युवाओं को उन्नत कौशल विकास, बेहतर रोजगार क्षमता, नेतृत्व निर्माण, नेटवर्किंग और करियर संवर्धन के नए अवसर प्रदान करेगी। कैबिनेट से मिली स्वीकृति के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए इस योजना के प्रथम चरण हेतु 40.6924 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक प्रति वर्ष ?129.0147 करोड़ की दर से कुल 685.7659 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को तकनीकी एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण, उद्यमिता विकास, करियर काउंसलिंग और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं के लिए तैयार किया जाएगा। योजना को लेकर श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कहा कि यह योजना राज्य के युवाओं को न केवल रोजगार दिलाने का माध्यम बनेगी बल्कि उन्हें राष्ट्रीय विकास में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने के लिए भी प्रेरित करेगी। मंत्री ने बताया कि यह योजना सात निश्चय-2 के अंतर्गत युवाओं को उन्नत कौशल, कार्यस्थल तत्परता, नेतृत्व विकास, नेटवर्किंग और करियर संवर्धन के व्यापक अवसर प्रदान करेगी। युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण, प्रायोगिक अनुभव, और सरकारी व औद्योगिक क्षेत्रों में रोजगार की तैयारी के साथ ही करियर मार्गदर्शन की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। श्री सिंह ने कहा कि इस योजना के माध्यम से बिहार में ज्ञान का प्रभावी हस्तांतरण होगा जिससे युवा सार्वजनिक सेवा में भागीदारी और उद्यमशीलता में भी अपनी भूमिका मजबूत करेंगे। यह पहल राज्य सरकार की दूरदर्शी और नवाचारी सोच को दर्शाती है, जो बिहार के युवाओं को सशक्त और सक्षम नागरिक के रूप में विकसित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। वहीं, विभाग के सचिव दीपक आनन्द (शेष पृष्ठ 10 पर)

## जदयू कार्यालय में पीएम मोदी के साथ लगी सीएम नीतीश कुमार की तस्वीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले जदयू ने एक बड़ा सियासी संदेश दिया है। पार्टी के पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की एक साथ तस्वीर लगाई गई है। पहले वहां सिर्फ नीतीश कुमार की तस्वीर नजर आती थी। जदयू का यह कदम बिहार की राजनीति में संभावित नई दिशा की ओर इशारा कर रहा है। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की साझा तस्वीर लगाए जाने की खबर ने बिहार की राजनीति में नया मोड़ ला दिया है। अब इसको लेकर महागठबंधन के द्वारा सवाल उठाए जाने लगे हैं। जदयू कार्यालय में लगाए गए पोस्टरों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ पीएम मोदी की तस्वीर के साथ नारा लिखा है, महिलाओं की जय जयकार, फिर से एनडीए सरकार। पोस्टरों पर लिखे नारे में लिखा है- 'महिलाओं को मिला रोजगार- नीतीश और मोदी की सरकार,' 'रोजगार का मतलब-नीतीश और मोदी की सरकार।' इसके साथ ही लिखा है- 'बिहार में लगे उद्योग-धंधे-नीतीश मोदी की सरकार।' इस तरह का पोस्टर सामने आने के बाद यह कहा जाने लगा है कि 2025 के विधानसभा चुनाव से पहले एनडीए की एकजुटता और रणनीति का स्पष्ट संदेश देता है। गौरतलब है कि नीतीश कुमार का भाजपा के साथ रिश्ता दो दशकों से बना रहा है, हालांकि बीच में वे करीब तीन साल महागठबंधन (राजद और कांग्रेस के साथ) का हिस्सा भी रहे। लेकिन यह पहली बार है कि जदयू के पार्टी कार्यालय में पीएम मोदी की तस्वीरों को सार्वजनिक रूप से और पूरे प्रचारात्मक अंदाज़ में जगह दी गई है। उधर राजद इसे जदयू के 'भाजपा में विलय' का सबूत बता रही है। राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा है कि अभी जदयू कार्यालय में पीएम की तस्वीर लगी है। फिर वहां भाजपा का झंडा और आरएसएस का शाखा लगेगा। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव लंबे समय से कह रहे हैं कि जदयू का भाजपा में विलय हो चुका है। वहीं, जदयू प्रवक्ता अभिषेक झा ने राजद के इस बयान पर कहा कि एनडीए का कुनबा देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में है और बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार (शेष पृष्ठ 10 पर)

## मोदी कैबिनेट ने प्रोत्साहन योजना व नई खेल नीति पर लगायी मुहर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश में रोजगार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय कैबिनेट ने 1.07 लाख करोड़ रुपये के एम्प्लॉयमेंट लिंक्ड इन्सेंटिव (ईएलआई) स्कीम को मंजूरी दे दी है। यह योजना खासतौर पर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर फोकस करेगी। सरकार का मानना है कि इन योजनाओं से देश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मजबूती मिलेगी और शोध को भी बढ़ावा मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस योजना के दो हिस्से होंगे। पहला हिस्सा उन लोगों के लिए होगा जो पहली बार रोजगार शुरू कर रहे हैं। वहीं दूसरा



हिस्सा लगातार रोजगार देने वाली कंपनियों को समर्थन देने के लिए होगा। इसके अलावा सरकार ने 1 लाख करोड़ रुपये के रिसर्च डेवलपमेंट और इनोवेशन स्कीम, राष्ट्रीय खेल नीति 2025 और परमकुडी-रामनाथपुरम नेशनल हाईवे के चार लेन बनाने के लिए 1,853 करोड़ रुपये की मंजूरी भी दी है। सरकार ने मंगलवार को रोजगार सृजन, कौशल बढ़ाने और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत 1.07 लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिसका विशेष फोकस निर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) क्षेत्र पर रहेगा। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। इस योजना का उद्देश्य दो वर्षों में देश में 3.5 करोड़ से अधिक नए रोजगार के अवसर सृजित करना है। इसके साथ ही, योजना (शेष पृष्ठ 10 पर)

बिहार-झारखण्ड का अपना हिन्दी अखबार

गौरवपूर्ण 36 वर्ष

NBT नवबिहार टाइम्स

नवबिहार टाइम्स के 36 वें स्थापना दिवस पर

सम्मान-सह सांस्कृतिक समारोह

तिथि एवं समयः 6 जुलाई 2025 (रविवार), संध्या 6.30 बजे से

स्थान-नगर भवन, औरंगाबाद

आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

संपर्क सूत्र : 7295863300, 6206165107

विनीतः डॉ. कमल किशोर
संपादक-प्रकाशक



# केमिकल फैक्ट्री की जांच करने तेलंगाना जाएगी बिहार सरकार की टीम : संतोष सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में हुए विस्फोट में बिहार के दो श्रमिकों की मौत और 16 श्रमिकों के घायल होने के मामले को बिहार सरकार ने गंभीरता से लिया है। बिहार सरकार द्वारा गठित एक जांच दल को जल्द ही तेलंगाना के लिए रवाना किया जाएगा। यह जांच दल उस केमिकल फैक्ट्री की जांच करेगा जहां हुए विस्फोट में बिहार के दो श्रमिकों की मौत हुई है। बिहार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने मंगलवार को आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह पहला मौका है जब किसी राज्य की फैक्ट्री में हुई दुर्घटना में बिहारी श्रमिकों की मौत के बाद बिहार सरकार की जांच टीम मौके पर



जाकर घटना की जांच करेगी। इस जांच टीम में विशेषज्ञों को शामिल किया जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि हम जांच में यह सुनिश्चित करेंगे कि इस दुर्घटना में फैक्ट्री द्वारा कोई बड़ी लापरवाही तो नहीं की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर फैक्ट्री के स्तर पर कोई बड़ी लापरवाही पायी जाती है तो इस मामले में तेलंगाना सरकार के साथ-साथ केंद्र सरकार से भी बात की जाएगी। इस संवाददाता सम्मेलन में श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद भी मौजूद थे। श्रम संसाधन मंत्री संतोष सिंह ने कहा कि इस तरह की दुर्घटना की बाद बिहार सरकार पहली बार अपनी टीम को घटना की जांच के लिए देश के किसी अन्य राज्य में भेज रही है।

## तेलंगाना में मृत श्रमिकों के परिजनों को सरकार देगी 4-4 लाख मुआवजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने बताया कि तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में हुए भीषण धमाके में बिहार के दो मजदूरों की मौत हुई है और 16 अन्य घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस घटना की जांच के लिए बिहार सरकार की ओर से तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। यह पहली बार है जब बिहार सरकार किसी अन्य राज्य की फैक्ट्री दुर्घटना की जांच के लिए टीम भेज रही है। संतोष कुमार सिंह ने कहा कि मृत श्रमिकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये का मुआवजा और घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख रुपये दिए जाने की घोषणा की गई है। मालूम हो कि में केमिकल फैक्ट्री में हुए भीषण धमाके में अब तक कई लोगों की मौत हो चुकी है। हादसा 30 जून की सुबह करीब 8:15 बजे पाशमिलारम इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित सिगाची इंडस्ट्रीज की रिएक्टर यूनिट में हुआ। उस समय फैक्ट्री में 100 से ज्यादा मजदूर मौजूद थे। धमाका इतना भीषण था कि कई मजदूर 100 मीटर दूर जाकर घायल अवस्था में गिरे मिले। संतोष कुमार सिंह ने इस दौरान मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना की भी जानकारी देते हुए बताया कि बिहार ऐसा पहला राज्य है जहां इंटर्नशिप के लिए युवाओं को प्रतिमाह आर्थिक सहायता दी जा रही है। इस वर्ष 18 से 28 वर्ष आयु वर्ग के 5000 युवाओं को इंटर्नशिप के लिए सहायता दी जाएगी। अगले वर्ष से यह संख्या बढ़ाकर 20,000 युवा प्रति वर्ष कर दी जाएगी जिन्हें 4,000 से 6,000 रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे।

# सहकारिता मंत्री ने केंद्र से की चावल आपूर्ति की तिथि बढ़ाने और दरों के पुनर्निर्धारण की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** बिहार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने मंगलवार को दिल्ली में उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में चावल आपूर्ति की अंतिम तिथि को 30 सितंबर 2025 तक बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष राज्य में धान अधिप्राप्ति में 21% की वृद्धि हुई है, लेकिन चावल आपूर्ति की अंतिम तिथि 15 जून तय कर दिए जाने के कारण अब तक केवल 22.06 लाख मीट्रिक टन (83%) चावल की ही आपूर्ति हो सकी है। भंडारण क्षमता सीमित होने के कारण आपूर्ति प्रक्रिया बाधित हुई है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर तिथि नहीं बढ़ाई गई तो पैक्स और व्यापार मंडलों को करीब 1500 करोड़ रुपये के व्यापारिक नुकसान और वित्तीय संकट का सामना करना पड़ सकता है। राज्य के 493 प्रखंडों में स्थित समितियों और व्यापार मंडलों के डिफॉल्टर घोषित होने की आशंका जताते हुए डॉ. कुमार ने कहा कि इससे राज्य का पूरा सहकारी तंत्र ठप हो सकता है। इसके साथ ही उन्होंने अधिप्राप्ति प्रक्रिया में लागू दरों के पुनर्निधारण की मांग भी दोहराई। वर्तमान में 2012-13 की दरें लागू हैं–जैसे कि अरवा चावल की मिलिंग दर 10 रुपये प्रति क्विंटल, उसना चावल की 20 रुपये प्रति क्विंटल, सोसायटी कमीशन 31.25 रुपये, परिवहन दर 38.51 रुपये और कस्टडी चार्ज 4.80 रुपये प्रति क्विंटल। दरों में पुनरीक्षण नहीं होने से समितियों पर वित्तीय दबाव बढ़ता जा रहा है और कई निजी मिलें निर्धारित दर पर कार्य करने से इनकार कर रही हैं जिससे अधिप्राप्ति प्रभावित हो रही है। डॉ. कुमार ने बताया कि इससे पहले 22 जून को पटना में भी उन्होंने प्रल्हाद जोशी से मुलाकात की थी और पत्राचार के जरिए लगातार केंद्र सरकार का ध्यान इस ओर खींचते रहे हैं।

## वरिष्ठ आइएएस अधिकारियों का तबादला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने प्रशासनिक कई वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का तबादला किया है। साथ ही कुछ को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। विभिन्न विभागों के प्रभार में बदलाव किए गए हैं। चंद्रशेखर सिंह जो वर्तमान में पटना प्रमंडल के आयुक्त हैं, उन्हें आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। चन्द्रशेखर सिंह 2010 बैच के अधिकारी हैं। मिहिर कुमार सिंह को पथ निर्माण विभाग से हटाकर उद्योग विभाग का अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। इसके अलावा वे परिवहन विभाग के अपर मुख्य सचिव का भी अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे। वहीं, लोकेश कुमार सिंह जो वर्तमान में ग्रामीण विकास विभाग के सचिव हैं, उन्हें स्वास्थ्य विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। लोकेश कुमार सिंह 2003 बैच के अधिकारी हैं और उनके पास पर्यटन विभाग व सामान्य प्रशासन विभाग में जांच आयुक्त का प्रभार भी है। संदीप कुमार आर. पुडकलकट्टी को पथ निर्माण विभाग का सचिव बनाया गया है। वे पहले परिवहन विभाग के सचिव थे। साथ ही वे सामान्य प्रशासन विभाग में जांच आयुक्त के प्रभार में पूर्ववत बने रहेंगे। संदीप कुमार 2006 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

## पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ने की उच्चस्तरीय बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की गयी। बैठक के दौरान पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे। बैठक में संरक्षा, सुरक्षा, ट्रेनों के समय पालन पर विस्तृत रुप से चर्चा की गयी। महाप्रबंधक ने समपार फाटकों पर लगने वाले जाम से निपटने के लिए मंडल रेल प्रबंधक एवं मुख्य सुरक्षा आयुक्त को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान मंडल रेल प्रबंधक द्वारा उठाये गये बिंदुओं पर भी गहन चर्चा की गयी। बैठक के दौरान मानसून के दौरान उठाये जाने वाले आवश्यक सावधानियों पर भी चर्चा की गयी। इसके साथ ही प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक द्वारा नन-पीआरएस इन्कम बढ़ाने हेतु उठाए जाने वाले कदमों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

# विशाल सिंह होंगे बिस्कोमान के नए अध्यक्ष

### रांची हाईकोर्ट के फैसले से राजद विधान पार्षद सुनील सिंह को बड़ा झटका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/रांची।** बिस्कोमान के नए अध्यक्ष के पद पर विशाल सिंह की ताजपोशी का रास्ता साफ हो गया है। रांची हाईकोर्ट ने मंगलवार को इस मामले में अहम सुनवाई करते हुए चुनाव की वैद्यता को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। हाईकोर्ट ने चुनाव के नतीजे के ऐलान पर लगी रोक हटाने का आदेश दिया है। इसके बाद अब विशाल सिंह के बिस्कोमान के नए अध्यक्ष बनने का रास्ता साफ हो गया है। वहीं हाईकोर्ट के इस फैसले से राजद विधान पार्षद सुनील सिंह को बड़ा झटका लगा है। वे निवर्तमान अध्यक्ष थे और इस बार उनकी पत्नी वंदना सिंह अध्यक्ष का चुनाव लड़ रही थी। दरअसल, बिस्कोमान चुनाव में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर पिछले महीने वोटिंग हुई थी। मतदान पटना स्थित कलेक्ट्रेट में शांतिपूर्ण तरीके से किया गया। 20 सदस्यों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इनमें 17 निर्वाचित और तीन मनोनीत सदस्यों ने भाग लिया। बिस्कोमान अध्यक्ष पद के लिए वंदना सिंह और विशाल सिंह मैदान में थे। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए महेश राय और विनय कुमार उम्मीदवार रहे। हालांकि मतदान के बाद मतगणना पर रोक लगा दी गई थी। इसका कारण रांची हाई कोर्ट का फैसला था। तब डॉ. सुनील सिंह के वकील का कहना था कि झारखंड हाई कोर्ट ने चुनाव प्रक्रिया पर तुरंत प्रभाव से रोक लगा दी है। हालांकि अब हाई कोर्ट के फैसले के बाद यह तय हो गया है कि विशाल सिंह अगले अध्यक्ष के रूप में काबिज होंगे। विशाल सिंह, बिस्कोमान के संस्थापक तपेश्वर सिंह के पोते हैं। वे भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड के अध्यक्ष और 35 साल के युवा हैं। दो साल पहले ही निर्विरोध एनसीसीएफ के अध्यक्ष चुने गए थे। एनसीसीएफ के आखिरी बिहारी अध्यक्ष विशाल सिंह के पिता स्व. अजित सिंह थे जो 1996 तक अध्यक्ष थे। उनकी मां मीणा सिंह आरा संसदीय सीट से लोकसभा सांसद रही हैं। विशाल अपने परिवार की तीसरी पीढ़ी है जो बिस्कोमान के अध्यक्ष होंगे। राजद विधान पार्षद सुनील सिंह ने बिस्कोमान के अध्यक्ष के रूप में करीब 21 साल काम किया। वे पिछले 21 साल से लगातार इस पद पर बने रहे। इस बार उन्हें सियासी तौर पर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

## बालक चन्द्रकुमार की मुनि दीक्षा ने जनमानस को किया विभोर

### पंचकल्याणक महोत्सव के दूसरे दिन उमड़ा श्रद्धा का सागर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के तहत श्री 1008 चन्द्रप्रभु पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ के पावन आयोजन का दूसरा दिन श्रद्धा, भक्ति और अध्यात्म की भावधारा से सराबोर रहा। कमेटी के मानद सचिव पराग जैन ने बताया कि मंगलवार को आषाढ़ शुक्ल षष्ठी के शुभ दिन श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र खाजेकलां की पावन धरा पर विविध आध्यात्मिक अनुष्ठानों ने समस्त जनमानस को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। सम्पूर्ण धार्मिक क्रियायें रायपुर से पधारे प्रतिष्ठाचार्य डॉ अजित शास्त्री एवं अम्बा मुरैना से पधारे पंडित मुकेश शास्त्री के निर्देशन में सम्पन्न हो रहे हैं। सुबह साढ़े पांच बजे श्री जिनेंद्रदेव का अभिषेक, महाशांतिधारा एवं गर्भकल्याणक विधिपूर्वक सम्पन्न हुआ।

## उद्योग विभाग स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने के लिए करेगा हर सहयोग : नीतीश मिश्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने बिहार में स्टार्टअप्स से नवाचार कार्यों की सराहना की और बिहार को विश्व के सबसे बड़े स्टार्टअप हब के तौर पर स्थापित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उद्योग विभाग स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए निरंतर हर तरह से सहयोग करेगा। विकसित भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए बिहार की उद्यमिता तंत्र को बढ़ान जरूरी है। उद्योग मंत्री मंगलवार को 'स्टार्टअप स्पार्क 2.0' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। विकास भवन सचिवालय स्थित उद्योग विभाग के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से बिहार में स्थापित स्टार्ट अप के नवाचार उत्पादों का प्रदर्शन किया गया जो बाजार में प्रवेश के लिए तैयार हैं।

'स्टार्टअप स्पार्क 2.0' बिहार के आगामी स्टार्टअप्स के लिए एक महत्वपूर्ण लॉन्चपैड साबित होगा जो उन्हें निवेशकों, मेंटर्स और उद्योग के नेताओं से मिलने और अपने विचारों का विस्तार करने का अवसर प्रदान करेगा। यह पहल बिहार स्टार्टअप नीति 2022 के अनुरूप है जो स्टार्टअप को मूल पूंजी, सहकार्य स्थल और मार्ग दर्शन प्रदान करके राज्य में एक सशक्त एवं समृद्ध उद्यमिता तंत्र स्थापित करने में अहम काम करती है। बीएसएफसी और आईआईटी पटना के इन्क्यूबेशन सेंटर के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्टार्टअप को एक मंच प्रदान करना था। इससे वे आपस में जुड़ सके और विचार विमर्श कर सकें। कार्यक्रम में पांच स्टार्टअप ने अपने उत्पाद प्रस्तुत किए। इनमें 'भोजपट्टा एग्रीप्रेन्योर प्रा. लि. (नितीश कुमार) - शून्य कार्बन उत्सर्जन ड्रायर', क्रेडिटबकेट टेक्नोलॉजीज प्रा. लि. (सौरव सुमन) - पेमेंट साउंडबॉक्स टूल्स', हाइप्रो टेक प्रा. लि. (अभिषेक कुमार) - सर्विलांस ड्रोन', 'एआर ऑनलाइन सर्विस प्रा. लि. (अमन रंजन) - वर्चुअल फैशन ऐप' और कंसेप्ट ऑफ सुपर फूड्स एलएलपी (श्रवण कुमार) - मखाना आधारित खाद्य उत्पाद' शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान स्टार्ट-अप इंडिया सीड फंड योजना के तहत लाभान्वित उद्यमियों और 'स्पार्क 2.0' में निवेश के विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप चेक प्रदान किए गए। इस अवसर पर उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह, निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता, हस्तशिल्प और रेशम निदेशक निखिल धनराज निप्पणीकर, तकनीकी विकास निदेशक शेखर आनंद और आईआईटी पटना के आईसी प्रभारी प्रोफ़ेसर डॉ. सुधीर कुमार समेत अन्य उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री गन्ना विकास कार्यक्रम से राज्य की कृषि और औद्योगिक विकास को मिलेगी गति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कृषि रोड मैप अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री गन्ना विकास कार्यक्रम का कुल 49 करोड़ रुपये की लागत से ईख विकास योजना को क्रियान्वित किया जाएगा। बिहार सरकार ने गन्ना किसानों की आमदनी बढ़ाने और चीनी उद्योग को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। गन्ना राज्य की एक महत्वपूर्ण नगदी और औद्योगिक फसल है जिससे राज्य के लाखों कुशल एवं अकुशल मजदूर और किसान प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। इस योजना का उद्देश्य गन्ने की उपज और उत्पादकता को बढ़ाना, साथ ही चीनी की रिकवरी दर में सुधार लाना है जिससे राज्य के चीनी उद्योग को मजबूती मिल सके। इस योजना के तहत 2025-26 में गन्ने की कुल 16 प्रभेदों का चयन किया गया है जिनमें सीओ-0238, सीओ-0118, सीओ-98014, सीओ-9301, सीओपी-112, सीओपी-16437 (राजेन्द्र गन्ना-1), सीओएलके-94184, सीओएलके-12207, सीओएलके-12209, बीओ-153, सीओ-15023, सीओएलके-14201, सीओएस-13235, सीओएलके-15466, सीओएलके-16466 तथा सीओएलके-16470 प्रमुख हैं। केवल इन्हीं प्रभेदों पर किसानों को लाभ दिया जाएगा जिससे उच्च गुणवत्ता वाले बीजों का प्रयोग बढ़ेगा और बीज प्रतिस्थापन दर में भी सुधार होगा। इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ईख विकस के द्वारा चीनी मिलों के सहयोग से कराया जाएगा।

# रोटरी क्लब ऑफ पाटलिपुत्र नेक्स्टजेन ने डॉक्टर दिवस पर मानव सेवा का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ पाटलिपुत्र नेक्स्टजेन, अध्यक्ष आयुष अग्रवाल और सचिव अंकित गुप्ता के नेतृत्व में, डॉ. प्रभात मेमोरियल हीरामती अस्पताल के सहयोग से डॉक्टर दिवस और चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस के अवसर पर एक भव्य और सराहनीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन समाज सेवा, चिकित्सा क्षेत्र में योगदान देने वाले चिकित्सकों और देश की अर्थव्यवस्था को दिशा देने वाले सीए पेशेवरों को समर्पित रहा। कार्यक्रम की शुरुआत डॉक्टर दिवस के उपलक्ष्य में समर्पित चिकित्सकों को सम्मानित करके की गई जो निःस्वार्थ सेवा और संवेदनशीलता के साथ जनकल्याण में लगे हुए हैं। एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित कर उनके योगदान को सराहा गया। समाज सेवा की दिशा में एक ठोस पहल करते हुए, क्लब ने अपना घर एनजीओ के सहयोग से 20 वंचित मरीजों के लिए निःशुल्क ओपीडी परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई। इस चिकित्सा शिविर का उद्देश्य जरूरतमंदों को गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना था, जो रोटरी की 'सेवा से आत्म-उन्नति' की भावना को दर्शाता है। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष आयुष अग्रवाल ने कहा हम डॉक्टरों और डॉ. प्रभात मेमोरियल हीरामती अस्पताल की समर्पित टीम के आभारी हैं जिनके सहयोग से यह आयोजन सफल रहा। रोटरी सदैव समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने के अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहेगा। कार्यक्रम के दूसरे भाग में सीए दिवस मनाया गया जिसमें देश की वित्तीय स्थिरता, पारदर्शिता और विकास में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की भूमिका को सम्मानपूर्वक रेखांकित किया गया। यह आयोजन न केवल एक कृतज्ञता प्रदर्शन था, बल्कि समाज से गहरे जुड़ाव और सहभागिता का प्रतीक भी रहा जो रोटरी के मूल सिद्धांतों–सेवा, नेतृत्व, ईमानदारी, सद्भावना और विविधता को सजीव करता है।

## हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर में 01, 03 एवं 04 जुलाई को आयोजित की जाने वाली क्षेत्रीय हिंदी प्रतियोगिताओं प्रारंभ हुआ। इसी क्रम में आज हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता के लिए पूर्व मध्य रेल के सभी विभागों/मंडलों/कारखानों को पूर्व में ही सूचित किया गया था। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों/ मंडलों/ कारखानों के कर्मियों ने भाग लिया। हिंदी निबंध प्रतियोगिता हेतु 02 विषय पूर्व में ही निश्चित किए गए थे। प्रतिभागियों को अपनी इच्छानुसार प्रतियोगिता में किसी एक विषय पर लिखना था। इस प्रतियोगिता में कुल 6 पुरस्कार हैं : प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना के 3. प्रथम पुरस्कार पाने वाले प्रतियोगियों को रेलवे बोर्ड द्वारा अखिल रेल स्तर पर आयोजत प्रतियोगिताओं में पूर्व मध्य रेल की ओर से भेजा जाएगा।

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मनाई अब्दुल कय्यूम अंसारी की जयंती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने अपने मुख्यालय सदाकत आश्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व मंत्री और महान स्वतंत्रता सेनानी अब्दुल कय्यूम अंसारी की 121वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई। इस अवसर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने अब्दुल कय्यूम अंसारी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे उच्च कोटि के स्वतंत्रता सेनानी थे। राजेश राम ने उन्हें गरीबों का सच्चा मसीहा बताते हुए कहा कि मंत्री के रूप में उन्होंने स्वास्थ्य विभाग में रहते हुए गरीबों के बेहतर इलाज के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू कीं जिनसे असंख्य लोगों को लाभ मिला। इसके साथ ही उन्होंने राज्य के बुनकरों के उत्थान और विकास के लिए भी कई क्रांतिकारी कार्यक्रम चलाए जिससे इस वर्ग के लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त होने का अवसर मिला। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष के रूप में उनके कार्यकाल को याद करते हुए राजेश राम ने कहा कि उस दौरान कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि था और उनके मार्गदर्शन में पार्टी ने नई ऊंचाइयों को छुआ। कार्यक्रम की शुरुआत अंसारी साहब के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपनी पुष्पांजलि अर्पित की। स्व. अंसारी साहेब को पुष्पांजलि अर्पित करनेवालों में पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, पूर्व विधायक नरेन्द्र कुमार, मोती लाल शर्मा, जमाल अहमद भल्लू, नागेन्द्र कुमार विकल, शकीलुर रहमान, स्नेहाशीष वर्धन पांडेय, सौरभ कुमार सिन्हा, उमैर खान, शिशिर कौंडिल्य, अश्विनी कुमार, बैद्यनाथ शर्मा, नीरज कुमार, भूषण सिंह, उदय चन्द्र झा, अमजद अली आदि प्रमुख हैं।

# डॉक्टर्स डे पर दंत शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** डॉक्टर्स डे के अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम ने एक प्रेरणादायक और बहुआयामी कार्यक्रम का आयोजन कर सेवा, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में समाज को एक नई दिशा देने का संदेश दिया। यह कार्यक्रम बालक मध्य विद्यालय, अदालतगंज (मिल्लर स्कूल के निकट), पटना में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉक्टर्स डे के महत्व को रेखांकित करते हुए हुई जिसमें समाज के प्रति समर्पित चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले डॉक्टरों को मंच पर सम्मानित कर उनके निःस्वार्थ सेवाभाव को सराहा गया। इस मौके पर निःशुल्क दंत चिकित्सा जांच शिविर (डेंटल चेकअप कैंप) का आयोजन भी किया गया जिसमें सैकड़ों स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया और लाभ प्राप्त किया। शिविर का उद्देश्य न केवल स्वास्थ्य जांच, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना भी था। क्लब द्वारा कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण सामाजिक घोषणा की गई कुछ स्थानीय सरकारी विद्यालयों को गोद लेने की योजना, जिसके तहत उन स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जाएगा। रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम के अध्यक्ष रो. डॉ. अमिताभ बंका ने इस अवसर पर कहा कि 'डॉक्टर्स डे उन नायकों को सम्मानित करने का दिन है जो दिन-रात मानवता की सेवा में लगे रहते हैं।

## बलराज कपूर चुने गये पाटलिपुत्र इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पाटलिपुत्र इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के नये कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चयन एवं गठन संपन्न हुआ। चुनाव में सर्वसम्मति से बलराज कपूर को अध्यक्ष चुना गया एवं घोषित किया गया। अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष सुनील गुपता, महासचिव निखिल कुमार जायसवाल, कोषाध्यक्ष - फिरोज हुसैन।कार्यकारिणी सदस्य (कुल 13): एस.पी. शर्मा, राजेन्द्र प्रसाद, अमन कुमार, विक्रम कुमार, अरूण उपाध्याय, अरविंद सिंह, नीरज कुमार, आलोक आनन्द, सी. पी. सिंह, रितेश चंद्रा सहित अन्य। सलाहकार मंडलः विनोद कुमार अधिवक्ता, पटना उच्च न्यायालय, आयुक्त कुमार सिंह (सेवानिवृत्त), पटना उच्च न्यायालय। इस अवसर पर नवगठित टीम ने औद्योगिक क्षेत्र पटलीपुत्र के सदस्यों की कई महत्वपूर्ण समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने की बात कही, जिनमें प्रमुख हैं- औद्योगिक क्षेत्र में सड़क, नाली एवं जलनिकासी की अत्यंत दयनीय स्थिति जिससे वर्षा के मौसम में गंभीर जलजमाव हो जाता है।

# भारतीय स्टेट बैंक ने उत्साह के साथ मनाया बैंक दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** भारतीय स्टेट बैंक, पटना मंडल में भारतीय स्टेट बैंक के 70वें स्थापना दिवस का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया। पूरे दिन भर चले विभिन्न कार्यक्रमों में भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक, पटना मंडल के. वि. बंगारराजु ने स्टाफ सदस्यों को बैंक दिवस की प्रतिज्ञा दिलवाई और संयुक्त रूप से केक काटकर बैंक दिवस समारोह का उद्घाटन किया। श्री बंगारराजु ने बैंक की बड़ी संख्या में उपस्थित स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय स्टेट बैंक को देश के सबसे बड़े बैंक होने का गौरव प्राप्त है। श्री बंगारराजु ने आगे कहा कि ग्राहक बैंक के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अतः ग्राहक सेवा को उत्कृष्ट बनाना हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए तथा उन्होंने अपने संबोधन में स्टाफ सदस्यों से भारतीय स्टेट बैंक की समृद्ध परंपरा को आगे ले जाने की अपील की। कार्यक्रम आयोजन के क्रम में महिला स्टाफ सदस्यों के बीच रंगोली प्रतियोगिता तथा मंडल स्तरीय निबंध प्रतियोगिता एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसके अतिरिक्त आयोजन के क्रम में भारतीय स्टेट बैंक के सामाजिक सेवा दायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय प्रधान कार्यालय, पटना के प्रांगण में बिहार के आशा दीप रिहैबिलिटेशन सेंटर को स्मार्ट बोर्ड तथा उमंग बाल विकास को बैटरी, इन्वर्टर तथा एयर कूलर का दान कर सम्मानित किया गया। बैंक दिवस उत्सव का समापन पटना के ज्ञान भवन सभागार में सांस्कृतिक संध्या के साथ हुआ जिसमें स्टेट बैंक स्टाफ सदस्यों ने गीत, नृत्य, काव्यपाठ, लघु नाटक आदि की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया।

# जीविका और आईसीडीएस के बीच ऐतिहासिक एमओयू साइन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के 1 लाख 15 हजार 9 आंगनबाड़ी केन्द्रों में नामांकित 3 से 6 वर्ष के लगभग 52 लाख बच्चों को प्रतिवर्ष अब दो सेट पोशाक मिलेगा। जीविका दीदियों के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों को पोशाक मुहैया कराने के लिए दो विभागों के बीच मंगलवार को ऐतिहासिक समझौता हुआ। पटना के होटल मौर्या में बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति एवं समेकित बाल विकास सेवा, समाज कल्याण विभाग के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुआ। जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा और समेकित बाल विकास सेवा के निदेशक अमित कुमार पाण्डेय के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किया गया। इस मौके पर ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि राज्य के सभी 534 ब्लॉक के पुराने भवनों में 100 मशीन का सेंटर खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2006 से लेकर अबतक राज्य में 20 लाख जीविका की दीदियां लखपति दीदी बन चुकी हैं। उनकी आमदनी में इजाफा हुआ है। अभी राज्य में 48 हजार 232 महिलाओं के पास अपनी सिलाई मशीन है जबकि 92 हजार 608 सिलाई मशीनों पर महिलाएं काम कर रही हैं। वहीं, समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने कहा कि हमें उस दिन का इंतजार है जिस दिन जीविका दीदियां एक लाख मीटर से अधिक कपड़ों का इस्तेमाल करेंगी और बच्चों के लिए पोशाक बनाएंगी। उन्होंने कहा कि एक लाख से अधिक सेविका और सहायिका की साड़ी के लिए हम जीविका दीदियों को लगाएंगे। इसके साथ ही एक बड़ा सुधार हुआ है कि अब सेंटर पर खिचड़ी की जगह मेन्यू के मुताबिक अलग-अलग भोजन मिलता है। मुझे उस दिन का इंतजार है, जिस दिन जीविका दीदियों के हाथ से सिले पोशाक पहनकर बच्चे आंगनबाड़ी केन्द्रों पर जाएंगे। वहीं, समाज कल्याण विभाग की सचिव बंदना प्रेयषी ने कहा कि पहले विभाग की ओर से बच्चों को पोशाक के लिए 250 रुपये दिए जाते थे, इसे बढ़ाकर 400 रुपये किया गया। इसके बावजूद बच्चों लाभ नहीं पाता था इसलिए तय किया कि अब इन्हें जीविका दीदियां पोशाक सीलकर देंगी। सरकार के इस फैसले से आंगनबाड़ी केन्द्र का लुक बदल जाएगा। अब बच्चों को समर और विंटर सेट कपड़े मिलेंगे। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। वहीं, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों के लिए पोशाक सिलाई का काम जीविका दीदियां करेंगी तो उनका आर्थिक सशक्तीकरण होगा। 200 करोड़ से अधिक का टर्नओवर होगा। यही नहीं, उन्हें अगर किसी तरह की राशि की कमी होगी तो जीविका दीदियों के बैंक से भी ऋण ले सकती हैं। इससे डोर स्टेप रोजगार मिलने लगेगा। इस कार्यक्रम में जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा, समेकित बाल विकास सेवा के निदेशक अमित कुमार पाण्डेय, जीविका की अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी अभिलाषा कुमारी शर्मा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# आरपीएफ ने सामान बरामद कर यात्री को लौटाया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि सुरक्षा नियंत्रण कक्ष डीडीयू से प्राप्त सूचना के अनुपालन में गाड़ी संख्या 13305 अप के डिहरी ऑन-सोन स्टेशन पर आगमन उपरांत गाड़ी को अटेंड कर शिकायतकर्ता पवन कुमार, पिता मुद्रिका मिस्त्री, साकिन कोसुम्हार, थाना-फतेहपुर, जिला-गया (बिहार) मोबाइल संख्या 7979728515 के बताए अनुसार सहायक उप निरीक्षक हरेराम कुमार द्वारा कोच से यात्री के छूटे हुए पिट्ठू बैग को बरामद किया जिसमें तीन अदद कीपैड छोटा मोबाइल, 07 अदद बैटरी का चार्जर व 07 अदद बैटरी पाया गया जिसकी सूचना शिकायतकर्ता को दी गई। आज 01.07.25 को उक्त शिकायतकर्ता पोस्ट पर उपस्थित हुए तथा अपनी पहचान बताते हुए उपरोक्त बैग व सामान की पहचान कर अपना होना बताए। बाद में उचित पहचान एवं सत्यापन के बाद उपरोक्त बरामद सामान सही सलामत सुपुर्दगी नामा तैयार कर व फोटोग्राफी करते हुए उन्हें सुपुर्द किया गया।

## कुमार ऋत्विक पुनः बने डिहरी नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व में रह चुके डिहरी नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी कुमार ऋत्विक पुनः बने डिहरी डालमियानगर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार में कुल 126 नगर परिषद व नगर निगम के पदाधिकारियों का तबादला हुआ।

# सेविकाओं व आशा के साथ बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ी गोला (रोहतास)।** बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रोहतास जिला के अकोढी गोला प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी रवि रंजन और सीडीपीओ प्रियंबदा कुमारी की गरिमामयी उपस्थिति में प्रखंड क्षेत्र के सभी आशा और सेविकाओं के साथ बैठक आयोजित की गई जिसमें 'गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम' को सफलता पूर्ण करने में बूथ लेवल ऑफिसर को जो फॉर्मेट दी गई हैं, उसे भरने में बीएलओ और मतदाता के बीच समन्वय बनाकर फॉर्मेट भरने में मदद करने हेतु



बिन्दुओं पर चर्चा की गई। सेविका इशरत जहां, शकुंतला कुमारी, रेखा कुमारी, मीना गुप्ता, इंद्रा गुप्ता, कुमारी मीरा, शगुफ्ता, आशिया परवीन, जूही कुमारी, संगीता देवी, क्रांति देवी, मंजू देवी, धनबाद देवी, रीता देवी सहित अनेकों की उपस्थिति रही।

# वृद्ध महिला की मौत, घटनास्थल पहुंची पुलिस

## पुलिस ने मामले में ग्रामीणों से की मौत के बारे में पूछताछ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** थाना क्षेत्र के केवढी गांव में मंगलवार को घर में एक 70 वर्षीय महिला की मौत हो गई। महिला घर में अकेले रहती थी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले में आसपास के लोगों से पूछताछ की। मृतका मनतोरा देवी स्व. शिवपूजन शर्मा की पत्नी थी। ग्रामीणों का कहना है कि महिला को मात्र लड़की थी। लड़की के शादी हो जाने के बाद महिला अपने घर में अकेले रहती थी। सुबह पता चला कि वृद्ध महिला की मौत हो गई है। इसकी जानकारी कुदरा थाना को दी गई। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि महिला के मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही इसकी जानकारी मिल पाएगी।

# आरपीएफ ने ट्रेन की चपेट में आकर घायल व्यक्ति को पहुंचाया अस्पताल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि ड्यूटी में तैनात सहायक उप निरीक्षक शोभनाथ राम को सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति डीएफसीसी लाइन के किमी संख्या 04/37 - 39 के बीच रेल लाइन के दक्षिण दिशा में घायल अवस्था में पड़ा है। प्राप्त सूचना पर उक्त सहायक उप निरीक्षक मौके पर पहुंचने पर पाए कि एक व्यक्ति उम्र लगभग 18 वर्ष घायल अवस्था में लाइन के किनारे झाड़ियां में पड़ा है जिसे ग्रामीणों के सहयोग से उठाकर अस्पताल में इलाज हेतु ले जाने के लिए रेल लाइन



से बाहर ला रहे थे कि इस क्रम में एक व्यक्ति ने बताया कि यह मेरा दोस्त अंकुश है जिसके पिता का नाम गुड्डू सिंह, निवासी मथुरापुर, थाना डालमिया नगर, जिला-रोहतास (बिहार) बताया और बताया कि मेरा दोस्त रेल लाइन पार कर रहा था कि तभी ट्रेन आ गई और लाइन पार करने की जल्दबाजी में झाड़ियां में गिर पड़ा। बाद में ग्रामीणों के सहयोग से उक्त घायल व्यक्ति को उसके दोस्त के कहने पर प्राइवेट अस्पताल में इलाज हेतु टेंपो के माध्यम से ले जाया गया जहां डॉक्टर के द्वारा बताया गया कि हल्की-फुल्की खरोच आई है ज्यादा चोट नहीं लगा है। सूचना प्राप्ति पर घायल व्यक्ति के माता-पिता अस्पताल में उपस्थित हुए और बताए कि उनके बेटे का दिमाग की दवा बनारस से चल रहा है। आज सुबह अपने भाई से झगड़ा करके घर से निकल गया था। घायल व्यक्ति की स्थिति सामान्य है। अस्पताल में घायल व्यक्ति की देखरेख के लिए उसके माता-पिता उपस्थित हैं।

# सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर कोष संग्रह हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी अनुमंडल प्रशासन द्वारा आयोजित सशस्त्र सेना झंडा दिवस के मौके पर कोष संग्रह हेतु एक शाम शहीदों के नाम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन इंजीनियर ललन सिंह स्पोर्टिंग क्लब में सोमवार की संध्या में आयोजित की गई। पटना से आये कलाकारों द्वारा प्रस्तुत देश भक्ति नगमों ने उपस्थित श्रोताओं को देशभक्ति से ओतप्रोत कर झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत अनुमंडल पदाधिकारी निलेश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी अजीत कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी विमलेश कुमार अवर निर्वाची पदाधिकारी संतोष कुमार गृह विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी तथा लोजपा रा प्रदेश महासचिव राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात उद्घोषक शशि सिन्हा के द्वारा आए आगंतुकों का स्वागत कर कार्यक्रम का आगाज किया गया। आकाशवाणी, दूरदर्शन एवं अन्य जगहों से आये चर्चित कलाकारों में ब्रजेश कुमार, साधना झा एवं आकांक्षा ने देशभक्ति गीतों की जो शमा बांधी लोग झूम उठे।




ए मेरे वतन के लोगों तुम आंख में भर लो पानी जो शहीद हुए हैं उनको जरा याद करो कुर्बानी, सारे जहां से अच्छा हिदुस्तान हमारा, हम जिएंगे और मरेंगे ए वतन तेरे लिए, जहां डाल डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा वो भारत देश है मेरा, चिड्डी आई है वतन से चिड्डी आई है आदि देशभक्ति नगमे ने लोगों को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। कलाकारों के रंग में श्रोता भी रंग गए। वहीं अंकुश श्रीवास्तव के द्वारा प्रस्तुत भावनृत्य लोगों झूमने पर मजबूर कर दिया। मंच संचालन कर रहे शशि सिन्हा के हास्य एवं व्यंग ने श्रोताओं को हंसने एव गम्भीर होने दोनों के लिए मजबूर किया। कार्यक्रम के अंत में एसडीएम ने सशस्त्र झंडा दिवस के मौके पर जिले एवं अनुमंडलों में इस कार्यक्रम के आयोजन के उद्देश्य को बताया एवं देश के विभिन्न सीमाओं पर सरहद की रक्षा में शहीद जवानों के परिवारों को इस कार्यक्रम के आयोजन से अर्जित आय के माध्यम से आर्थिक सहयोग देने की बातें कही। उपस्थित कलाकारों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए तमाम दर्शकों को धन्यवाद दिया। आगत अथितियों का स्वागत सोनू सिंह ने अंग वस्त्र तथा बुके देकर किया। इस मौके पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि गुड्डू चन्द्रवंशी, अभिनव कला संगम के नंदन गुप्ता, संजय सिंह बालाजी, जीवन प्रकाश, संतोष कुमार सिंह, अरूण शर्मा सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# केमिकल्स फैक्ट्री में घायल व्यक्ति को लेकर डीएम से मिले भीम आर्मी नेता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी रोहतास का प्रतिनिधिमंडल पूर्व जिलाध्यक्ष अमित पासवान के नेतृत्व में काराकाट थाना के अमरथा गांव का दौरा किया। उन्होंने बताया कि बीते दिनों अमरथा के रहने वाले 4 युवक जो तेलंगाना के सांगारेड्डी जिला के सिगाची केमिकल्स फैक्ट्री में कार्य करते थे अचानक फैक्ट्री में ब्लास्ट के बाद गंभीर रूप से काराकाट थाना के अमरथा निवासी डब्लू पासवान घायल हो गए एवं गांव के ही अन्य 3 दिलीप गोसाई , नागा पासवान, दीपक पासवान अबतक लापता है। अमित पासवान ने कहा कि जैसे ही सूचना मिला मैंने रोहतास जिलाधिकारी उदिता सिंह से बात कर मदद को आग्रह किया। उन्होंने त्वरित एक्शन लेते हुए बिहार भवन दिल्ली में श्रम विभाग के पदाधिकारियों



के माध्यम से वार्ता कर तेलंगाना के सांगारेड्डी डीएम से संपर्क स्थापित कर रोहतास के लापता एवं घायलों मजदूरों का जानकारी प्राप्त कर सहयोग करने को कहा है। अमित पासवान ने कहा कि हमारी टीम पीड़ित परिवार के साथ हर तरह से खड़ी है, लेकिन आखिर हमारे बिहारी मजदूर कब तक बाहर पलायन करेंगे अन्य प्रदेशों में उन्हें बिहारी कहकर प्रताड़ित होना या दुर्घटना में मौत होना आम बात सी हो गई है। केंद्र और राज्य में एनडीए सरकार बड़े-बड़े वादे करती है कि बिहार में उद्योग कारखाने स्थापित करेंगे, लेकिन यह सिर्फ चुनावी जुमला रह जाता है। मौके पर आजाद समाज पार्टी प्रभारी जावेद इकबाल, काराकाट प्रखंड प्रमुख नारायण पासवान, उज्ज्वल पटेल, छोटू खान, अमित सम्राट, गोलू पासवान, राहुल पासवान, अभय पासवान, जितेंद्र कुमार, अतहर हुसैन, सिकंदर पासवान मौजूद थे।

## अरमान खान जन सुराज पार्टी में शामिल

**सासाराम(नबिटा सं)।** पूर्व सासाराम विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी अनवार खान के पुत्र अरमान खान जन सुराज पार्टी में शामिल हुए। जैसे-जैसे बिहार विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहा है, वहीं प्रत्याशी अपने जमीनी स्तर को मजबूत करने के लिए पार्टी ज्वॉइन करते नजर आ रहे हैं।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**ई–निविदा नोटिस सं0–डी.डी.यू /ईएल /जी /ई०–निविदा /25–26 /10, दिनांक: 28.06.2025**

मंडल रेल प्रबन्धक/विद्युत/जी/डी.डी.यू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध हैं, निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन (ई... निविदा) आमंत्रित की जाती हैं।

**क्र. सं : 01, कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम : सं०. डी.डी.यू / ईएल / जी / पी / 2025–26 / 05, विषय** – डीडीयू मंडल के अन्तर्गत वरी सेक्शन ए०सी० के अधीन पूरे मंडल के रनिंग रूम के सं० 555, 556 एवं 17 (पुराने एवं नये), 1102 डीडीयू, भभुआ, सासाराम, डेहरी एवं गया में 284 अदद् एयरकंडीशनर की व्यवस्था करने एवं साथ साथ पाँच वर्ष हेतु अनुरक्षण करने के संबंध में।, **कार्य करने की कुल लागत** : रु० 623357.54, **निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समय** : 22.07.2025, 15:00 Hrs., **ई–निविदा वेबसाईट का विवरण : www.ireps.gov.in**

**सहायक मंडल विद्युत अभियंता (सा०).**
कृते वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा०). पू.म.रे., डी. डी. यू
पीआर/0507/डीडीयू/जीएस/टी/25–26/36


# वरिष्ठ नागरिकों की रेल किराया छूट जल्द बहाल करे सरकार : एलौन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** राज्य सरकार द्वारा वृद्धजन, विधवा व दिव्यांग की पेंशन राशि को चार सौ से बढ़ाकर ग्यारह सौ रुपया प्रतिमाह करने पर नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन ने मंगलवार को पुलिसलाइन के पास एक हॉल में विजय सभा आयोजित कर सरकार एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार जताया तथा केंद्र सरकार द्वारा रेल किराया में की गई वृद्धि का विरोध करते हुए वरिष्ठ नागरिकों का बन्द की गई छूट को फिर से बहाल करने की मांग किया गया। संघ के राष्ट्रीय महासचिव रामायण पांडेय एलौन ने वृद्धापेंशन बढ़ाने पर खुशी जताते हुए कहा कि इसके लिए कई सालों से आंदोलन किया जा रहा था परिणामस्वरूप यह सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की बन्द की गई रेल किराया छूट को फिर से बहाल कराना तथा आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना में सभी उम्र के बुजुर्गों को शामिल कराना अब हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए केंद्र सरकार के साथ सभी



आवश्यक प्रयास कर रहे हैं। वही सीनियर सिटीजन एक्ट का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित के लिए राज्य सरकारों के साथ सम्पर्क में हैं। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए भभुआ विधायक भरत बिन्द ने बुजुर्गों का हरसम्भव सहयोग करने की बात कही। अध्यक्षता सचितानंद सिंह व संचालन सतेन्द्र नारायण सिंह ने किया। वही सतेंद्र नारायण सिंह को जिला कार्यवाहक महासचिव बनाया गया। मौके पर सत्यनारायण स्वामी, अयोध्या सिंह, आरपी एलौन, सच्चिदानंद सिंह, शिवमूरत सिंह, बबन सिंह, रंगबहादुर पांडेय, हरीनाथ राम, अशोक श्रीवास्तव, सुनिल तिवारी, कमलानंद सिन्हा, बिरजू पटेल, सुग्रीव प्रसाद सिंह, अर्जुन सिंह, ददन द्विवेदी, रंगीलाल गुप्ता, हरिशंकर तिवारी, सन्तन सिंह, ओमप्रकाश पांडेय, ददन यादव, श्री प्रकाश सिंह, पशुपतिनाथ, कृष्णावती कुंवर, साक्षी रजनी, मुखिया कुंवर, चन्द्रावती कुंवर, कैलाशी कुंवर, मनिया देवी सहित अन्य उपस्थित थे।


**पूर्व मध्य रेल**

**वेण्डर इम्पैनेलमेंट के लिए सूचना**

**सं: H/ST/28/Vendor Empanelment/ Gaya/2025, दिनांक : 26.06.2025**

निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, चिकित्सा विभाग/गया द्वारा Online e-tender on IREPS पर पूर्ण अपेक्षित आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

**कार्य का नाम** : अनुमण्डल रेलवे अस्पताल / गया द्वारा दवाओं, सर्जिकल आइटम ,लैब आइटम और उपभोग वस्तुओं की आपूर्ति दो वर्ष अर्थात 730 दिनों के लिए मेडिकल दुकानों आपूर्तिकर्ताओं/वेंडरों/डिस्ट्रीब्यूटर से खुदरा स्थानीय खरीद के तहत Empanelment करने के लिए। **काम का कार्य क्षेत्र :– 1.** अनुमण्डल रेलवे अस्पताल/गया के सक्षम प्राधिकारी द्वारा मांग पत्र में औषधि, सर्जिकल आइटम, लैब आइटम और उपभोग वस्तुओं की आपूर्ति, दिन– प्रतिदिन की जरुरत के आधार पर। **2.** पात्रता, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, पूर्व मध्य रेल, गया के मानदंडों और अन्य विवरण वेबसाईट (**www.ecr.indianrailways.gov.in**) पर उपलब्ध है। उपरोक्त मानदंडों को पूरा करने वाले इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं/विक्रेताओं/फर्म को भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, पूर्व मध्य रेल/गया द्वारा online e tender on IREPS पर आवेदन करना होगा।

**मुख्य चिकित्सा अधीक्षक,**
**अनुमण्डल रेलवे अस्पताल, पू.म.रेल, गया**
पीआर/0506/डीडीयू/चि./एन/25–26/36



**बिहार सरकार**

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई.ए.एस. संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना–800014

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**विज्ञापन संख्या–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)–2025/06 दिनांक– 01.07.2025**

**BCECE-2025 के परीक्षाफल से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

1. बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (बी०सी०ई०सी०ई०)–2025 में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों/ सम्बन्धित संस्थानों तथा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 08.06.2025 एवं 09.06.2025 को आयोजित बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (BCECE)-2025 के पात्रता–प्राप्त अभ्यर्थियों का Rank Card बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध करा दिया गया है।

2. अभ्यर्थी पर्षद के उक्त Website पर जाकर "Rank Card of BCECE -2025" Link पर Click करें। तत्पश्चात् एक नया Page प्रदर्शित होगा जिसमें विभिन्न पाठ्यक्रम समूहों का Rank Card Download करने हेतु अलग–अलग निम्नलिखित link

- View / Download **Rank Card of Agriculture** [CBA/MBA/MCA/PCA] Group
- View / Download **Joint Rank Card of BCECE** [PCM/PCB] Group
- View / Download **Rank Card of BCECE** [PCM/PCB] Group प्रदर्शित होगा।

अभ्यर्थी अपने पाठ्यक्रम समूह के link पर click करने के बाद अपना Roll No. एवं जन्म तिथि डालकर अपना Rank Card Download कर प्राप्त कर लें।

3. **Online कॉउन्सेलिंग कार्यक्रम की सूचना यथासमय प्रकाशित की जायेगी ।**

**परीक्षा नियंत्रक**


# भगवान जगन्नाथ की शोभयात्रा निकाली गयी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** संगत से बाजार होते हुए भव्य जुलूस और नाच-गान के साथ भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा चेनारी बाजार होते हुए थाना चौक कर्पूरी चौक होते हुए पूरे नगर पंचायत में भ्रमण की गई। हजारों की संख्या में जगन्नाथ भगवान की रथ यात्रा में लोग शामिल हुए और बांके बिहारी के नारे के साथ झूमते रहे। हर साल की भांति इस साल भी जगन्नाथ भगवान की



यात्रा में दूर दराज से लोग शामिल हुए और भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा को सफल बनाए।


**D.A.V PUBLIC SCHOOL**
**Danibigha, Aurangabad**

**TENDER NOTICE** **Dated:-02/07/2025**

Sealed quotations are invited from registered parties through Registered post/by hand for Installation of Kota Stone in the Classrooms. For specifications and other details please visit the school Website https://davdanibigha.com/ or scan the QR code.

Or the Notice Board in the school campus.

| | |
|---|---|
| Name of the Work | Installation of Kota Stone in the Classrooms |
| Date of Tender Notification | 02/07/2025 |
| Last Date/Time for receipt of Bids | 10/07/2025 |
| Name and address of Official who inviting Tender | Headmistress DAV Public School, Danibigha, Aurangabad (Bihar)- 824101 |
| Contact Number | 9608862226 |

**Mrs. Alpana Mishra** Headmistress | **Mr. S.K. Jha** Manager | **Mr. S.K. Jha** Regional Officer, BR Zone- A & F



**बिहार सरकार**

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना–14

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**विज्ञापन संख्या–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.[LE])–2025/06 दिनांक– 01.07.2025**

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश] – 2025**
**BCECE (LE)–2025 [BLE (Engg.) / BLE (Para Medical) / BLE (Pharmacy) Degree Course]**
**के परीक्षाफल से सम्बन्धी आवश्यक सूचना**

1. बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश) [बी.सी.ई.सी.ई.(एल.ई.)]–2025 के अंतर्गत तीन ग्रुप (i) बी.सी.ई.सी.ई.(एल.ई) [Engg.]-2025, (ii) बी.सी.ई.सी.ई.(एल.ई)[Para Medical]-2025 एवं (iii) बी.सी.ई.सी.ई.(एल.ई) [Pharmacy]-2025 में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों, सम्बन्धित संस्थानों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 09.06.2025 को आयोजित बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश) [बी.सी.ई.सी.ई.(एल.ई.)]–2025 के पात्रता–प्राप्त अभ्यर्थियों का Rank Card बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध करा दिया गया है।

2. **BCECE[LE]-2025 के परीक्षाफल के आधार पर पात्रता–प्राप्त सभी अभ्यर्थी पर्षद के उक्त Website पर जाकर "Rank Card of BCECE (LE)-2025" Link पर Click करने के बाद अपना Roll No. एवं जन्म तिथि डालकर अपना Rank Card Download कर प्राप्त कर लें।**

3. **Online कॉउन्सेलिंग कार्यक्रम की सूचना यथासमय प्रकाशित की जायेगी।**

**परीक्षा नियंत्रक**

# रोटरी क्लब ऑफ नवादा ने चिकित्सकों को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**नवादा।** 1 जुलाई को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस (डॉक्टर डे) के अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ नवादा की ओर से शहर के दर्जनों चिकित्सकों को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। क्लब के नव-निर्वाचित अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में सदस्यों की टोली ने विभिन्न डॉक्टरों के क्लीनिक पहुंचकर उन्हें भगवान के रूप में समाज की सेवा करने वाले योद्धा बताते हुए श्रद्धा और सम्मान अर्पित किया।
सम्मानित किए गए चिकित्सकों में डॉ. के. पी. सिंह, डॉ. ए. के. अरुण, डॉ. सावित्री शर्मा, डॉ. शत्रुघ्न प्रसाद, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. महेश कुमार, डॉ. संजय कुमार, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. पिंकी बरनवाल, डॉ. जीसू श्वेता, डॉ. संबुक समेत अन्य प्रमुख नाम शामिल हैं। सभी को रोटरी क्लब की ओर से मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया।
इस अवसर पर रोटरी क्लब ने कहा कि डॉक्टर न केवल रोगों का इलाज करते हैं, बल्कि वे जीवन रक्षक देवदूत की भूमिका निभाते हैं। लोगों की उम्मीदें उनके समर्पण से जुड़ी होती हैं।
सम्मान समारोह के दौरान डॉ. विमल प्रसाद ने कहा भले ही लोग डॉक्टर को भगवान मानते हैं, लेकिन कुछ लोग इस पेशे को बदनाम करने की कोशिश करते हैं, जो निंदनीय है। वहीं अन्य डॉक्टरों ने रोटरी क्लब द्वारा किए गए सम्मान को प्रेरणास्पद बताया।
डॉ. के. पी. सिंह, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. महेश कुमार, डॉ. शत्रुघ्न प्रसाद समेत अन्य डॉक्टरों ने सम्मान प्राप्त कर खुशी जाहिर की और क्लब के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि कम से कम कोई संस्था तो है जो इस दिन हमें याद करती है और समाज के प्रति हमारी सेवा को मान्यता देती है।
इस अवसर पर रोटेरियन डॉ. आर. पी. साहू ने कहा कि रोटरी क्लब हर वर्ष 1 जुलाई को शहर के चिकित्सकों को सम्मानित करता आ रहा है और यह परंपरा आगे भी जारी रहेगी। कार्यक्रम में रोटेरियन वजीर प्रसाद, नवीन कुमार सिन्हा, पंकज कुमार सिन्हा, नित्यानंद चौरसिया समेत बड़ी संख्या में रोटरी क्लब के सदस्य उपस्थित थे।

# क्लब अध्यक्षा व सचिव ने नए सत्र की मॉडल स्कूल से की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** इनरव्हील क्लब बिहारशरीफ के नए सत्र का शुभारंभ होता है इसी के तहत इस वर्ष के क्लब अध्यक्षा रश्मि रानी एवं सचिव कुमारी रश्मि के नेतृत्व में सदस्यों के सहयोग से पूरा वर्ष की सामाजिक कार्य योजना पर सभी सदस्यों द्वारा कार्य किया जाएगा। सत्र के प्रथम दिन इनरव्हील क्लब बिहारशरीफ के द्वारा कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट किए गए सत्र की शुरुआत आवासीय मॉडल मध्य विद्यालय, भैंसासुर बिहारशरीफ में पौधारोपण कर किया गया। क्लब अध्यक्षा रश्मि रानी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पौधे लगाकर ही जीवन को खुशहाल किया जा सकता है, हर व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाना और संरक्षण कर उसे पेड़ बनाना चाहिए। पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पौधारोपण जरूरी है। क्लब सचिव कुमारी रश्मि और प्रधानाचार्य सुनीता सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज पृथ्वी पर पेड़ पौधे की संख्या न्यूनतम प्रतिशत से भी कम हो गया है, जिसके कारण ग्लोबल वार्मिंग की समस्या आ गई है। पर्यावरण को संतुलित करने के लिए सभी व्यक्ति को जन्मदिन, शादी की सालगिरह, बरसी एवं अन्य कार्यक्रम में कम से कम दो पेड़ जरूर लगाए। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व अध्यक्ष मधु कंचन,मंजू प्रकाश, रूबी सिंहा व सदस्य डॉ ममता कौशांबी, कुमारी रश्मि, कोषाध्यक्ष सुनीता सिंह व अन्य सदस्यों का सहयोग रहा।

# रोटरी क्लब ने डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** रोटरी क्लब ऑफ बिहारशरीफ के नए सत्र 2025-26 के सचिव रोटेरियन मनीष चंद्र और अध्यक्ष रोटेरियन दिनेश केसरिया द्वारा नए सत्र के उपलक्ष में स्थानीय डैफोडिल स्कूल में वृक्षारोपण किया गया। सर्वप्रथम नए अध्यक्ष रोटेरियन दिनेश कुमार केसरिया एवं नए सचिव मनीषचंद्र के द्वारा वृक्षारोपण का कार्य किया गया। स्कूल के बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया. इस अवसर पर तीन नए प्रोजेक्ट का शुभारंभ हुआ जिसका संचालन पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन रंजीत प्रसाद सिंह ने किया आज डॉक्टर डे के अवसर पर क्लब के द्वारा सर्वप्रथम डॉ. मनोज कुमार, डॉ रंजना, डॉ अरुण कुमार, डॉ सुजीत कुमार,डॉक्टर शुभम आनंद एवं डॉ. अमरेंद्र कुमार को शाल पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर इनर व्हील की नई अध्यक्ष एवं डैफोडिल स्कूल के डायरेक्टर रश्मि रानी ने भी सक्रिय सहयोग किया. आज के कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन पूर्व अध्यक्ष एवं डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल के निदेशक रोटेरियन डॉ रविचंद थे। सभी कार्यक्रमों में क्लब के पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन रंजीत प्रसाद सिंह, रोटेरियन राजकुमार जी, रोटेरियन डॉ मनोज कुमार, रोटेरियन संजीव कुमार सिन्हा, एवं रोटेरियन संजीव कुमार बबलू की सक्रिय भागीदारी रही अध्यक्ष एवं सचिव ने बताया कि रोटरी क्लब आफ बिहार शरीफ का समाज सेवा के क्षेत्र मे गौरवशाली इतिहास रहा है इसी क्रम में क्लब जनहित में अनवरत सामाजिक कार्यक्रम चलाएगा।

## ट्रैक्टर से दबकर बालक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के एकंगरसराय प्रखंड अंतर्गत नारायणपुर पंचायत के हैदरपुर गांव में एक हादसे में एक मासूम की जान चली गई। मितराज पासवान का चार वर्षीय पुत्र अमन कुमार अपने घर के पास मुख्य पथ पर खेल रहा था, तभी विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उसे कुचल दिया। घटना स्थल पर ही उसकी मौके पर मौत हो गई।

## बालू लदे ट्रैक्टर ने बाइक में मारी टक्कर राजमिस्त्री की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** ट्रैक्टर और बाइक की सीधी टक्कर में एक की मौत और तीन जख्मी हो गये। घटना सिलाव थाना के नानंद गांव के पास दीपनगर से गिरियक जाने वाले पथ पर हुई। मृतक की पहचान नालंदा थाना के मेहुदीनगर के हृदय रविदास का 40 वर्षीय पुत्र शंकर रविदास के रूप में हुई। घायल राजेश मांझी ने बताया नानंद गांव में मकान निर्माण में काम करने जा रहे थे। मुन्ना मांझी के साथ मैं पहले पहुंचकर राजमिस्त्री शंकर रविदास का इंतजार कर रहे थे। जैसे हीं वे पहुंचे तभी ओभरटेक कर रहे ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दिया। हमलोग भी ट्रैक्टर के झटका से हंडल में फ़ेका गये। हम सभी को स्थानीय लोगों ने पावापुरी अस्पताल पहुंचाया। ग्रामीणों के अनुसार सुबह से हीं बालु की ढुलाई शुरू हो जाती है। इनमें ज्यादातर ड्राइबर नबालिक होते हैं। पुलिस से

# मतदान केंद्रों की संख्या में बढ़ोतरी पर डीएम ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों के तहत 30 जून 2025 को जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में मतदान केंद्रों की प्रस्तावित संख्या वृद्धि को लेकर एक अहम समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इसमें सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और संबंधित पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि आयोग के नए दिशानिर्देशों के अनुसार अब 1200 मतदाताओं पर एक बूथ बनाया जाना है, जबकि पहले यह संख्या 1500 थी। इससे नालंदा जिले में कुल बूथों की संख्या 2391 से बढ़कर 2761 हो जाएगी। 370 नए बूथों का प्रस्ताव है, जिनमें से 357 को पुराने भवन परिसरों में ही रखा गया है। मात्र 13 बूथों के भवन में परिवर्तन प्रस्तावित है, जिससे मतदाताओं को न्यूनतम असुविधा हो। जिलाधिकारी ने बताया कि 2 जुलाई को प्रस्ताव निर्वाचन विभाग को भेजा जाएगा और 18 जुलाई तक आयोग से स्वीकृति प्राप्त कर 1 अगस्त को अंतिम मतदान केंद्र सूची प्रकाशित कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि 6 जुलाई तक आपत्तियां, सुझाव व प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं, जिनकी जांच संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी स्वयं करेंगे। जिलाधिकारी ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि 2003 की मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं या उनके परिजनों को कोई अतिरिक्त दस्तावेज देने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें केवल सूची की स्व-प्रमाणित प्रति अपलोड करनी होगी। यह सूची आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि बीएलओ घर-घर जाकर गणना फॉर्म वितरित कर रहे हैं, जिनके सहयोग के लिए सुपरवाइजर, पंचायत सेवक, टोला सेवक, जीविका दीदी, एनएसएस, एनसीसी समेत विभिन्न स्वयंसेवकों को लगाया गया है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि उनके बीएलए, बीएलओ को अधिकतम सहयोग प्रदान करें, जिससे पुनरीक्षण अभियान को सफलता मिले। इस अवसर पर हरनौत विधायक हरि नारायण सिंह, हिलसा विधायक कृष्ण मुरारी शरण, राजगीर विधायक कौशल कुमार, अस्थावां विधायक प्रतिनिधि विनोद प्रसाद सिंह, नगर आयुक्त, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारीगण, जदयू जिलाध्यक्ष मोहम्मद अरशद, सांसद प्रतिनिधि अजीत कुमार, बीएसपी के उमेश पंडित, भाजपा के राजेश कुमार और इस्लामपुर विधायक प्रतिनिधि योगेश सिंह समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# रोटरी के स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था रोटरी क्लब ऑफ नवादा के द्वारा मंगलवार को सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रोटरी के नव मनोनीत अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में रोटरी क्लब के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें 10 से अधिक रोटरी क्लब और सहयोगियों ने रक्तदान करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के मौके पर पूर्व असिस्टेंट गवर्नर वजीर प्रसाद ने कहा कि रोटरी क्लब एक मजबूत संस्था है। कुछ गलत तरीके के सदस्यों के कारण नवादा में रोटरी क्लब अपने लक्ष्य पर आगे नहीं बढ़ पा रहा था, लेकिन अब 1 जुलाई 2025 से रोटरी क्लब नए जोश के साथ सामाजिक सेवा में आगे बढ़ेगी। इस मौके पर असिस्टेंट गवर्नर नवीन कुमार सिन्हा छवि और पूर्व असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन आरपी साहू ने कहा कि रोटरी क्लब हमेशा से सामाजिक कार्य करती आ रही है। अपने स्थापना काल 2001 से ही रोटरी क्लब सामाजिक कार्यों को प्राथमिकता दी है, ना की व्यक्तिगत कार्यों को। रोटरी क्लब का काम समाज की सेवा है और क्लब से जुड़े सदस्यों को अपने नाम के पीछे नहीं भागना चाहिए। रोटरी एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है, जिससे जुड़ने वाले लोगों की प्रतिष्ठा बढ़ती है।

# मोहर्रम को लेकर पकरीबरावां एवं धमौल थाने में शांति समिति की बैठक

## शांति और सद्भाव के साथ त्योहार मनाने की अपील, डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां (नवादा)।** आगामी मोहर्रम को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर पकरीबरावां और धमौल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्रमशः थानाध्यक्ष रंजीत कुमार (पकरीबरावां) और थानाध्यक्ष हिमांशु पप्पू (धमौल) ने की। पकरीबरावां थाना परिसर में आयोजित बैठक में थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने कहा कि मोहर्रम एक आस्था और अनुशासन का पर्व है। इसे शांति, आपसी भाईचारे और प्रशासनिक दिशा-निर्देशों के तहत मनाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने ताजियादारों से जल्द से जल्द लाइसेंस हेतु आवेदन देने की अपील की और कहा कि लाइसेंस की सभी शर्तों का पालन अनिवार्य होगा।
उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जुलूस के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और अगर किसी असामाजिक तत्व द्वारा माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई तो पूर्व पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में ताजिया जुलूस के मार्ग, समय, पहलाम स्थल, और अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह सजग और मुस्तैद है तथा किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो, इसके लिए ठोस योजना बनाई जा रही है। उन्होंने उपस्थित गणमान्य लोगों से आयोजन को बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी आमंत्रित किए। बैठक में सौहार्दपूर्ण वातावरण में निर्णय लिए गए। बैठक में जिला परिषद प्रतिनिधि पंकज सिंह, राजद के प्रदेश महासचिव सलमान खुर्शीद, अंबेडकर जागृति मंच के अध्यक्ष आसो पासवान, कोषाध्यक्ष लवली टेलर, मुखिया विनय कुमार, मनोज चौरसिया, मुखिया प्रतिनिधि फारुख आजम, मो. जावेद, हाफिज नौशाद, पूर्व उप प्रमुख दिनेश सिंह, लक्ष्मण चौहान, बाल्मीकि मेहता, राजेश कुशवाहा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। धमौल थाना परिसर में आयोजित बैठक में भी थानाध्यक्ष हिमांशु पप्पू ने लोगों से आपसी सद्भाव बनाए रखने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

# शराब विक्रेता और पांच वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रजौली (नवादा)।** रजौली थाना क्षेत्र में सोमवार को पुलिस ने शराब माफिया और फरार वारंटियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें एक शराब विक्रेता और पांच वारंटी शामिल हैं। सभी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार की शाम करीब 4:30 बजे पुरानी बस स्टैंड स्थित खादी भंडार गली में अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी की गई। इस अभियान में एएसआई संजय कुमार, एएसआई सुरेंद्र राम और एएसआई सत्यदेव प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस बल को तैनात किया गया था। छापेमारी के दौरान स्व. कैलाश चौधरी के पुत्र अजय कुमार के घर से 30 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की गई, जो 2.5 लीटर के 12 प्लास्टिक पाउच में रखी गई थी। मौके से अजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके खिलाफ मादक निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। इसके अलावा पुलिस ने छतनी और जोगनी गांव से विभिन्न मामलों में फरार चल रहे पांच वारंटियों को भी गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान रामचंद्र रविदास (पुत्र किशुन रविदास, छतनी गांव), जयराम रविदास, सरजू रविदास (पुत्रगण बालो रविदास, जोगनी गांव), सकल रविदास (पुत्र चांदो रविदास) और कारू रविदास के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी गिरफ्तार आरोपियों को स्वास्थ्य जांच के उपरांत मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# शराब लदे इनोवा के साथ दो होमगार्ड गिरफ्तार, 108 बोतल विदेशी शराब जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रजौली (नवादा)।** उत्पाद विभाग की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई ने शराब तस्करों की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया। सोमवार रात चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर शराब लदी एक इनोवा कार को जब्त करते हुए दो होमगार्ड जवानों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, वाहन में सवार शराब तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। जब्त वाहन से 8 कार्टन में कुल 108 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा 72 लीटर है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि जांच चौकी पर उत्पाद एसआई प्रवीण कुमार के नेतृत्व में चल रहे अभियान के तहत रात करीब 8:30 बजे झारखंड की ओर से आ रही इनोवा कार को रोका गया। कार में दो लोग सवार थे, जिनमें से एक होमगार्ड जवान राहुल कुमार था, जो ड्यूटी खत्म होने के बाद उसी कार से नवादा लौट रहा था। जब कार की तलाशी ली जाने लगी, तो चालक ने वाहन को तेजी से भगाने की कोशिश की और इस दौरान जांच चौकी पर खड़ी एक ट्रॉली को टक्कर मार दी। हालांकि, त्वरित पीछा करते हुए उत्पाद बलों ने कुंडला मोहल्ले से इनोवा कार को जब्त कर लिया। कार की जांच के दौरान तीन बोरियों में भरी 108 बोतल विदेशी शराब पाई गई, जिनमें बी7, रॉयल स्टेज, 8 पीएम, इंपीरियल ब्लू और आइकॉनिक व्हाइट ब्रांड की शराब शामिल है। पूछताछ में होमगार्ड राहुल कुमार ने कबूल किया कि उसका साथी रंजीत कुमार, जो पूर्व में जांच चौकी पर ड्यूटी पर था, ने उसे फोन कर बताया था कि दो दोस्त शराब पीकर जांच चौकी पार करेंगे, और उसे इनोवा कार को सुरक्षित निकालने की जिम्मेदारी दी गई थी। पूछताछ और मोबाइल लोकेशन के आधार पर देर रात रंजीत कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

# एसपी ने इंस्पेक्टर कार्यालय का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** एसपी अभिनव धीमान ने पुलिस निरीक्षक कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने कार्यालय में संधारित विभिन्न पंजियों का अवलोकन किया तथा पुलिस व्यवस्था की गहराई से समीक्षा की।
निरीक्षण के क्रम में पुलिस सर्किल इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार, एसडीपीओ महेश चौधरी एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। एसपी ने साफ तौर पर कहा कि मोहर्रम पर्व और चुनाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन को और सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देशित किया कि क्षेत्र में शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए चौकसी बरती जाए और हर संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि मोहर्रम को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना प्राथमिकता है। इस दौरान जुलूस मार्ग, ताजिया पहलाम और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस की सक्रियता सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए बल को पूरी तरह तैयार रहना होगा। एसपी ने अपराध नियंत्रण और केस अनुसंधान में पारदर्शिता लाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि थानों में लंबित मामलों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और जनता के साथ मित्रवत व्यवहार कायम रखा जाए, ताकि पुलिस के प्रति लोगों में विश्वास बढ़े। अनुसंधान कार्य में लापरवाही बरतने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एसपी ने पुलिस कार्यालय की साफ-सफाई, रिकॉर्ड संधारण एवं अन्य प्रशासनिक कार्यों की भी जांच की। उन्होंने संतोष जताया कि अधिकांश पंजी सुव्यवस्थित हैं, हालांकि कुछ बिंदुओं पर सुधार की आवश्यकता जताई। मौके पर एसपी ने कहा कि मोहर्रम और चुनाव जैसे अवसरों पर छोटी-सी चूक भी बड़ी घटना का रूप ले सकती है, इसलिए सभी अधिकारी एवं जवान पूरी सजगता से कार्य करें। कानून व्यवस्था में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के बाद एसपी ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का फीडबैक भी अधिकारियों से लिया और जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

# श्रीमद्भागवत सप्ताह कथा ज्ञान यज्ञ दो जुलाई से

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड के नारदीगंज पंचायत के दरियापुर गांव में दस दिवसीय श्रीमद्भागवत सप्ताह कथा ज्ञान यज्ञ श्रद्धा भाव व उत्साह के साथ शुरु होगी। यह कार्यक्रम दो जुलाई 2025 से शुरु होगी। जो 11 जुलाई 2025 को हवन पूजा के साथ सम्पन्न हो जाएगी। यज्ञ व कथा को लेकर मंगलवार को श्रद्धालुओं द्वारा तैयारी का अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। कार्यक्रम का आयोजन गांव में स्थित बाबा ठाकुर स्थान में किया जायेगा। यह कार्यक्रम पंडित सुबोध पांडे, सुदीप पांडे, सुमित पांडेय, शालिग्राम पांडेय यज्ञ करा रहे हैं। वही कथावाचक के रुप में पंडित सुबोध पांडेय रहेंगे। मुख्य यजमान में विकास कुमार व कुमकुम देवी अपनी भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामीण जितेन्द्र सिंह, अनिल सिंह, सीताराम सिंह, टुनटुन(संजय सिंह), विपिन सिंह, रौशन कुमार, राजीव कुमार समेत अन्य भागीदारी सुनिश्चित करने में लगे हुए हैं।कहा गया यह परमपरा कई दशकों से चली रही है। बाबा ठाकुर स्थान में पूजा अर्चना करने के बाद बाद ग्रामीण कृषि कार्य में लग जायेंगे।

# मुहर्रम को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** मुहर्रम त्योहार को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को ले जिले के अकबरपुर थाना परिसर में रजौली एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। सदस्यों को संबोधित करते हुए सुमन ने कहा कि अकबरपुर ने पिछले कुछ दिनों में इतिहास कायम किया है। पुराने दाग को धोकर प्रशासन का भरपूर सहयोग किया है यही कारण है कि आज डीएम - एसपी को आना नहीं पड़ता। परंपरा व सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहे, प्रशासन को सहयोग मिलता रहे यही लोगों से गुजारिश है। उन्होंने उपस्थित लोगों से सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश का पालन करने का अनुरोध करते हुए कहा कि डीजे के साथ अस्त्र-शस्त्र पर पूर्णतया रोक रहेगा तथा संध्या छह बजे तक हर हाल जुलूस का समापन कराने में प्रशासन का सहयोग करने का हरसंभव प्रयास किया जाय। थानाध्यक्ष संजीत राम ने अपने संबोधन में कहा कि प्रशासन की पहली प्राथमिकता शांति सद्भाव कायम रखना होता है। यह तभी संभव है जब अवाम का सहयोग प्रशासन को मिलेगा। उन्होंने शांति समिति के उपस्थित सदस्यों से मुहर्रम त्योहार को शांति पूर्ण संपन्न कराने में सहयोग की अपील की।
उपस्थित मो. आलम खान, मो. सोहैल, मो. मेराज खान, मार पंचायत पूर्व पंचायत समिति सदस्य मो. नन्हू आदि ने अधिकारियों को समय के साथ जुलूस संपन्न कराने में हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। मौके पर उपस्थित बलिया बुजुर्ग पैक्स के पूर्व अध्यक्ष राजीव कुमार बावी, पूर्व मुखिया नरेश मालाकार, महेश प्रसाद, पचरुखी पंचायत मुखिया पति ब्रम्हचारी प्रसाद कुशवाहा, पांति पैक्स अध्यक्ष विजय यादव आदि ने उपस्थित अधिकारियों को शांति व सौहार्द कायम रखने में प्रशासन को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

# मना एसबीआई का 70वां स्थापना दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** भारतीय स्टेट बैंक के 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार को स्टेट बैंक पकरीबरावां के कृषि विकास शाखा के अंतर्गत संचालित ग्राहक सेवा केंद्र, डोला (पकरीबरावां) में एक समारोह आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा प्रबंधक चंदन कुमार ने की। इस दौरान उन्होंने बैंक के बयोवृद्ध ग्राहक सिलौर निवासी विदेशी ठाकुर को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। इस पर उपस्थित लोगों ने तालियों से उनका अभिनंदन किया। शाखा प्रबंधक ने उपस्थित ग्राहकों को एसबीआई द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक किया और उनमें भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ये योजनाएं आमजन को सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में सहायक हैं। उन्होंने यह भी बताया कि एसबीआई से ऋण लेने की प्रक्रिया को सरल किया गया है और ग्राहक सेवा केंद्रों के माध्यम से भी ऋण आवेदन किए जा सकते हैं, बशर्ते कि ग्राहक की लिंक ब्रांच वही हो। मौके पर सहायक प्रबंधक संजय कुमार सिन्हा, ऋण पदाधिकारी प्रियांशु कुमार, कैश ऑफिसर रामाकांत सिंह, ग्राहक सेवा केंद्र संचालक धर्मेंद्र कुमार वर्मा सहित कई ग्राहक उपस्थित थे।

# डॉक्टर्स डे पर याद किये गये डा. विधान चंद्र राय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**नारदीगंज(नवादा)।** प्रखंड के पेंशनर भवन में मंगलवार को राष्ट्रीय डाक्टर दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री, महान शिक्षाविद, प्रख्यात चिकित्सक, भारत रत्न से सम्मानित डा.विधान चंद्र राय के जन्म दिवस पर आयोजित की गई। अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की। सचिव श्रीकांत सिंह ने कहा कि डा. विधान चंद्र राय की सेवा मानव की सच्ची सेवा के रूप में प्रसिद्ध है। इसलिए उनके जन्मदिन पर राष्ट्रीय डाक्टर दिवस मनाया जाता है। चिकित्सक को धरती का भगवान कहा जाता है। क्योंकि वे लोग जीवन को बचाते हैं। मगर मरीजों की जिंदगी तभी सुरक्षित रह सकती है, जब उन्हें समय पर चिकित्सक के पास पहुंचाया जाए। विपरीत स्थिति में चिकित्सक को गुस्सा का शिकार होना पड़ जाता है। आज का चिकित्सा क्षेत्र में लापरवाही व अधिक पैसे की कमाई की बात बन गई है। भले पेशेवर के रूप में इलाज हो रहा है। जन भावना का अभाव चिकित्सकों में हो गया है । जन-जन की सेवा करना ही भगवान का असली रूप होगा। कहा गया चिकित्सकों को चाहिए कि डा. विधान चंद्र राय की सेवा को हृदय से लगाये तथा मानवता की सच्ची सेवा देकर उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर रामशरण सिंह, कामता प्रसाद सिंह, नरेश कुमार, यमुना सिंह, विजय रंजन नीरू, समेत अन्य पेंशनरों ने विधान चंद्र राय के जीवनी पर प्रकाश डालें।

# आवासन स्थल की कमी को जल्द दूर करें : डीएम

## पितृपक्ष मेला के सफल आयोजन के उद्देश्य से किये जा रहे तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** इस वर्ष पितृपक्ष मेला 06 सितंबर से प्रारंभ होकर 21 सितंबर 2025 तक आयोजित रखेगा। इस वर्ष पिछले वर्ष के अपेक्षा और अधिक तीर्थयात्रियों की आने की पूरी संभावना है। पितृपक्ष मेला के सफल आयोजन के उद्देश्य से किये जा रहे तैयारियों का समीक्षा जिले डीएम शशांक शुभंकर ने कोषांगवार किया। उन्होंने सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अभी से ही अपने कोषांग में अधीनस्थ पदाधिकारी, अभियंता एवं संबंधित नामित स्वयं सेवी सम्मानित व्यक्तियों के साथ स्थल निरीक्षण करते हुए जो भी कमियां पायी जाती है उसे युद्धस्तर में ठीक करवाये। ताकि मेला अवधि में पितृपक्ष मेला को खुबसूरती में और चार चांद लग जाये। आज मुख्य रूप से मेल क्षेत्र के आवासन कोषांग, जलापूर्ति एवं स्वच्छता कोषांग के कार्यों पर समीक्षा की गई। आवासन कोषांग की समीक्षा के दौरान डीएम ने कहा कि जिस आवासन स्थल में जो कमी है, उसको ठीक करवाये। डीएम ने डीडीओ को निर्देश दिया है कि आवासन स्थल की रंगाई पोताई का कार्य करवाना प्रारम्भ करें जिस आवासन स्थल में बिजली कनेक्शन की आवश्यकता है वहां बिजली कनेक्शन उपलब्ध करवाया जाए। आवासन स्थलों की पूरी निगरानी के लिये जोन बनाते हुए प्रभारी नामित करें। डीएम ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया है कि आवासन स्थल के सेप्टी टैंकों की सफाई कार्य तेजी से करवाये। डीएम ने कहा कि मेला क्षेत्र में पड़ने वाले बड़े-बड़े बीएड कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, आईआईटी आदि के भवनों का निरीक्षण करते हुए यात्रियों के आवासन हेतु आवासन स्थल के रूप में चिन्हित करें, ताकि जरूरत पड़ने पर प्रयोग किया जा सके। पेयजल एवं स्वच्छता कोषांग के समीक्षा के दौरान डीएम ने कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को निर्देश दिया कि सभी आवासन स्थल पर अभी से ही घूम-घूम कर पितृपक्ष मेला में किए जाने वाली व्यवस्थाओं का आकलन कर लें। उन्होंने कहा कि आवासन स्थलों पर पहले से स्थापित टॉयलेट तथा पेयजल की व्यवस्था जो स्थापित है उसे मरम्मत करवाना सुनिश्चित करें। साथ ही कितनी संख्या में अस्थाई टॉयलेट एवं स्नानागार बनाने की आवश्यकता है इसका आकलन कर लें। शहर में विभिन्न स्थानों पर बने पयाउ को पूरी तरह चालू करवाये। वेदी स्थल, घाट, तालाब इत्यादि के समीप बंद चापाकलों को चालू करवाये। उन्होंने उप नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि सभी आवासन स्थल पर पानी निकासी हेतु एक सेपरेट टीम नामित रखें ताकि किसी भी आवासन स्थल में जलजमाव की स्थिति रहने पर उसे तुरंत साफ करवाया जा सके। सभी पार्किंग स्थल पर पर्याप्त टॉयलेट एवं पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करावे। डीएम ने कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को निर्देश दिया है कि रामशिला, प्रेतशिला, गोदावरी तालाबों को विशेष रूप से पानी सफाई व्यवस्था रखें। बताया गया कि देवघाट पर कुल 52 शौचालय नगर निगम के हैं सभी को मरम्मति किया जा रहा है, देवघाट पर चेंजिंग रूम एवं झरना की मरामती पीएचडी विभाग द्वारा की जा रही है। डीएम ने निर्देश दिया है कि सीता कुंड में भी टॉयलेट, पेयजल, चेंजिंग रूम इत्यादि की व्यवस्था का आकलन कर लें। उन्होंने नगर निगम को निर्देश दिया है कि सूर्यकुंड तालाब, बैतरणी तालाब एवं ब्रह्मसत तालाब के पानी को सफाई की व्यवस्था रखें। उन्होंने निर्देश दिया है कि जितने भी सरोवर हैं जहां पिंडदान इत्यादि का कार्य होते हैं उन सभी तालाबों में लगे काई को साफ करवाए ताकि कहीं फिसलने की कोई घटना नहीं हो सके। डीएम ने निर्देश दिया है कि संवाद सदन समिति के अधीनस्थ जितने भी ठहराव स्थल हैं एवं उनके अधीन जो भी स्वामित्व है उन सभी का निरीक्षण करेंगे एवं उन स्थलों में पेयजल टॉयलेट एवं सफाई की व्यवस्था का आकलन करते हुए व्यवस्था सुनिश्चित करवाये।

## ओपीडी चिकित्सक को अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** डॉक्टर्स डे के शुभ अवसर पर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ के द्वारा गया व्यवहार न्यायालय स्थित ओपीडी में पदस्थापित वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सईद अनवर अली को अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम डॉ. अली के चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं एवं समर्पण भाव को सम्मान देने हेतु आयोजित किया गया था। इस अवसर पर भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने कहा कि डॉक्टर्स समाज की सेवा में अपने जीवन का प्रत्येक क्षण समर्पित करते हैं। ऐसे चिकित्सकों का सम्मान करना हम सबका दायित्व है। उन्होंने कहा कि कोविड जैसी वैश्विक महामारी में डॉक्टरों की भूमिका किसी योद्धा से कम नहीं रही है। सम्मान समारोह में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद, सुनील कुमारसिन्हा एस. राजेश आनंद, नागेंद्र प्रसाद शर्मा, सत्येंद्र कुमार सिंह, अंबुज कुमार वर्मा, दुर्गेश कुमार, शिव कुमार एवं महेंद्र प्रसाद सिंह सहित अन्य अधिवक्ताओं ने भी भाग लिया।

## घर से 23 लाख की चोरी, पुलिस कर रही मामले की जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गयाजी)।** प्रखंड क्षेत्र में चोर खुलेआम पुलिस को चुनौती देकर चोरी को अंजाम देने में जुटे हैं। सोमवार की देर रात दखिनगांव में चोरों ने खिड़की का जंगला उखाड़ कर घर में घुसे और कमरे में रखे सोने के जेवर सहित कीमती सामान चुराकर चंपत हो गये। पीड़ित गृहस्वामी सेवानिवृत व्याख्याता प्रो. परमानन्द सिंह ने बताया कि वे पटना गये हुए थे और सोमवार की रात को लगभग नौ बजे घर आये तथा खाना खाकर सो गये। सुबह उठकर देखा तो चोरी की बात पता चली। चोरों ने कमरे में रखे बक्सों को बड़े ही आराम से खंगाला और सभी सोने के जेवर तथा कीमती सामान की चोरी कर ली। जेवरों में पांच सोने का चेन एवं अन्य प्रकार के जेवर थे जिसका मूल्य लगभग 23 लाख से उपर होगा। घर में हम दोनों पति पत्नी ही रहते हैं जो दूसरे कमरे में सोये हुए थे। मेरे छोटे बेटे की शादी पिछले वर्ष हुई थी, बहू एवं बेटे के गहने भी उसी कमरे में रखे थे। चोर जिस कमरे में चोरी कर रहे थे उसे अंदर से बंद कर दिया था तथा बक्सों को नीचे उतारने एवं उसका कब्जा उखाड़ने के लिये कपड़ों से लपेट दिया था। ताकि आवाज बाहर न जा सके और दरवाजे के नीचे भी कपड़ा लगाया था जिससे कमरे की रौशनी बाहर न जा सके। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा ने जाकर चोरी का जायजा लिया। थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा ने बताया कि पीड़ित द्वारा दिये आवेदन के अनुसार मामले की जांच की जा रही है, वहीं सभी प्रकार के उपाय अपनाकर चोरों को पकड़ने का प्रयास भी किया जा रहा है। यह बता दें कि बीते दो दिन पहले ही चोरों ने सिन्हा कॉलोनी में भी दबिश दी थी तथा एक घर के खिड़की का जंगला उखाड़ भी दिया था, रात में चोरों की गतिविधि सीसीटीवी में कैद हुई है जिसमें आधा दर्जन से अधिक चोर गली में घूम - घूमकर घरों में घुसने की फिराक में दिखाई देते हैं जिससे संबंधित आवेदन देकर ग्रामीणों ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार भी लगाई थी। वहीं प्राथमिक विद्यालय वजीरगंज के भी एक खिड़की का जंगला उखाड़कर चोरों द्वारा स्पीकर लेकर चले जाने की जानकारी भी मिली है। इस पैटर्न पर चोरों ने दखिनगांव में बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

## राहुल रंजन कांग्रेस के कोषाध्यक्ष नियुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार के नेतृत्व मे जिला कार्यालय राजेंद्र आश्रम मे जिला कोषाध्यक्ष राहुल रंजन को नियुक्त किया गया। साथ ही साथ राहुल रंजन को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के जिला महासचिव शिवकुमार चौरसिया, राजकपूर गुप्ता, ओंकार शक्ति धर्मेंद्र शर्मा, सेवा दल मगध प्रमंडल संयोजक कैलाश यादव, सम्मी अख्तर खान, नवल किशोर शर्मा, रेवती रमन प्रसाद, राजीव कुमार सिंह, संजय कुमार चंद्रवंशी, ओम प्रकाश निराला, शिवनाथ पासवान, संजय कुमार, जिला कार्यालय प्रभारी कमलेश चंद्रवंशी, कार्यालय सचिव अशोक प्रसाद भारती सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एसएफडी दक्षिण बिहार का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग सफलता पूर्वक संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के पर्यावरण आयाम एसएफडी दक्षिण बिहार का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग सोमवार को गया में सफलता पूर्वक संपन्न हो गया। इस अभ्यास वर्ग में दक्षिण बिहार के 27 जिलों से आए 75 से अधिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ एबीवीपी के क्षेत्रीय संगठन मंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ला के प्रेरक उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रकृति संरक्षण आज की सबसे बड़ी चुनौती है और इसमें युवाओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है जब युवा जागरूक होंगे, तभी धरती का भविष्य सुरक्षित होगा। एसएफडी के राष्ट्रीय प्रमुख राहुल गौड़ ने एसएफडी की कार्यप्रणाली, उद्देश्यों एवं भावी अभियानों पर विस्तृत चर्चा की। राष्ट्रीय संयोजक पायल राय ने पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका के विषय पर विचार साझा करते हुए कहा कि आज का युवा पर्यावरण के लिए सिर्फ सोचता नहीं, बल्कि ठोस कदम भी उठा रहा है। एबीवीपी के प्रांत संगठन मंत्री रौशन कुमार ने अभ्यास वर्ग को पर्यावरण के प्रति युवाओं को जागरूक करने की दिशा में एक सशक्त पहल बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे अभ्यास वर्गों से कार्यकर्ताओं को दिशा मिलती है और वह अपने क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर सकते हैं। प्रांत मंत्री सुमित सिंह ने एसएफडी की गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि दक्षिण बिहार में एसएफडी विभिन्न अभियानों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। इस अभ्यास वर्ग के दौरान एसएफडी दक्षिण बिहार के प्रांत संयोजक सूरज सिंह ने विभिन्न सत्रों का संचालन किया और कार्यकर्ताओं से पर्यावरणीय मुद्दों पर संवाद स्थापित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को स्थानीय समस्याओं के समाधान हेतु अभियान आधारित दृष्टिकोण अपनाने हेतु प्रेरित किया। बताया कि यह कार्यकर्म 28, 29, 30 तक तक चला। 30 को रात्रि 10 बजे यह कार्यकम समाप्त हुआ। कार्यक्रम सीताकुंड के पास एक निजी होटल में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में वृक्ष रोपण का पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर वृक्षारोपण अभियान से संबंधित पोस्टर का विमोचन भी किया गया। साथ ही छात्रों पंख कार्यक्रम की घोषणा की गई जो 5 जुलाई से 1 अगस्त 2025 तक पूरे दक्षिण बिहार में आयोजित किया जाएगा। इस बैठक में प्रांत सह मंत्री मंतोष सुमन, जिला संयोजक धीरज केसरी, सह संयोजक मैक्स कुमार, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पवन मिश्रा, अंकित कुमार, नगर मंत्री ऋतिक रोशन, आयुष, नंदनी, विनायक कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## परीक्षा हॉल में लड़कियों ने बनायी रील, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के फतेहपुर प्रखंड के प्लस टू प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय की छात्राओं का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। स्कूल में टेस्ट परीक्षा चल रही है, लेकिन परीक्षा हॉल में कॉपी-कलम छोड़ कर रील बनाने की होड़ सी मची है। कोई फूहड़ गाने पर पोज दे रही है, तो कोई बेंच पर चढ़ कर डांस मूव दिखा रही है। रील भी ऐसे-वैसे नहीं है। स्कूल छात्राओं की रील इंस्टाग्राम पर 22 लाख से ज्यादा व्यू बटोर चुकी है। टीचर लाख मना कर रहे हैं। नोटिस चस्पा करवा दिए गए। लेकिन, बच्चियां मानने को तैयार नहीं है। स्कूल में मोबाइल लाना मना है। इसके बावजूद हर दिन स्मार्टफोन लेकर परीक्षा हॉल में चली आ रही हैं। टीचर नाराज हैं, लेकिन डर के मारे कुछ कर नहीं पा रहे। सख्ती की कोशिश हुई, तो रील बनाने वाली लड़की के पेरेंट्स स्कूल में आ पहुंचे। पहले प्रिंसिपल से विनती, फिर उल्टी धमकी दे डाली। प्रिंसिपल ने बच्ची को समझाकर मामला निपटाया, रील डिलीट करने को कहा गया। लेकिन, लड़की ने रील डिलीट नहीं की। इसी बीच अगले दिन एक और लड़की की रील वायरल हो गई।

## कांग्रेस पार्टी ने किया नारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के गौहरपुर में कांग्रेस के प्रदेश महिला सचिव सह कोंच पैक्स अध्यक्ष रिया कुमारी के नेतृत्व में नारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान माई बहिन मान योजना के तहत महिलाओं का रजिस्ट्रेशन किया गया। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करना और उन्हें सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया। रिया कुमारी ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। कार्यक्रम में महिलाओं की भीड़ उमड़ी जिससे पता चलता है कि महिलाएं अपने अधिकारों और सरकारी योजनाओं के प्रति कितनी जागरूक हैं। इस तरह के कार्यक्रमों से महिलाओं को सशक्त बनाने में मदद मिलती है।

## मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** सरबहदा थाना अंतर्गत इस्लाम धर्मावलंबियों के शहादत त्याग बलिदान का महत्वपूर्ण त्योहार मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष अक्षय कुमार गुप्ता ने की। बैठक में सरबहदा सरबहडीह मिल्की हरसिंगरा सिमरौका बलुआखंदा खुशहालपुर खुदाई हेमारा साईडीह नियामतपुर दर्जनों गांव के लोग उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष ने लोगों से अपील की जहां-जहां ताजिया सिंपल बनाया जाता है वहां के लोग लाइसेंस बना लें अनुज्ञप्ति में हथियारों की अनुमति नहीं होगी। अपने निर्धारित समय पर रुटचार्ट के अनुसार संयमित रूप से जुलूस निकालें ज्यादा से ज्यादा जिम्मेदार लोग जुलूस पर निगरानी रखें। शांति पूर्वक त्योहार मनाएं। मौके पर नाजिम खान, डॉक्टर सरबर आलम, रामबली यादव, नरेश यादव, फजल आलम, राजीव कुमार, मुस्लिम अंसारी आदि दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## कारगिल शहीद राम पुकार शर्मा का शहादत दिवस मना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी (गया)।** कारगिल युद्ध भारतीय सैनिकों की अदम्य साहस की वीरगाथा है। टिकारी प्रखंड अंतर्गत केसपा पंचायत के कुतलुपुर ग्राम के लांस नायक रामपुकार शर्मा कारगिल युद्ध के दौरान पाकिस्तानियों से लोहा लेते हुए 1 जुलाई 1999 को शहीद हो गए थे। आज शहीद के पैतृक ग्राम में कारगिल अमर शहीद लांस नायक राम पुकार शर्मा की 26वीं शहादत दिवस वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम उनकी आदमकद प्रतिमा को गंगाजल से स्नान कराया गया एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन किया गया। संपूर्ण क्षेत्र भारत माता की जय एवं शहीद राम पुकार शर्मा अमर रहे के नारा से गूंज रहा था। शहीद के बड़े भाई धनंजय शर्मा एवं सच्चिदानंद शर्मा ने नम आंखों से अपने छोटे भाई को श्रद्धांजलि अर्पित किया। उनके उपरांत सभी उपस्थित आगंतुक एवं ग्रामीणों ने अमर शहीद के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित किया। शहीद रामपुकार शर्मा इस क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर राम एकबाल शर्मा, प्रमोद शर्मा, मनीष कुमार, श्रीधर कुमार, वेंकटेश शर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। शहीद के भाई सच्चितानंद शर्मा बार-बार प्रशासन से गया स्थानांतरण की मांग कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन उनकी मांग को अनसुना कर रहा है।

## डीएम ने की पदाधिकारियों के साथ बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के मद्देनजर मंगलवार को जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीएम शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, जीविका, कल्याण सहित अन्य पदाधिकारी के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय पदाधिकारी के साथ बैठक आयोजित की गई। डीएम द्वारा सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत विशेष ग्रहण पुनरीक्षण के तहत गणना प्रपत्र के वितरण एवं संग्रहण का नियमित रूप से अनुश्रवण करने हेतु निर्देशित किया गया। डीएम ने कहा कि विकास मित्र, आंगनवाड़ी सेविका, जीविका दीदी, रोजगार सेवक, एमओ, राशन डीलर, पंचायत सचिव, स्वछता मित्र, टोला सेवक सहित अन्य कर्मियों को अपने क्षेत्र के बीएलओ के साथ टैग करे ताकि तेजी फॉर्म कलेक्ट किया जा सके ।भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा 01.07.2025 की अर्हता तिथि के दृष्टिगत रखते हुए 25 जून 2025 से 26 जुलाई 2025 तक विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित है। किसी भी जानकारी के लिए मतदाता हेल्पलाइन टॉल फ्री नंबर 1950 पर कॉल करें। बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 से जुड़ी मुख्य जानकारी आप सब से साझा किया जा रहा है। बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र देंगे। भरे हुए फॉर्म इकट्ठा करेंगे और दस्तावेजों की जांच करेंगे। दस्तावेजों की डिजिटल एंट्री करेंगे। दिए गए गणना फॉर्म को भरें। जरूरी दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित कॉपी लगाएं। भरे हुए फॉर्म बीएलओ को सौंपें और रसीद प्राप्त करें। इक्विटी ऐप पर जाकर फॉर्म डाउनलोड करें और खुद अपलोड करें। गणना प्रपत्र भरने की अवधिः 25 जून - 26 जुलाई 2025, ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशनः 1 अगस्त 2025,अंतिम मतदाता सूची प्रकाशनः 1 अक्टूबर 2025, 1 जनवरी 2007 से पहले जन्मे व्यक्ति इस अभियान के तहत आवेदन कर सकते हैं। हर योग्य नागरिक अपने नाम का पंजीकरण जरूर कराएं और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं।

## एक नजर

### पुलिस जीप पर हमले का आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी (ग्रामीण)।** थाना क्षेत्र के कठार गांव निवासी एक व्यक्ति को पुलिस जीप पर हमला करने के पुराने मामले में गिरफ्तार किया गया है। शेरघाटी थानाध्यक्ष अजित कुमार ने मंगलवार की शाम 6 बजे जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2020 में कठार गांव के रजनीश कुमार गौतम द्वारा शेरघाटी थाना की पुलिस जीप पर हमला किया गया था। मामले में फरार चल रहे आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कठार गांव में छापेमारी कर आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है और आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### जय मां ज्वेलर्स में लाखों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आमस।** थाना क्षेत्र के चण्डीस्थान स्थित जय मां ज्वेलर्स में सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने दुकान से 72 हजार रुपये नगद, 1 किलो चांदी तथा 200 ग्राम सोना की चोरी कर ली। दुकानदार कुणाल कुमार ने मंगलवार को शाम चार बजे आमस थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन की तरह सोमवार रात भी वे दुकान बंद कर घर चले गए थे। मंगलवार सुबह जब दुकान खोलने पहुंचे तो ताला टूटा हुआ था और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। सूचना मिलते ही आमस थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जल्द ही चोरों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों में चोरी की इस घटना को लेकर दहशत का माहौल है। वहीं, दुकानदारों ने रात्रि गश्ती बढ़ाने की मांग की है।

### समाजसेवी राजेश्वर प्रसाद सिंह का निधन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** प्रखण्ड के तत्कालीन मखपा ग्राम पंचायत वर्तमान में आमाकुआं पंचायत के मुखिया रहे राजेश्वर प्रसाद सिंह का निधन 90 वर्ष की उम्र में हो गया। रकसिया ग्राम निवासी श्री सिंह विगत दस दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे व मगध मेडिकल अस्पताल में इलाजरत थे। सोमवार की देर रात श्री सिंह ने अंतिम सांस ली। श्री सिंह के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार मंगलवार को स्थानीय शमशान घाट पर किया गया। श्री सिंह के निधन पर स्थानीय लोगों ने गहरा दुख प्रकट किया। निधन पर युवक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ रामदास सिंह, अधिवक्ता विजय सिंह, प्रो मुंद्रिका नायक, डॉ शत्रुघ्न दांगी, प्रो चंद्रशेखर सिंह, कमलेश कमल, अजय झा, ईश्वरी सिंह सहित अन्य लोगों ने गहरा दुख प्रकट किया।

### कैरेट में वाहन का चक्का लगने से दुकानदारों ने की मारपीट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** सड़क किनारे लगी फल की दुकान का कैरेट में वाहन का चक्का लग जाने से नाराज दुकानदार ने जदयू के प्रखण्ड महासचिव के साथ बुरी तरह से मारपीट की। मारपीट में सिर में चोट आई है। मामले को लेकर प्रखण्ड महासचिव द्वारा टिकारी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। क्षेत्र के बदमा ग्राम निवासी संतोष कुमार द्वारा की गई शिकायत में कहा गया है कि मंगलवार की सुबह वे अपने परिजनों संग टिकारी से सहवारा जा रहे थे इसी क्रम में महावीर स्थान के समीप सड़क पर रखे फल के कैरेट में वाहन का चक्का लग गया जिसके बाद फल दुकान में मौजूद छोटू व गोलू ने वाहन चालक के साथ बदतमीजी करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में संतोष बुरी तरह घायल हो गये व संतोष के गले से चेन छीन ली व जान मारने की धमकी दी। घटना की सूचना डायल 112 को दी गई जिसके बाद घायल संतोष को अनुमण्डल अस्पताल ले जाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है।

### बिजली पोल गिरने से बढ़ा खतरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती में एक बड़ा खतरा मंडरा रहा है जहां बिजली पोल और 11 हजार वोल्ट की तार गिर गई है। घटना के बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग से तार को दुरुस्त करने की मांग की है। आंती के मंटू यादव, मुन्ना चौधरी सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण यह खतरा बढ़ गया है और अगर जल्द ही तार को दुरुस्त नहीं किया गया तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से मांग की है कि आंती - रफीगंज पथ में पीपल के पास और जमालपुर - आंती पथ में तार को जल्द से जल्द दुरुस्त किया जाए और क्षेत्र को सुरक्षित बनाया जाए। ऐसे मामले पहले भी सामने आ चुके हैं जहां हाईटेंशन तार की चपेट में आने से लोगों की जान जा चुकी है।


झारखण्ड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड,(जुडको लि0)
(झारखण्ड सरकार का उपक्रम)
जुडको भवन, कचहरी चौक, राँची–834001,
फोन न0–0651–2225878
CIN: U45200JH2013SGC001752, E-Mail Id- juidcolimited@gmail.com

NIT No - JUIDCO/ NIT/DPR-PMC/SWM/HC/25/657 Dated:01.07.2025
Tender ID – 2025_UDD_102016_1
PR No - 354878

CORRIGENDUM – 01

All bidders are hereby informed that corrigendum 01 is released for tender of NIT Ref No: - JUIDCO/ NIT/DPR-PMC/SWM/HC/25/657 and Tender ID - 2025_UDD_102016_1 for "Request for Proposal (RFP) for selection of Consultant for providing Consultancy services for Preparation of DPR of Solid Waste Management (SWM) Project and Project Monitoring Consultancy (PMC) at Chattarpur and Hariharganj". The bidders are advised to take in to account the same before submission of their bids against the tender. NOTE: Corrigendum-01 and all other information can be referred from the e-tender site of Govt. of Jharkhand i.e. (http://jharkhandtenders.gov.in)

Sd/-Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd.

PR 356280 (Urban Development and Housing)25-26*D



(कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य विकास प्रभाग),
झारखण्ड, सरकार
जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू

दुधारू पशुपालकों के लिये आम सूचना

वितीय वर्ष 2025–26 में इस जिला के दुधारू पशुपालकों के लिये प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, राँची स्थित **दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण विषयक 06 दिवसीय संस्थागत प्रशिक्षण** हेतु मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के चयनित लाभुकों / डेयरी में दूध आपूर्तिकर्ता सदस्यों / दुधारू मवेशी वितरण के पूर्व सभी लाभुकों एवं अन्य दुधारू पशुपालकों से प्रशिक्षण, प्रसार एवं कौशल विकास योजनान्तर्गत निम्न वर्णित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु कार्यालय कार्य दिवस में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

**(क) प्रशिक्षण कार्यक्रम विवरणी :–**

| क्र.सं. | प्रशिक्षण अवधि | OSP | | | SCSP | | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पुरूष | महिला | कुल | पुरूष | महिला | कुल | |
| 1 | 01.07.2025 से 07.07.2025 तक | 10 | 06 | 16 | 02 | 02 | 04 | |
| 2 | 15.07.2025 से 21.07.2025 तक | 10 | 06 | 16 | 02 | 02 | 04 | |
| 3 | 05.08.2025 से 11.08.2025 तक | 10 | 06 | 16 | 02 | 02 | 04 | |
| 4 | 10.09.2025 से 22.09.2025 तक | 10 | 06 | 16 | 02 | 02 | 04 | |
| 5 | 14.10.2025 से 19.10.2025 तक | 10 | 06 | 16 | 02 | 02 | 04 | |
| 6 | 18.11.2025 से 24.11.2025 तक | 10 | 06 | 16 | 02 | 02 | 04 | |
| 7 | 02.12.2025 से 08.12.2025 तक | 10 | 06 | 16 | 02 | 02 | 04 | |
| 8 | 30.12.2025 से 05.01.2026 तक | 10 | 07 | 17 | 02 | 01 | 03 | |
| 9 | 20.01.2026 से 26.01.2026 तक | 10 | 07 | 17 | 02 | 01 | 03 | |
| 10 | 27.01.2026 से 02.02.2026 तक | 10 | 07 | 17 | 02 | 01 | 03 | |
| 11 | 10.02.2026 से 16.02.2026 तक | 10 | 07 | 17 | 02 | 01 | 03 | |
| कुल योग :– | | 110 | 70 | 180 | 22 | 18 | 40 | |

शर्ते–
(01) प्रशिक्षण के दरम्यान प्रशिक्षणार्थियों के लिये भोजन एवं आवासन की व्यवस्था निःशुल्क होगी
(02) प्रशिक्षण के दरम्यान प्रशिक्षणार्थियों को रू0 100/- प्रतिदिन के दर से दैनिक भत्ता एवं जिला से प्रशिक्षण संस्थान तक के लिए आने–जाने का भाड़ा का भुगतान प्रशिक्षणार्थियों के बैंक खाते में प्रशिक्षण पश्चात प्रशिक्षण संस्थान द्वारा किया जायेगा।
(03) प्रशिक्षणार्थियों को अपने पास आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की मूल प्रति साथ रखना आवश्यक है।
(04) प्रशिक्षणार्थियों को अपने साथ बच्चा को लेकर प्रशिक्षण संस्थान जाना वर्जित है।
(05) योजना से लाभान्वित / चयनित लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण दिया जायेगा।
(06) प्रशिक्षणार्थियों की उम्र 18–55 वर्ष की होनी चाहिए।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,पलामू
PR 356261 (District)25-26*D

संपादकीय

# बिहार ने रचा इतिहास

अमूमन राजनीति, जातिवाद और भ्रष्टाचार को छोड़कर बाकी मामलों में फिसड्डी समझे जाने वाले बिहार द्वारा एक संदर्भ में इतिहास रचना अपने आप में सुखद है। यहां स्थानीय निकाय चुनावों में राज्य चुनाव आयोग ने पहली बार मोबाइल फोन के जरिए वोटिंग का सफल प्रयोग किया, जिसे काफी उत्साह से लिया गया। इसे देश में ई-वोटिंग का आगाज माना जा रहा है। हालांकि मतदाताओं के सामने पारंपरिक तरीके से मतदान का विकल्प भी मौजूद था। इस पहल को राज्य चुनाव आयोग द्वारा तकनीक के सहारे लोकतंत्र को अधिक सुलभ और समावेशी बनाने की दिशा में उठाया गया कद माना जा रहा है। इसमें पूर्वी चंपारण की बिभा कुमारी मोबाइल से वोट डालने वाली देश की पहली मतदाता बनीं। इस उपलब्धि को राज्य चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा करते हुए इसे 'सुविधा, सुरक्षा और सशक्त भागीदारी का प्रतीक' बताया। राज्य चुनाव आयुक्त दीपक प्रसाद के अनुसार मोबाइल आधारित ई-वोटिंग के लिए पात्र मतदाताओं में से 70.20 प्रतिशत ने इस नई प्रणाली के माध्यम से मतदान किया, जबकि 54.63 प्रतिशत मतदाताओं ने पारंपरिक मतदान केंद्रों पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि ई-वोटिंग विशेष रूप से उन मतदाताओं के लिए फायदेमंद है, जो किसी कारणवश मतदान केंद्र तक नहीं पहुंच सकते, जैसे बुजुर्ग, दिव्यांग, गर्भवती महिलाएं और प्रवासी। हालांकि, इस सुविधा का लाभ केवल उन्हीं मतदाताओं को दिया गया जो पहले से पंजीकृत थे। राज्य निर्वाचन आयुक्त दीपक प्रसाद के अनुसार दुनिया के कुछ ही देशों में ऐसा होता है, जिनमें एस्टोनिया एक उदाहरण है। आयोग ने इसके लिए 10 से 22 जून तक एक विशेष अभियान चलाया था। रिटर्निंग ऑफ़िसर की टीमों ने लोगों को ई-वोटिंग के लिए जागरूक किया। हेल्प डेस्क, रैली और पोस्टरों के ज़रिए प्रचार किया गया। गौरतलब है कि राज्य की 6 नगर पंचायतों और नगरपालिकाओं में हुए उपचुनावों में कुल मिलाकर 62.41 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। इसमे कुल 538 उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे। मतदान शांतिपूर्ण रहा। ये चुनाव पटना, बक्सर, भोजपुर, कैमूर, नालंदा, कटिहार, अररिया, सहरसा और पूर्वी चंपारण जैसे जिलों में नगर पंचायत और नगर निगम के उपचुनाव कराए गए। मतों की गिनती 30 जून को की जाएगी। आयोग का मानना है कि ई-वोटिंग प्रणाली न केवल समय की बचत करेगी बल्कि मतदान की पारदर्शिता और भागीदारी को भी बढ़ाएगी। बिहार की यह पहल अन्य राज्यों के लिए भी एक उदाहरण बन सकती है, जहां मतदान में गिरती भागीदारी चिंता का विषय बनी हुई है। आयोग को उम्मीद है कि इस नई तकनीक के चलते मतदान में युवाओं के साथ साथ बुजुर्गों, दिव्यांगों और बीमार मतदाताओं की भागीदारी भी बढ़ेगी। जहां तक राजनीतिक दलों का सवाल है तो किसी ने भी इस प्रयोग का विरोध नहीं किया है। हालांकि चुनाव नतीजों के बाद उनका रूख क्या रहेगा, यह देखने की बात है। क्योंकि अभी तो राज्य में तमाम विपक्षी दल भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान का ही विरोध कर रहे हैं। अगर इन चुनावों के नतीजे भी उनकी अपेक्षा के विपरीत रहे तो नई तकनीक का व्यापक विरोध शुरू हो जाएगा। वैसे इन चुनाव का फिलहाल बहुत ज्यादा महत्व नहीं है, क्योंकि बिहार में चार बाद ही विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जिसमें तय होगा कि बिहार पर अगले पांच साल फिर कौन राज करेगा? क्या राज्य में नीतीश कुमार युग समाप्त होगा या नहीं? क्या बिहार की जनता तेजस्वी यादव के नेतृत्व में महागठबंधन को सत्ता सौंपेगी? क्या इस बार चुनाव में ओवैसी की पार्टी कुछ कमाल करेगी? इनके जवाब भी भविष्य में मिलेंगे, लेकिन स्थानीय निकाय चुनावों के नतीजे राज्य के राजनीतिक मिजाज का संकेत जरूर देंगे।

# महिलाओं के प्रति सम्मान के बिना कैसे आएगी समता?

**पहलगाम के बाद ऑपरेशन सिंदूर में श्रीमती सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह ने भी महिलाओं की शक्ति और योग्यता का एहसास कराया है। 1960 के दशक में डॉ. लोहिया ने लिखा था कि हमारे देश में जाति और योनि के दो कटघरे में देश की बड़ी संख्या को कैद कर दिया गया और निर्जीव बना दिया गया है। जिस जमाने में किसी ने नारी सशक्तिकरण जैसा शब्द सुनना तो दूर सोचा भी नहीं होगा, उस जमाने में लोहिया न केवल नारियों को जाति व परंपरा के बंधन से मुक्त कर पुरुष के समकक्ष खड़े करने के लिए संघर्षरत थे। उन्होंने द्रौपदी बनाम सावित्री की बहस को प्रतीकात्मक स्वरूप देकर द्रौपदी के संघर्षशील पक्ष को उभारा। नारी की क्षमता, योग्यता संघर्ष की प्रतिभा को एक नए ढंग से प्रस्तुत किया। लोहिया के जीवन काल में इन सवालों पर हलचल तो शुरू हुई परंतु वह शुरुआत भर थी। लोहिया कहते भी थे कि लोग मेरी बात सुनेंगे शायद मेरे मरने के बाद, पर सुनेंगे जरूर।**

रघु ठाकुर

अभी भी कुछ समय पूर्व संयुक्त राष्ट्र संघ के निर्णयानुसार समूची दुनिया ने विश्व महिला दिवस मनाया। भारत में भी यह दिवस बड़े पैमाने पर मनाया गया। दुनिया और देश में किस प्रकार महिलाएं आगे जा रही है इसका भी चित्रण किया गया। इसमें कोई दो मत नहीं है कि अवसर मिलने से महिलाओं की प्रतिभा में निखार आता है। उनकी छिपी प्रतिभाएं सामने आई हैं। हाल ही में एक अंतरिक्ष यात्री जिन्होंने 8 माह से अधिक अंतरिक्ष में गुजारे उन सुनीता विलियम्स के साहस और पराक्रम का क्या मुकाबला हो सकता है? यद्यपि पूंजीपतियों में महिलाओं की संख्या अभी कम है।



पहलगाम के बाद ऑपरेशन सिंदूर में श्रीमती सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह ने भी महिलाओं की शक्ति और योग्यता का एहसास कराया है। 1960 के दशक में डॉ. लोहिया ने लिखा था कि हमारे देश में जाति और योनि के दो कटघरे में देश की बड़ी संख्या को कैद कर दिया गया और निर्जीव बना दिया गया है। जिस जमाने में किसी ने नारी सशक्तिकरण जैसा शब्द सुनना तो दूर सोचा भी नहीं होगा, उस जमाने में लोहिया न केवल नारियों को जाति व परंपरा के बंधन से मुक्त कर पुरुष के समकक्ष खड़े करने के लिए संघर्षरत थे। उन्होंने द्रौपदी बनाम सावित्री की बहस को प्रतीकात्मक स्वरूप देकर द्रौपदी के संघर्षशील पक्ष को उभारा। नारी की क्षमता, योग्यता संघर्ष की प्रतिभा को एक नए ढंग से प्रस्तुत किया। लोहिया के जीवन काल में इन सवालों पर हलचल तो शुरू हुई परंतु वह शुरुआत भर थी। लोहिया कहते भी थे कि लोग मेरी बात सुनेंगे शायद मेरे मरने के बाद, पर सुनेंगे जरूर। आज जब सुनीता विलियम्स से लेकर सोफिया कुरैशी विभिन्न क्षेत्रों में नारियों के उपलब्धियों के किस्से छपते हैं तब लगता है लोहिया की बात सुनी जा रही है। जहां एक तरफनारियां आगे बढ़ रही है दूसरी तरफ महिलाओं के साथ अन्याय अत्याचार भेदभाव की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। यदि आप किसी भी दिन के अखबार को देखें या टीवी चौनल के समाचारों को देखें तो आपको प्रतिदिन ऐसी घटनाएं सुर्खियों में मिलती हैं जहां नारी शाब्दिक और शारीरिक अन्याय का शिकार होती है। ऐसी घटनाएं पहले भी होती रही हैं। आज आजादी के सात दशक के बाद भी घट रही हैं। कई बार ऐसा लगता है जैसे प्रगतिशील मानस और पीछे देखू मानस में एक सतत संघर्ष चल रहा है। उत्तर प्रदेश के एक विधायक ने एक लड़की को न केवल हवस का शिकार बनाया बल्कि बाद में उसकी हत्या भी कर दी, ताकि कोई प्रमाण न रहे। तंदूर कांड से लेकर हत्याकांड तक ऐसी घटनाएं निरंतर सामने आ रही हैं। अब पिछले एक डेढ़ दशक से केंद्र और कई सूबे में एक दल की सरकार के बाद ऐसी घटनाओं को पंख लग गए हैं। कुछ दिन पहले एक भाजपा नेता ने टीवी चौनल पर किसी को मां की गालियां दीं। आज भी जो गालियां है वह अमूमन नारियों को लेकर हैं। कहीं ना कहीं मस्तिष्क में नारी को कमजोर और छोटा समझने का भाव है। जिन पार्टियों के नेता नारियों के प्रति ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करते हैं उनकी पार्टियां उनके बचाव में खड़ी हो जाती हैं। मध्यप्रदेश के एक पूर्व-मुख्यमंत्री ने एक बार एक महिला का उल्लेख करते हुए टंचमाल कहा था। सरकारी पार्टी की महिलाएं भी निजी बातचीत में अपने आप को असुरक्षित मानती हैं और असम्मान का शिकार होती हैं। हाल में मध्य प्रदेश के एक मंत्री ने अपने भाषण में कहा कि लड़कियां कम वस्त्र पहनती हैं जो उन्हें पसंद नहीं। ऐसा एक जुमला वे पहले भी कह चुके हैं। बच्चियां क्या पहनें, उनकी क्या आवश्यकता है, यह निर्णय भी पुरुष समाज लेना चाहता है। मुझे याद है जब श्रीमती सानिया मिर्जा का नाम टेनिस खिलाड़ी के रूप में उभरा था तो कई मौलवियों ने उनके खिलाफ टिप्पणियां की थीं। एक प्रकार का घोषित अघोषित फतवा जारी किया था। नारियों के प्रति ऐसी घटनाएं आमतौर पर सभी धर्म में हो रही हैं। जहां भी नारियां प्रतिकार में खड़ी होती हैं, जुल्म का शिकार होती हैं। ईरान में हिजाब के खिलाफ लड़ने वाली हजारों बच्चियों को जेल में रहना पड़ा। पाकिस्तान अफगानिस्तान में पढ़ाई और पढ़ाई की वकालत करने वाली बच्चियों को गोली तक खानी पड़ी। यूरोप के देशों में भी महिलाएं कुछ मुक्त तो हुई हैं परंतु बराबरी पर आज भी नहीं हैं। अगर नर-नारी की समता सही मायने में कहीं देखने मिलती है तो वह आदिवासी समाज में। समाज के मानस की जकड़न कितनी गहरी है उसे हाल में अखबार में आई एक घटना से समझा जा सकता है। कटनी में पुलिस विभाग में डीएसपी के पद पर कार्यरत श्रीमति ख्याति मिश्रा ने अपने अधिकारियों से कहा है कि उन्हें अपने पति से खतरा है। कुछ दिनों पूर्व पुलिस ने उनके घर में घुसकर उनके माता-पिता आदि से मारपीट की। इसके पीछे उनके पति को बताया जा रहा है जो तहसीलदार हैं। कटनी की घटना के बाद श्रीमती मिश्रा का तबादला मैहर किया गया। उन्होंने अधिकारियों को पत्र लिखकर मैहर में अपनी जान को खतरा बताया है क्योंकि उनके पति वहां रह चुके हैं। श्रीमति ख्याति मिश्रा के अनुसार उनके पति यह बर्दाश्त नहीं कर कर पा रहे कि पत्नी बड़े पद पर पहुंच गई और वे खुद अभी तहसीलदार ही हैं। अपने मन में यह स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं कि कोई पद पुरुष से बड़ा होता है। उनके बयान के बाद पति ने पत्नी के पुलिस अधीक्षक से संबंध होने का आरोप लगाया। इस आरोप में कितनी सच्चाई है यह कहना कठिन है। सच्चाई भी है तो इस आधार पर न्यायिक अलगाव की मांग कर सकते थे। पत्नी से अलग रह सकते थे, परंतु उन्होंने यह नहीं किया। आज भी ज्यादातर यही भाव काम कर रहा है कि महिलाओं को पुरुष से नीचे रहना चाहिए। सरकार इसे किस रूप में ले रही है यह अभी स्पष्ट नहीं है। लड़कियों के छोटे कपड़ों के प्रति चिंतित मंत्री की भावनाओं को भी प्रदेश सरकार किस भाव से ले रही है कहना कठिन है। कुछ लोगों का यह भी मानना है की मंत्री का बयान उनके संगठन के इशारे पर दिया गया है जो भारत को सनातन में ले जाना चाहता है। परंपराओं में महिलाओं का पतिव होना, उनका दासी होना, पर्दे में रहना सभी घोषित सामाजिक परंपराएं हैं। कुछ साल पहले भी मंत्री ने एक प्रसंग में कुछ महिलाओं की तुलना शुर्पणखा से की थी। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री श्री रावत ने भी महिलाओं के जींस पहनने की निंदा की थी। उसे संस्कृति विरोधी बताया था कई बड़े तथाकथित जनप्रतिनिधि या सत्ताधारी नेता कपड़ों को ही बलात्कार का कारण बताते हैं। ऐसी और भी बहुत सी घटनाएं हैं जिसमें कोलकाता की डॉक्टर लड़की के बलात्कार से लेकर निर्भया तक आए दिन घट रहे अपराधों को उद्धृत किया जा सकता है। यह बड़ा विचित्र और दुखद है कि हाल की घटनाओं के बाद देश के महिला संगठनों द्वारा इस प्रकार की घटनाओं को लेकर कोई विशेष भूमिका दिखाई नहीं दी।

मेरा यह कहना नहीं है कि महिलाओं के सम्मान की रक्षा करना केवल महिला का दायित्व है। समूचा पुरुष समाज राजनीति वोट के लिए असहाय है। मध्य प्रदेश के वन मंत्री के द्वारा सुश्री सोफिया कुरैशी के बारे में दिए गए बयान के बाद भी न मंत्री जी का इस्तीफा हुआ, न उन्हें हटाया गया, न उन पर मुकदमा दर्ज हुआ। ऐसा लगता है कि संघ व संगठन मामले के शांत होने की प्रतीक्षा कर रहा है। प्रधानमंत्री जी भी 3 जून 2025 को भोपाल आए थे जहां मीडिया के अनुसार उन्होंने कई लाख महिलाओं को संबोधित किया था। इस सम्मेलन में वे सरकार की उपलब्धियां को गिनाते रहे। पर एक शब्द भी उन्होंने अपने मंत्रियों के खिलाफ बोलने का साहस नहीं किया। यानी वे भी यह जानते मानते हैं कि देश में आम मानस अभी भी पुरुष सत्तात्मक का है। इसलिए वे अपने वोट के खेल में कोई जोखिम नहीं लेना चाहते।

प्रधानमंत्री की इस स्थिति के वास्तविक कारण क्या हैं? मेरा मानना है कि कारण जो भी हों उन्हें उन कारणों से मुक्ति पाना चाहिए। देश को स्पष्ट तौर पर बताना चाहिए। देश जानना चाहता है कि सोफिया कुरैशी से लेकर कम वस्त्रों तक जो मानसिकता समाज व सत्तापक्ष में उभरी है वे उसे मिटाना चाहते हैं या बनाए रखना चाहते हैं। क्या उनकी पार्टी सनातन व्यवस्था के नाम पर उस दौर में जाना चाहती है जहां नारी को दोयम दर्जा का माना जाएगा? जहां महिलाएं पुरुषों की दासी बन कर रहें? लक्ष्मी, दुर्गा, सरस्वती, सावित्री, पार्वती ऐसी महान नारियों की पूजा करना यह समता नहीं है जो हाथ पाषाण प्रतिमा को पूजते हैं वही जिंदा तन को पीटते हैं। यह सरकार व समाज सभी की जिम्मेदारी है कि नर नारी को समान समझा जाए। उन्हें पूरे अवसर मिलें, आजादी मिले उनकी आजादी का सम्मान हो।

अध्यात्म

## राम नाम की महिमा

एक आदमी बर्फ बनाने वली कम्पनी में काम करता था. एक दिन कारखाना बन्द होने से पहले अकेला फ्रिज करने वाले कमरे का चक्कर लगाने गया तो गलती से दरवाजा बंद हो गया। और वह अंदर बर्फ वाले हिस्से में फंस गया छुट्टी का वक़्त था और सब काम करने वाले लोग घर जा रहे थे। किसी ने भी अधिक ध्यान नहीं दिया की कोई अंदर फंस गया है।

वह समझ गया की दो-तीन घंटे बाद उसका शरीर बर्फ बन जाएगा अब जब मौत सामने नजर आने लगी तो, भगवान को सच्चे मन से याद करने लगा। अपने कर्मों की क्षमा मांगने लगा और भगवान से कहा कि प्रह्लाद को तुमने अग्नि से बचाया, अहिल्या को पत्थर से नारि बनाया, शबरी के जुठे बेर खाकर उसे स्वर्ग में स्थान दिया। प्रभु अगर मैंने जिंदगी में कोई एक काम भी मानवता व धर्म का किया है तो तूम मुझे यहाँ से बाहर निकालो। मेरे बीवी बच्चे मेरा इंतज़ार कर रहे होंगे। उनका पेट पालने वाला इस दुनिया में सिर्फ मैं ही हूँ। मैं पुरे जीवन आपके इस उपकार को याद रखूंगा और इतना कहते कहते उसकी आंखों से आंसू निकलने लगे।

एक घंटे ही गुजरे थे कि अचानक फ़्रीजर रूम में खट खट की आवाज हुई। दरवाजा खुला चौकीदार भागता हुआ आया। उस आदमी को उठाकर बाहर निकाला और गर्म हीटर के पास ले गया। उसकी हालत कुछ देर बाद ठीक हुई तो उसने चौकीदार से पूछा, आप अंदर कैसे आए? चौकीदार बोला कि साहब मैं 20 साल से यहां काम कर रहा हूं। इस कारखाने में काम करते हुए हर रोज सैकड़ों मजदूर और ऑफिसर कारखाने में आते जाते हैं। मैं देखता हूं लेकिन आप उन कुछ लोगों में से हो, जो जब भी कारखाने में आते हो तो मुझसे हंस कर राम राम करते हो और हालचाल पूछते हो और निकलते हुए आपका राम राम काका कहना मेरी सारे दिन की थकावट दूर कर देता है। जबकि अक्सर लोग मेरे पास से यूं गुजर जाते हैं कि जैसे मैं हूं ही नहीं।

आज हर दिनों की तरह मैंने आपका आते हुए अभिवादन तो सुना लेकिन राम राम काका सुनने के लिए इंतज़ार करता रहा। जब ज्यादा देर हो गई तो मैं आपको तलाश करने चल पड़ा कि कहीं आप किसी मुश्किल में ना फंसे हो। वह आदमी हैरान हो गया कि किसी को हंसकर राम राम कहने जैसे छोटे काम की वजह से आज उसकी जान बच गई।

# आतंकवाद पर चीन और पाकिस्तान के दोहरे पैमाने

**पहलगाम में किए निरंकुश हमले में भी पाकिस्तान से आए आतंकियों का हाथ था। बावजूद एससीओ की बैठक के संयुक्त बयान में पहलगाम को नजरअंज करना दोगलापन नहीं तो और क्या है ? एससीओ में आतंकवाद पर शिकंजा नहीं कसना इसलिए और चिंताजनक है, क्योंकि पाकिस्तान परमाणु शक्ति संपन्न देश है और वहां अनेक आतंकी संगठन सक्रिय हैं। इन संगठनों में लश्कर-ए-तैयबा, हिजबुल मुजाहिदीन और जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख हैं। अमेरिका पर आतंकी हमला करने वाले ओसामा बिन लादेन को ही पाकिस्तान ने शरण दी थी। उसका अंत अमेरिकी वायुसेना ने पाकिस्तान में घुसकर किया था। संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी सूची में बताया है कि पाक में 136 आतंकवादियों के ठिकाने हैं और यहां 22 आतंकवादी हथियारबंद संगठनों को पाक सेना संरक्षण दे रही है।**

प्रमोद भार्गव

आतंकवाद के मसले पर चीन के किंगदाओ नगर में हुई शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में एक बार फिर चोर-चोर मौसेरे भाई चीन और पाकिस्तान ने भारतीय हितों के परिप्रेक्ष्य में दोगलापन दिखाया है। इस बैठक में सदस्य देशों के रक्षा मंत्री उपस्थित थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आतंकवाद के खात्मे के लिए किए जा रहे आवाहन ने वैश्विक स्तर पर ऐसा माहौल बनाने का काम किया है कि इस समस्या को जड़ से उखाड़ दिया जाए। लेकिन एससीओ की बैठक में जिस दस्तावेज को साझा हस्ताक्षर के लिए सामने लाया गया तब उसमें पहलगाम में हुए आतंकी हमले को शामिल नहीं किया गया। जबकि इस हमले में 26 भारतीय नागरिक आतंकवादियों ने मार दिए थे। इस दस्तावेज में बलूचिस्तान का नाम हैं। जबकि बलूचिस्तान के नागरिक पाकिस्तान के विरुद्ध स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ रहे हैं। अर्थात इस दस्तावेज को पढ़ने के बाद भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए इस पर दस्तखत करने से साफ इंकार कर दिया। इस संगठन पर चीन का प्रभाव है और चीन ही इस बार संगठन का अध्यक्ष देश है। भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को न केवल पक्षपातपूर्ण माना, बल्कि इसे पाकिस्तान और उसके हितचिंतक चीन की हरकत माना। अतएव राजनाथ सिंह ने दस्तखत नहीं किए। इस संगठन के दस्तावेज की उपयोगता तभी है, जब बैठक में उपस्थित सभी सदस्य देश मुद्दों पर सहमत होकर हस्ताक्षर करने के साथ साझा बयान भी जारी करें। तब कहीं इस दस्तावेज पर सहमति बन पाती है।

इस संगठन में 10 देश परस्पर जुड़े हितों को मजबूत करने के लिए शामिल हैं। इन देशों में भारत, चीन, पाकिस्तान, रूस, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान, बेलारूस और तजाकिस्तान शामिल हैं। 2001 में इस संगठन का गठन हुआ था। आरंभ में चीन और रूस समेत पांच देश इसमें शामिल थे। 2001 में उज्बेस्तिन, 2017 में भारत और पाकिसतान, 2022 में ईरान एवं 2024 में बेलारुस इस संगठन में भागीदार हुए। इन देशों की कुल जीडीपी में 30 फीसदी और दुनिया की आबादी में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है। यानी इस संगठन की इन देशों की अर्थव्यवस्था के लिए परस्पर भागीदारी जरूरी है। लेकिन जब राजनाथ सिंह ने दस्तावेज की इबारत को पक्षपात पूर्ण पाया तो उन्होंने खुले षब्दों में कहा, 'भारत आतंकवाद पर दोहरे मापदंड मंजूर नहीं करेगा। आतंक को बढ़ावा देने वाले देशों की खुली निंदा होनी चाहिए। कुछ देशों ने सीमा पार आतंकवाद को न केवल अपनी नीति ही मान लिया है, बल्कि अपने देश में उन्हें संरक्षण भी देते हैं। बावजूद इस हकीकत को नकारते हैं। ऐसे दोहरे मापदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उन्हें अब समझना होगा कि आतंकवाद के अधिकेंद्र (एपीसेंटर) अब सुरक्षित नहीं रह गए हैं।' नए भारत के इस कड़े संदेश ने उपस्थित रक्षा मंत्रियों को हैरानी में डाल दिया। अतएव न तो कोई सहमति बन पाई और न ही संयुक्त बयान जारी हो पाया। इस परिणाम ने समूची दुनिया को संदेश दे दिया है कि अब भारत अपने हितों से समझौता करने के लिए कतई तैयार नहीं है।



दरअसल भारत चाहता था कि एससीओ पहलगाम हमले की निदां करे और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर स्पष्ट रुख अपनाए। लेकिन चीन की एक बार फिर दगा की दोगली नीति सामने आ गई। एक सदस्य देश ने इस पहलगाम मुद्दे को दस्तावेज में षामिल करने से असहमति जता दी। वस्तुतः राजनाथ सिंह ने कड़ा रुख अपना लिया और दस्तखत नहीं किए। इस साझा बयान पर हस्ताक्षर नहीं करने का बड़ा कारण दस्तावेज न तो निश्पक्ष था और न ही इसमें कोई पारदर्शिता थी। यह भी साफ नहीं किया कि आखिर इस अभिलेख को किन देशों ने तैयार किया है। यह दस्तावेज आतंकवाद से जुड़े तथ्यों के विपरीत था। भारत के जम्मू-कश्मीर प्रांत में 22 अप्रैल को पहलगाम में सैलानियों पर बड़ा हमला हुआ था। इसमें 26 निर्दोष लोग मारे गए थे। आतंकियों द्वारा किया यह हमला मानवता के लिए क्रूरता का चरम था। इसलिए भारत ने इस आतंकी हमले को दस्तावेज में शामिल करने की मांग भी की थी। परंतु इस मांग को नमंजुर कर दिया गया। अध्यक्षता कर रहे चीन का यह रुख पाकिस्तान के प्रति उदारता जताता है, जो सर्वथा पक्षपातपूर्ण है। जबकि बलूचिस्तान की आतंकी गतिविधियों से जुड़ी जफर एक्सप्रेस की घटना इसमें दर्ज थी। इस संगठन का लक्ष्य शामिल देशों की सुरक्षा, आर्थिक और राजनीतिक सहयोग को बढ़ाने के साथ आतंकवाद, नशीले पदार्थों की तस्करी और साइबर आपराध जैसे मसलों पर सटीक रणनीति बनाकर उस पर संयुक्त पहल करना भी है। लेकिन जिस तरह से पहलगाम हमले को नजरअंदाज किया गया उससे साफ है कि अध्यक्ष देश की नियत साफ नहीं है।

इस तरह का दोहरा चरित्र इसलिए खतरनाक है कि इसने क्षेत्रीय सहयोग से जुड़े मुद्दों पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया। जिसके चलते आतंकवाद की समस्या से निपटना जटिल होगा। क्योंकि पाकिस्तान भारत के विरुद्ध लगातार आतंकी खेल, खेलता हुआ खून की इबारतें लिख रहा है। इस सच्चाई को समूची दुनिया भलीभांति जानती है। क्योंकि भारत आतंक से पिछले ढाई दशक से निरंतर लड़ाई लड़ रहा है। स्वयं चीन ने बीजिंग में कुछ वर्ष पहले हुए ब्रिक्स देशों के सम्मेलन के घोषणा पत्र में इस तथ्य को षामिल किया था कि कई बड़े आतंकवादी संगठन पाकिस्तान के सुरक्षित ठिकानों से अपनी गतिविधियां चलाते हैं।

पहलगाम में किए निरंकुश हमले में भी पाकिस्तान से आए आतंकियों का हाथ था। बावजूद एससीओ की बैठक के संयुक्त बयान में पहलगाम को नजरअंज करना दोगलापन नहीं तो और क्या है ? एससीओ में आतंकवाद पर शिकंजा नहीं कसना इसलिए और चिंताजनक है, क्योंकि पाकिस्तान परमाणु शक्ति संपन्न देश है और वहां अनेक आतंकी संगठन सक्रिय हैं। इन संगठनों में लश्कर-ए-तैयबा, हिजबुल मुजाहिद्दीन और जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख हैं। अमेरिका पर आतंकी हमला करने वाले ओसामा बिन लादेन को ही पाकिस्तान ने शरण दी थी। उसका अंत अमेरिकी वायुसेना ने पाकिस्तान में घुसकर किया था। संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी सूची में बताया है कि पाक में 136 आतंकवादियों के ठिकाने हैं और यहां 22 आतंकवादी हथियारबंद संगठनों को पाक सेना संरक्षण दे रही है। वाइदवे इन आतंकियों के हाथ परमाणु हथियार लग जाते हैं तो ये मानवता के विरुद्ध कैसी तबाही मचाएंगे, यह कहना अनुमान से परे है। अतएव राजनाथ सिंह ने अभिलेख पर दस्तखत न करके दुनिया को यह संदश दे दिया है कि भारत आतंक के विरुद्ध लड़ाई लड़ता रहेगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज का दिन अत्यन्त शुभ रहने वाला है। विशेष विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे। प्रेमी जन के साथ रोमान्टिक डेट पर जाने का विचार बना सकते हैं।

**वृषभ**
परिवार के साथ अच्छा समय बिताने का अवसर मिलेगा। इसके कारण कुछ मित्रों से सम्बन्ध भी प्रभावित हो सकते हैं। जीवनसाथी से सलाह लेना उत्तम रहेगा।

**मिथुन**
नया व्यापार शुरू करने के लिये मैनेजमेन्ट सुनिश्चित कर लें। रुके कार्यों में तीव्रता आयेगी। शोध कार्यों में सफलता मिलने से मन प्रफुल्लित रहेगा।

**कर्क**
आज आपके ऊपर बेवजह के आरोप लग सकते हैं। नशे और व्यभिचार से दूरी बनाकर रखें। अनेक बाधाओं के साथ आपके काम आगे बढ़ेंगे।

**सिंह**
समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। किसी वैवाहिक समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं। मित्रों के सहयोग से रुका हुआ काम गतिशील हो जायेगा।

**कन्या**
सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। जल्दबाजी में काम पूरा करने से गलतियाँ हो सकती हैं। करियर को लेकर चिन्ता हो सकती है।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभायेंगे। छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। पारिवारिक मामलों को लेकर परेशान हो सकते हैं।

**वृश्चिक**
किसी सहकर्मी के साथ विवाद का सामना करना पड़ेगा। अपने खर्चों को नियन्त्रित रखने का प्रयास करें। जीवनसाथी के साथ किसी कारणवश झगड़ा हो सकता है।

**धनु**
जीवनसाथी आपसे पुरानी दबी हुयी इच्छा को प्रकट कर सकता है। सरकारी कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता मिल सकती है। व्यवसाय को लेकर नये विकल्प आज आपको मिलेंगे।

**मकर**
कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के लिये अतिरिक्त श्रम करना पड़ेगा। गूढ़ विषयों के अध्ययन में आपकी रुचि जागृत होगी। मौसम में आ रहे बदलावों के कारण स्वास्थ्य की समस्या होने की आशंका है।

**कुंभ**
प्रेमी जन के साथ विवाह को लेकर चर्चा कर सकते हैं। बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। छात्रों को करियर को लेकर थोड़ी कन्फ्यूजन हो सकती है।

**मीन**
वैवाहिक जीवन को आप पर्याप्त समय नहीं दे पायेंगे। जिसके कारण मन कुछ असन्तुष्ट रहेगा। नये बिजनेस रिलेशन को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं।

# रिफाइनरी में कोर वैल्यूज डे पर कार्यक्रम आयोजित




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** इंडियन ऑयल की बरौनी रिफाइनरी में सोमवार को इंडियन ऑयल कोर वैल्यूज डे के उपलक्ष्य में एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य संगठन के मूल मूल्यों नेशन फर्स्ट, केयर, इनोवेशन, पैशन एवं ट्रस्ट के महत्व को रिफाइनरी कर्मियों के व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक जीवन में पुनः सुदृढ़ करना था। रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश, कार्यकारी निदेशक (परियोजना एवं कोर ग्रुप) संजय रायजादा, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना) जी आर के मूर्ति, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) भास्कर हजारिका, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) एस के सरकार, मुख्य महाप्रबंधक (टीएस एवं एचएसई) हंसराज गणवीर, मुख्य महाप्रबंधक (वित्त) एपी सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (कोर ग्रुप) राजू माशाहारी, महाप्रबंधकगण, उप महाप्रबंधकगण इस कार्यक्रम मे उपस्थित रहे। मेडिटेशन फॉर सेल्फ एंड गुड गवर्नेंस विषय पर आधारित यह सत्र ब्रह्माकुमारीज संस्था की वरिष्ठ प्रशिक्षिकाएं कंचन दूआ एवं शफाली द्वारा संचालित किया गया। इन दोनों वक्ताओं को समग्र स्वास्थ्य, आत्मकल्याण एवं मूल्य-आधारित नेतृत्व में विशेषज्ञता प्राप्त है। इस अवसर पर बरौनी रिफाइनरी के अधिकारियों एवं वरिष्ठ प्रबंधन ने सक्रिय सहभागिता की। सत्र के दौरान वक्ताओं ने यह रेखांकित किया कि सच्चा सुशासन आत्म-प्रबंधन से प्रारंभ होता है, और ध्यान आत्म-जागरूकता एवं सामूहिक उत्तरदायित्व के बीच एक सेतु का कार्य करता है। इंडियन ऑयल के कोर वैल्यूज के साथ इसे जोड़ते हुए उन्होंने बताया कि कैसे प्रत्येक कर्मचारी इन मूल्यों को अपने दैनिक कार्यों और जीवनशैली में आत्मसात कर सकता है। मार्गदर्शित ध्यान अभ्यास के माध्यम से प्रतिभागियों को यह प्रेरणा दी गई कि वे इंडियन ऑयल के मूल्यों को केवल संगठनात्मक सिद्धांतों के रूप में न देखकर, उन्हें अपनी व्यक्तिगत आदतों एवं आचरण में सम्मिलित करें। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थितों द्वारा इन मूल्यों को जीवन में अपनाने एवं कोर वैल्यूज डे की भावना को जीवंत रखने के सामूहिक संकल्प के साथ किया गया। यह सत्र इंडियन ऑयल की प्रतिबद्धता को दोहराता है एक ऐसे सुशासन की ओर जो व्यक्तिगत कल्याण, मूल्य-आधारित नेतृत्व एवं राष्ट्रीय सेवा के सिद्धांतों पर आधारित हो।

## विशेष पुनरीक्षण कार्य का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड में मतदाता सूची में सुधार के लिए विशेष पुनरीक्षण किया जा रहा है। इस कार्य के लिए बीएलओ घर घर जाकर मतदाताओं से संबंधित प्रपत्र उपलब्ध करवा रहे हैं। ग्यारह विकल्पों में से एक विकल्प देने की बात भी की जा रही है। वहीं सहायक निर्वाचक निबंधन अधिकारी सह बीडीओ चिरंजीव पाण्डेय ने पहसारा पूर्वी तथा रजाकपुर के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस क्रम में बखरी विधानसभा 147अजा के मतदान केन्द्र संख्या 78 से 134 के बीएलओ ने घर घर प्रपत्र दिया अथवा नहीं की भी जांच की। उन्होंने बीएलओ के साथ मिलकर मतदाताओं को प्रपत्र उपलब्ध करवाया तथा मतदाताओं के बीच वितरण कर विकल्पों के साथ सूची जमा करने का सुझाव दिया। मौके पर बीएलओ सुपरवाइजर सह बीईओ अनिल कुमार चौधरी, बीएलओ संजय कुमार पासवान, पंकज जयसवाल सहित अन्य बीएलओ मौजूद थे।

## ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने दी जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बखरी।** समस्तीपुर सहरसा रेल खंड के सलौना स्टेशन से पश्चिमी खटूली रेलवे पुल स्थित मवार सुबह एक युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक एक युवक हाथ में बैग और गमछा लिए सुबह करीब छह बजे सलौना रेलवे ढाला के निकट से ट्रैक के बगल होते हुए मोबाइल पर आक्रोशपूर्ण बातें करते हुए खटुली पुल के तरफ जाते हुए देखा गया। कुछ देर बाद ही समस्तीपुर से खगड़िया कि तरफ राजधानी एक्सप्रेस गुजरने के बाद उक्त खटुली पुल अंडरपास के समीप खेतों में काम करने वाले मजदूरों ने देखा कि पुल के समीप सूनसान जगह पर एक युवक का शव पड़ा है और युवक का सर धड़ से अलग है। युवक का बैग और गमछा लाश के पास ही बरामद हुए। घटना कि सूचना मिलते ही बखरी थाना घटनास्थल पर पहुंच युवक के सव को शिनाख्त के लिए छानबीन किए तो उसके बैग से आधार कार्ड पाया गया और सलौना से खगड़िया का टिकट भी पाया गया। आधार कार्ड से युवक मुंगेर जिला के शिव कुंडल नया टोल लगमा गांव के राजकुमार चौधरी का 30 वर्षीय पुत्र गुलशन कुमार है। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## विशेष पुनरीक्षण कार्य को लेकर बनाया गया नियंत्रण कक्ष

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिए प्रखंड मुख्यालय में नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। इसकी जानकारी सहायक निर्वाचक निबंधन अधिकारी सह प्रखंड विकास अधिकारी चिरंजीव पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के लिए प्रखंड मुख्यालय में नियंत्रण कक्ष बनाया गया है जिसके नोडल अधिकारी श्रम एवं प्रवर्तन अधिकारी मेधा वर्मा को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त प्रियांशु रंजन निम्न वर्गीय लिपिक, कुमार प्रिंस, देव कुमार कार्यपालक सहायक, सुबोध कुमार, नेटवर्क एडमिन एवं चन्दन कुमार विकास मित्र को इस कार्य के लिए प्रतिनियुक्त किया गया है।

## बगैर लाइसेंस वाले अखाड़े पर दर्ज होगी प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण मानने को लेकर आयोजित इस शांति समिति की बैठक की अध्यक्षता एसडीओ तरनिजा ने की। बैठक में नगर परिषद के उपमुख्य पार्षद प्रतिनीधि अरविंद कुमार यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य शिवजी सिंह, डंडारी के प्रमुख तनवीर अहमद ने ताजिया जुलूस का समय निर्धारित करने का सुझाव दिया। जिस पर स्थानीय अधिकारी के द्वारा सहमति जताते हुये कहा गया कि ताजिया जुलूस के लाइसेंस में समय का निर्धारण भी किया जाता है। लेकिन संचालक के द्वारा मनमाने ढंग से आदेश की अनदेखी कर देर रात तक जुलूस निकाले जाते हैं। वैसे संचालक पर समय के विरुद्ध जाने पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। बैठक को संबोधित करते हुये एसडीओ ने कहा कि मोहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मानवें। उन्होंने कहा कि पूर्व निर्धारित रूट पर ही मोहर्रम का जुलूस संचालक के द्वारा निकाला जायेगा। मोहर्रम मनाने से पूर्व स्थानीय थाना से जुलूस का लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य होगा। बगैर लाइसेंस के जुलूस निकालने वाले अखाड़े एवं उसके संचालक पर प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी। डीएसपी नेहा कुमारी ने बैठक को संबोधित करते हुये कहा कि मोहर्रम जुलूस के दौरान डीजे बजाने एवं शस्त्र प्रदर्शन पर पूर्ण रोक रहेगी। किसी भी संचालक के द्वारा जुलूस के दौरान डीजे बजाने या शास्त्र का प्रदर्शन करने पर मौके से ही डीजे को जब्त कर कार्रवाई शुरू कर दी जायेगी। बैठक में डीसीएलआर तारकेश्वर साह, बलिया बीडीओ सन्नी कुमार, सीओ रवि कुमार, थानाध्यक्ष विकास कुमार राय, साहेबपुर कमाल थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार, बीडीओ रवि सिन्हा, सीओ संतोष कुमार, डंडारी के बीडीओ राजेश कुमार, सीओ राजीव कुमार, थानाध्यक्ष विवेक कुमार, प्रखंड प्रमुख ममता देवी, उप प्रमुख सच्चिदानंद पासवान, मुख्य पार्षद मो जमालुद्दीन, ब्रज किशोर मेहता, व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश सिंह, जदयू जिला महासचिव मृत्यंजय कुमार सहित कई शांति समिति के सदस्य मौजुद थे।

## बच्चों ने डॉक्टरों को दिये फूल व कार्ड

### बचपन प्ले स्कूल बरौनी के नन्हे-मुन्ने छात्रों ने लाइफ लाइन हस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर का किया शैक्षणिक भ्रमण

**डॉक्टर्स डे**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बीहट।** डॉक्टर्स डे के विशेष अवसर पर बचपन प्ले स्कूल बरौनी, के नन्हे-मुन्ने छात्रों ने लाइफ लाइन हस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य डक्टरों एवं उनकी टीम के प्रति आभार व्यक्त करना और उनके अमूल्य योगदान को सम्मान देना था। इस अवसर पर छात्रों ने डक्टरों से संवाद किया। अस्पताल के विभिन्न विभागों को देखा और कई रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। बच्चों ने अपने हाथों से बनाए गए सुंदर कार्ड और फूल डॉक्टरों को भेंट किया। जिससे एक भावनात्मक और प्रेरणादायक वातावरण बन सके। डा. हेमंत कुमार ने कुछ बच्चों के साथ मिलकर केक काटा और डक्टर्स डे का उत्सव हर्षोल्लासपूर्वक मनाया। यह पल बच्चों के लिए अत्यंत याद्गार और उत्साहवर्धक रहा। इस कार्यक्रम में बचपन प्ले स्कूल की अकादमिक इंचार्ज सुकेशी चौधरी तथा कुछ शिक्षकगण भी उपस्थित थे। सभी ने मिलकर डक्टरों को सम्मानित किया और इस दिन को खास बनाने में सक्रिय योगदान दिया। बचपन परिवार की ओर से डॉक्टरों और उनकी पूरी टीम को हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। लाइफ लाइन हस्पिटल की टीम ने बच्चों और शिक्षकों के इस सौजन्य भाव की सराहना की। मौके पर विद्यालय के इंचार्ज सुकेशी कुमारी, शिक्षिका वसुंधरा, ज्योत्सना, अनामिका, सुष्मिता एवं महामना नलेज हेरिटेज स्कूल के प्रबंधक राजीव कमल सिन्हा एवं होस्पीटल के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## डॉक्टर्स डे पर किरण नेत्रालय में लगा आंख जांच शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बीहट।** किरण नेत्रालय सेवा समिति फुलवरिया बाजार कैड़ीबाड़ी बरौनी के सौजन्य से मंगलवार को किरण नेत्रालय अस्पताल में पिछले कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी डॉक्टर्स डे के अवसर पर निःशुल्क आंख जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आंख के बीमारी से परेशान 175 रोगियों की आंख जांच की गई। इस सिलसिले में किरण नेत्रालय के डायरेक्टर व आंख रोग विशेषज्ञ डा. अजीत कुमार ने बताया कि पिछले 15 वर्षों से डक्टर्स डे के मौके पर हर साल गरीबों को मुफ्त इलाज के लिए आंख जांच कैंप का आयोजन किया जाता है। इसलिए इस वर्ष भी किरण नेत्रालय सेवा समिति आंख जांच का निःशुल्क कैंप लगाया है। कैंप में आए रोगियों को आंख जांच करने के बाद मुफ्त में दवा चश्मा इत्यादि दी गई।वही अजित कुमार ने बताया कि जो रोगी मोतियाबिंद से पीड़ित हैं। वैसे रोगियों को चिन्हित कर किरण नेत्रालय बुलाया गया है। जिनका आंख का अपरेशन जरूरी है। ऐसे मरीजों को कम खर्च पर अपरेशन की सहूलियत मुहैया कराई जाएगी और सुलभ तरीका से लैंस वाली ऑपरेशन करके ठीक किया जाएगा। डा. अजीत कुमार ने कहा कि उक्त अस्पताल बरौनी में कंप्यूटराइज आंख जांच नेपाल की तरह बिना टाका का लेंस वाली मोतियाबिंद अपरेशन, प्रत्येक गुरुवार और रविवार को प्रातः 9 बजे से 3 बजे तक किया जाता है। मोतियाबिंद के रोगियों को मुफ्त में दवा, काला चश्मा, भोजन और ठंड के मौसम में कंबल भी दी जाती है। गौरतलब हो कि किरण नेत्रालय सेवा समिति के द्वारा गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस,दुर्गा पूजा, डक्टर्स डे जैसे प्रमुख पर्व-त्योहारों के अवसर पर हर वर्ष आंख जांच का निस्शुल्क कैंप की जाती है। इस तरह का मुफ्त आंख जांच शिविर आयोजन करने से इलाके के गरीबों को बहुत फायदा होता है। शिविर को सफल बनाने में अप्टोमेट्री रितिककुमार, सोनाली भारती, इंद्रजीत मिश्रा, त्रिलोकीनाथ,मिंटू पासवान, आरती कुमारी, बादल कुमार,ड बासु, डा. ओम कुमार, राहुल, ईशान एवं सभी किरण नेत्रालय सेवा समिति के कर्मचारी का सहयोग सराहनीय रहा।

## 160 लीटर शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई**

**आरा।** भोजपुर जिला के बड़हरा थाना क्षेत्र के लवंग बाबा मठिया व मटुकपुर के बीच रामशहर ब्रह्म बाबा के समीप छापेमारी कर पुलिस ने 160 लीटर महुआ शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर कोईलवर थाना क्षेत्र के बभनवली गांव निवासी कामेश्वर राय के पुत्र संजय यादव उर्फ लक्की है। एलटीएफ प्रभारी भोला प्रसाद सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि सोन नद के तटवर्ती इलाके से लवंग बाबा के मठिया के रास्ते प्रतिदिन शाम में बाइक से शराब की खेप पहुचाई जाती है। सोमवार शाम भोला सिंह अपने दलबल के साथ रामशहर ब्रह्म बाबा के समीप सड़क किनारे छुप गये। कुछ देर बाद एक बाइक पर सवार प्लास्टिक के बोरी लदा हुआ आया। पुलिस ने बाइक सवार को रोकने के लिए इशारा किया। वह पुलिस को देखते ही बोरी लदा बाइक घुमाकर भागने लगा। पुलिस ने खदेड़कर शराब पकड़ लिया। जब बोरी की तलाशी लिया गया। प्लास्टिक के पन्नी में महुआ शराब भरा हुआ था। शराब और बाइक को जप्त कर दिया। पुलिस ने शराब तस्कर पर प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया।

## एक नजर

### राहुल प्रशासनिक अधिवक्ता नियुक्त

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना उच्च न्यायालय में कार्यरत राहुल देव को केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय भारत सरकार की ओर से पटना उच्च न्यायालय में प्रशासनिक अधिवक्ता नियुक्त किया गया है। जिले से पटना उच्च न्यायालय में केंद्रीय अधिवक्ता के रूप में शामिल होने वाले राहुल देव बलिया प्रखंड अंतर्गत पहाड़पुर गांव के निवासी हैं। जिनको यह सम्मान मिला है। इस उपलब्धि पर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, केंद्रीय मंत्री सह बेगूसराय सांसद गिरिराज सिंह, नगर विधायक कुंदन कुमार, पटना उच्च न्यायालय के एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह एवं राहुल देव के सीनयर योगेश चंद्र वर्मा आदि ने खुशी जताई खासकर युवा अधिवक्ताओं ने कहा की राहुल के चयन से युवा में आगे बढ़ने की ललक बढ़ेगी। राहुल के इस उपलब्धि पर बलिया प्रखंड के खास करके पहाड़पुर के ग्रामीण हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि राहुल कुमार ने संपूर्ण दियारा क्षेत्र का मान बढ़ाया है आशा करता हूं कि जो जिम्मेवारी इन्हे दी गई है। उसकी इमानदारी पूर्वक निर्वहन करेंगे।

### प्राणघातक हमले का अभियुक्त दोषी करार

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्राणघाटक मामले के आरोपी मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के खम्हार निवासी सहोदर भाई मनोज कुमार सिंह एवं अशोक कुमार सिंह को अभियोजन साक्ष्य के आधार पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सप्तम नवीन कुमार श्रीवास्तव ने भादवि की धारा 307,341,447.34 में दोषी पाया। न्यायालय में अपर लोक अभियोजक विभूति चंद्र झा ने 11 साक्षियों का साक्ष्य करवाया जिन्होंने घटना का पूर्णतः समर्थन किया। अभियुक्तगण पर आरोप है कि दिनांक 28 नवम्बर 2007 को 1बजे दिन में खम्हार गाँव में सभी अभियुक्त एक राय होकर हथियार से लैश होकर सूचक के खेत पर जाकर रंगदारी टैक्स की मांग की रंगदारी टैक्स नही मिलने पर जानलेवा हमला किया। सजा के बिन्दु पर सुनवायी के लिए 4 जुलाई 2025 की तिथि न्यायालय ने मुकर्रर की है। अभियुक्तगण के विरुद्ध ग्रामीण सूचक राज किशोर सिंह ने मुफ्फसिल थाना काण्ड संख्या 362.2007 दर्ज करवायी थी।

### बरौनी में एनसीसी सीओ ने किया निरीक्षण

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एपीएसएम कॉलेज बरौनी के अंतर्गत चल रहे 9 बिहार बटालियन एनसीसी के क्रियाकलापों का 9 बिहार बटालियन मुंगेर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल दीपक कुमार के द्वारा किया गया औचक निरीक्षण। उन्होंने महाविद्यालय में चल रहे एनसीसी के क्रियाकलापों की सराहना की। साथ ही इस संदर्भ में कर्नल दीपक कुमार के द्वारा एनसीसी को और भी बेहतर बनाने का विचार दिया तथा एनसीसी कैडेटों को प्रोत्साहित करने व नए कैडेटों के नामांकन हेतु एनसीसी से जुड़े फायदों के बारे में बताया। इस अवसर पर मौजूद प्रधानाचार्य डा मुकेश कुमार के द्वारा एपीएसएम कॉलेज बरौनी में फायरिंग रेंज बनाने हेतु प्रस्ताव कमांडिंग अफिसर को दिया गया। इस अवसर पर एनसीसी सीटीओ के साथ-साथ काफी संख्या में एनसीसी कैडेट आदि भी मौजूद थे। जिसमें कुछ एक्स कैडेट आदि भी मौजूद रहे। जिन्होंने एनसीसी के क्षेत्र में अपना अच्छा योगदान दिया है।

### शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समकालीन अभियान के तहत रविवार की रात स्थानीय पुलिस के द्वारा 13 लीटर देशी शराब के साथ दो धंधेबाज सहित दो वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विकास कुमार राय ने बताया कि रविवार की रात समकालीन अभियान के तहत थाना क्षेत्र के हुसैनीचक वार्ड 3 से राजेश यादव के पुत्र रोशन कुमार को 5 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। जबकि नुरजमापुर वार्ड 7 निवासी राजेन्द्र यादव के पुत्र ललन कुमार को 8 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। वहीं मारपीट के पुराने मामले के वारंटी हुसैनीचक निवासी साजो साह के पुत्र मोती एवं मसुदनपुर निवासी नेबी राम के पुत्र सिकंदर राम को गिरफ्तार किया गया है। शराब के साथ पकडाये दोनों धंधेबाज के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### चार ट्रैक्टर जब्त

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बलिया डीएसपी नेहा कुमारी के द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान सोमवार को थाना क्षेत्र के पहाड़पुर दियारा से मिट्टी लदे चार ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विकास कुमार राय ने बताया कि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के द्वारा मिट्टी लदे चार ट्रैक्टर को जप्त किया गया है जिस पर अवैध खनन को लेकर प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

### मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हथौड़ी थाना परिसर में मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने की। थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारे और शांति व्यवस्था के साथ पर्व मनाने की अपील की। सभी समुदायों से आपसी सहयोग बनाए रखने की अपील करते हुए असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखने को कहा। थानाध्यक्ष ने बताया कि पर्व के दौरान किसी भी तरह की कोई अफवाह फैलाता है उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के लिए छेत्र में पुलिस प्रशासन को मुस्तैद कर दिया गया है। मौके पर पूर्व मुखिया राजेश कुमार पासवान, समाजसेवी शिव शंकर मंडल, पंचायती प्रतिनिधि, स्थानीय बुद्धिजीवी वर्ग और कई मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

## मतदाता सूची विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान के तहत निकाली गई जागरूकता रैली




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** बिहार राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बिहार में मतदाता सूची विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान 2025 के अंतर्गत मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शिवाजीनगर प्रखंड मुख्यालय में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का नेतृत्व शिवाजीनगर के प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक कुमार सिंह ने किया। रैली की शुरुआत प्रखंड कार्यालय से हुई, जिसमें मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ प्रखंड, अंचल, मनरेगा एवं सभी विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। जागरूकता रैली प्रखंड छेत्र का भ्रमण करते हुए कार्यालय पहुंच समाप्त हुआ। मौके पर पीओ रजनीश कुमार, हरिनाथ सिंह, जितेंद्र झा, विश्वनाथ प्रसाद, मनीष कुमार सिंह, जयकांत राय, रामाकांत राय, राहुल, मंगल, राकेश कुमार आदि शामिल थे।

## 3 से 5 अगस्त तक पटना में आयोजित होगा 'बिहार बिजनेस महाकुंभ 2025'

### सिर्फ इतिहास नहीं, बल्कि बिहार का है ग्लोबल भविष्य : विकास वैभव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** बिहार एक बार फिर इतिहास रचने को तैयार है, लेकिन इस बार ज्ञान, संस्कृति और राजनीति नहीं, बल्कि वैश्विक व्यापार के मंच पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने के लिए। 'बिहार बिजनेस महाकुंभ 2025' का आयोजन 3 से 5 अगस्त तक पटना के ज्ञान भवन में होने जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य है राज्य के स्थानीय उत्पादों और स्टार्टअप्स को वैश्विक पहचान दिलाना और बिहार को भारत के कारोबारी मानचित्र पर चमकता सितारा बनाना। उक्त जानकारी 'बिहार बिजनेस महाकुंभ 2025' के संयोजकों ने विद्यापति भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी। यह आयोजन केवल एक ट्रेड फ़ेयर नहीं, बल्कि एक सामाजिक-आर्थिक पुनर्ज़ागरण है। इस मंच पर भागलपुरी सिल्क, मधुबनी पेंटिंग, जैविक कृषि उत्पाद, बांस-मिट्टी के शिल्प और ग्रामीण महिलाओं के बनाए उत्पाद 'मेड इन बिहार' टैग के साथ ''मार्केटेड ग्लोबली'' की दिशा में बढ़ेंगे। यह महाकुंभ बिहार के आत्मनिर्भरता की नई परिभाषा गढ़ेगा। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आईपीएस अधिकारी विकास वैभव ने कहा कि बिहार अब सिर्फ श्रमदानी नहीं, बल्कि उद्यमिता और नवाचार का गढ़ बनने को तैयार है। राज्य की युवाओं के स्टार्टअप और महिला स्व-सहायता समूहों को वैश्विक निवेशकों के सामने लाने का यह सुनहरा अवसर है। यह आयोजन बिहार को एक 'रोजगार मांगने वाले राज्य' से 'रोजगार देने वाले राज्य' में बदलने की दिशा में एक ठोस कदम है। इस तीन दिवसीय आयोजन में 250 से अधिक ब्रांड्स और स्टार्टअप्स हिस्सा लेंगे, जबकि 30,000 से अधिक आगंतुकों के आने की संभावना है। 'ग्लोबल एक्सपोर्ट पवेलियन', 'डिस्ट्रिक्ट इनोवेशन शोकेस', 'यूथ स्टार्टअप हॉल', 'वूमन एंटरप्राइज ज़ोन', और 'स्किल टू स्टार्टअप' जैसे ज़ोन इसे एक अद्वितीय व इनक्लूसिव कार्यक्रम बनाते हैं। नीति-निर्माताओं, राजदूतों और उद्योगपतियों की भागीदारी इसे राष्ट्रीय-से-अंतरराष्ट्रीय मंच का रूप देती है। बिजनेस महाकुंभ की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें ग्रामीण महिलाओं, युवाओं और स्थानीय नवोन्मेषकों को प्राथमिकता दी जा रही है। यह मंच न केवल उनके लिए प्रेरणा बनेगा, बल्कि निवेश और संभावनाओं के नए द्वार भी खोलेगा। इससे बिहार की आर्थिक संरचना को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी।

इस महाकुंभ के संयोजकों का स्पष्ट संदेश है कि बिहार अब सिर्फ इतिहास नहीं, बल्कि ग्लोबल भविष्य भी है। यह आयोजन राज्य के छुपे हुए टैलेंट, उत्पादों और उद्यमशीलता को दुनिया के समक्ष लाने का अभियान है। यह बिहार के युवाओं को नए सपने देखने और उन्हें पूरा करने का अवसर देगा। मौके पर सुमन कुमार, मोहन कुमार झा, शुभम यादव, निशा मदन झा, हर्ष राजपूत, नितिका कुमारी इत्यादि मौजूद थे।

### 963 अभ्यर्थी हुए शामिल

**जहानाबाद।** जिले में गृहरक्षकों के स्वच्छ नामांकन हेतु दिनांक 01 जुलाई 2025 को शारीरिक दक्षता जाँच परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा के लिए कुल 1398 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र निर्गत किए गए थे, जिनमें से 963 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। परीक्षा की प्रथम चरण में आयोजित 1600 मीटर दौड़ में 408 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए। इन सफल अभ्यर्थियों की ऊँचाई एवं सीना माप की जाँच की गई, जिसमें निर्धारित मापदंड को पूर्ण नहीं कर पाने के कारण 77 अभ्यर्थी असफल घोषित हुए। इसके पश्चात शेष 331 अभ्यर्थियों ने ऊँची कूद, लंबी कूद तथा गोला फेंक जैसे अन्य शारीरिक परीक्षणों में भाग लिया। इन परीक्षणों के उपरांत चिकित्सकीय परीक्षण में 31 अभ्यर्थी असफल पाए गए, जबकि 300 अभ्यर्थी चिकित्सकीय रूप से फिट घोषित किए गए। मंगलवार को अपीलीय कोषांग के समक्ष कुल 05 अपीलें प्राप्त हुईं, जिन्हें निष्पादित कर लिया गया।

# अपराधियों ने सीएसपी संचालक को मारी गोली, लूटे पांच लाख

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पीपरा (पूर्वी चम्पारण)।** थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले एक बार फिर बुलंद नजर आए। मंगलवार की सुबह बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े एक सीएसपी संचालक को गोली मारकर पांच लाख रुपये लूट लिए। घायल सीएसपी संचालक को इलाज के लिए मोतिहारी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोली उनके के दांए बाह में लगी है, फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। घटना के बाद पुलिस ने इलाके में जगह-जगह नाकाबंदी कर छापेमारी शुरू कर दी है। घटना थाना क्षेत्र के जमुनिया स्थित बलही देवी मंदिर के समीप की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार पीपराकोठी थाना क्षेत्र के बरकुरवा गांव निवासी अनिरुद्ध कुमार सिंह रोजाना की तरह अपनी कार से जमुनिया स्थित सीएसपी सेंटर जा रहे थे। कार में लगभग पांच लाख रुपए नकद, एक हस्ताक्षर किया हुआ चेकबुक और लैपटॉप रखा था। इसी दौरान दो बाइक पर सवार चार-पांच हथियारबंद अपराधियों ने उनकी कार को जमुनिया गांव में बलही देवी मंदिर के पास रोक लिया और कार के शीशे तोड़कर लूटपाट शुरू कर दी। पीड़ित ने विरोध किया तो अपराधियों ने फायरिंग कर दी, जिसमें उन्हें बांह में गोली लगी। घायल अवस्था में भी उन्होंने शोर मचाया, लेकिन अपराधी लूट कर एनएच की तरफ फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को जब्त कर लिया। ग्रामीणों के अनुसार पुलिस ने घटनास्थल से गोली के एक खोखा भी बरामद किया है। इधर पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए इलाके में सघन छापेमारी शुरू कर दी। यहां बताते चले कि घटना से करीब डेढ़ साल पूर्व बाइक सवार अपराधियों ने सीएचपी संचालक अनिरुद्ध कुमार सिंह का पीछा किया था। परंतु उस समय वह अपराधियों को चकमा देकर भाग निकलने में सफल रहे थे। वही इस मामले में वरीय अधिकारी से संपर्क नहीं हो सकता है।

## डूबने से दो किशोरों की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कल्याणपुर (पूर्वी चंपारण)।** तिरहुत मेन केनाल में स्नान के दौरान दो किशोरों की डूबने से मौत हो गई। हादसा ध्रुप पकड़ी और नारायणपुर केनाल के पास हुआ। मृतकों की पहचान वार्ड 7 निवासी सुमित कुमार (16) और सुमित कुमार (20) के रूप में हुई है। दोनों बाइक से स्नान के लिए नहर पर पहुंचे थे, जहां गहरे पानी में चले जाने से हादसा हुआ। सूचना मिलने पर एसआई शिवनाथ प्रसाद पुलिस बल के साथ पहुंचे, लेकिन तेज बहाव के कारण शव बरामद नहीं हो सका। गोताखोरों को जिला मुख्यालय से बुलाया गया है। इस बीच, अंचलाधिकारी रणधीर प्रसाद के लापरवाह रवैये से नाराज ग्रामीणों ने चकिया-केसरिया मुख्य पथ पर बलिबेलवा के पास सड़क जाम कर आगजनी की। पुलिस-प्रशासन की समझाइश के बाद जाम हटाया गया।

## अनुग्रह नारायण स्मारक महाविद्यालय में नये सचिव का जोरदार स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के प्रतिष्ठित अनुग्रह नारायण स्मारक महाविद्यालय के नए सचिव डॉ नरेंद्र कुमार सिंह का कॉलेज कर्मियों ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व सचिव प्रोफ़ेसर जगन्नाथ सिंह उपस्थित रहे जिन्हें महाविद्यालय परिवार ने उनके काल खण्ड को याद करते हुए सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ ओमप्रकाश सिंह ने पूर्व सचिव के कार्यपद्धति, महाविद्यालय के प्रति निष्ठा, समर्पण और अनुशासन का सकारात्मक प्रभाव का जिक्र किया। ये मानवीय दृष्टि के साथ कर्मचारियों को रखा और सहयोग किया। महाविद्यालय के लम्बे इतिहास को रखते हुए उत्तरोत्तर



विकास को रेखांकित किया। पूर्व सचिव के अस्वस्थ रहने तथा बुजुर्ग होने से महाविद्यालय असहज महसूस तो नहीं कर रहा था लेकिन उनके द्वारा बार-बार नया सचिव बनाने के आग्रह से नये सचिव के विकल्प के रूप चुनाव मुश्किल था। लेकिन शिक्षाविद् सदस्य के रूप में डॉ नरेन्द्र कुमार सिंह पूर्व विभागाध्यक्ष भौतिक विज्ञान एस एन सिन्हा कालेज, जहानाबाद का आगमन हमें चिंता मुक्त कर दिया। डॉ नरेन्द्र कुमार सिंह ने अपने उद्‌बोधन में सभी कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि महाविद्यालय की मर्यादाएं और आदर्शों को संरक्षित करते हुए शैक्षिक गतिविधियों को तेज किया जाएगा। उन्होंने महाविद्यालय परिवार को इस बात के लिए भी आश्वस्त किया कि जल्द ही यहां कुछ नए विभाग भी खोले जायेंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तरकर्मी प्रो. शिवशंकर सिंह, अरविन्द कुमार सिंह, डॉ अखिलेश पाण्डे, डॉ जितेन्द्र कुमार सिंह द्व्य, शिवप्रकाश सिंह,अभय कुमार सिंह बड़ा बाबू, रिंकू सिंह, सत्येन्द्र कुमार समेत कई अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## माता मुंडेश्वरी मंदिर और जहानेश्वर महादेव के पास कचरे का अंबार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण शहर के ठाकुरबाड़ी इलाका इन दिनों गंदगी और कचरे के ढेर में तब्दील हो गया है। माता मुंडेश्वरी देवी मंदिर और जहानेश्वर महादेव मंदिर के आसपास गंदगी और कचरे से हालात बद से बदतर हो गए हैं। आस्था की यह पावन भूमि अब कचरे और बदबू से त्रस्त है।नदी में भी खुलेआम लोगों द्वारा कचरा डाला जा रहा है। इलाके के लोग भी बेहाल हैं,स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर परिषद की गाड़ियां नियमित रूप से इलाके की नदी में कूड़ा डंप कर रही हैं। दुकानदार और कुछ स्थानीय लोग भी इसमें सहभागी बन गए हैं। नतीजतन, नदी का पानी सड़ने लगा है और बदबू से आसपास का माहौल रहने लायक नहीं रह गया है। मच्छरों



का प्रकोप और बीमारी फैलने का खतरा दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। श्रद्धालुओं का कहना है कि मंदिर तक पहुंचना अब दूभर हो गया है। मंदिर के पास ही कचरे का ढेर लगा हुआ है। ठाकुरबाड़ी मोहल्ला के निवासी राम नरेश पांडे ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जहां पहले भजन-कीर्तन और घंटियों की आवाज गूंजती थी, अब वहां बदबू और गंदगी का साम्राज्य है। आस्था का अपमान हो रहा है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार लिखित और मौखिक शिकायत की गई, लेकिन नगर परिषद की ओर से कोई करवाई नहीं की गई है। न तो कूड़ा हटाया गया और न ही कोई वैकल्पिक डंपिंग स्थल बनाया गया। स्थानीय युवाओं, समाजसेवियों और आम नागरिकों ने साफ तौर पर चेतावनी दी है कि यदि सात दिनों के भीतर मंदिर के पास और नदी के आसपास से कचरा नहीं हटाया गया और नियमित सफाई नहीं हुई तो धरना-प्रदर्शन किया जाएगा और जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की जाएगी।

अब देखने वाली बात यह है कि नगर प्रशासन और जिला प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब और कैसे कार्रवाई करता है। या फिर एक बार फिर जनता ही आंदोलन कर अपने हक के लिए सड़क पर उतरेगी।

## भारतीय स्टेट बैंक के 70वें स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** भारतीय स्टेट बैंक के 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर जहानाबाद शाखा परिसर में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस सामाजिक पहल का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना और समाज में जागरूकता फैलाना था। शिविर का उद्घाटन शाखा प्रबंधक ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक सिर्फ एक बैंक ही नही, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने वाली संस्था है। रक्तदान जैसे कार्यों से हम समाज को जीवनदान देने का प्रयास करते हैं। उन्होंने बताया कि बैंक अपने स्थापना दिवस पर हर वर्ष विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करता है और यह रक्तदान शिविर उसी कड़ी का एक हिस्सा है। इस दौरान रक्तदान शिविर में बैंक के




कर्मचारियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा रक्त संग्रह करने के बाद उसे स्थानीय ब्लड बैंक को सौंपा गया। शिविर में चिकित्सा दल की निगरानी में सभी स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों का पालन किया गया।इस अवसर पर शाखा के अन्य अधिकारीगण, बैंककर्मी तथा कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वहीं भारतीय स्टेट बैंक की इस पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की और इसे समाज के प्रति बैंक की सकारात्मक सोच बताया।

## जे.जे. होम्यो हेल्थ केयर में नि :शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** वार्ड 39 स्थित छोटा बरियारपुर में डॉक्टर्स डे के अवसर पर जे.जे. होम्यो हेल्थ केयर की ओर से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. रिजवान खान ने बताया कि इस शिविर में सैकड़ों मरीजों की जांच व उपचार किया गया और निःशुल्क दवा भी वितरित की गई। उन्होंने कहा कि गरीबों और असहायों के लिए 24 घंटे चिकित्सा सेवा उपलब्ध है। डॉ. मुन्ना सिंह ने कहा कि चिकित्सा खर्च आज भी आम जन के लिए बोझ है, ऐसे शिविरों से उन्हें राहत मिलती है। मौके पर शाहनवाज खान, सफी आलम खान, रुपेश गिरी, शंभू नाथ, जावेद खान, गौरी शंकर तिवारी, लालबाबू पासवान, सुरेंद्र ठाकुर सहित अनेक मरीज और परिजन उपस्थित रहे।

## 100 करोड़ की लागत से बनी सड़क के बीचो-बीच खड़े पेड़, हादसों को दे रहे दावत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले में पटना-गया एनएच - 22 को शहर की मुख्य सड़क से जोड़ने वाली सड़क का हाल खस्ता होने के साथ इन दिनों अजीब और खतरनाक नजारा देखने को मिल रहा है। लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से बनी सिक्स लेन की नई चौड़ी सड़क पर जगह-जगह दर्जनों पेड़ बीचो-बीच खड़े हैं। ये पेड़ अब आम लोगों के लिए मौत का रूप लेकर सड़क के बीचो-बीच खड़े हैं। यह नजारा एरकी पावर ग्रिड के आसपास पटना-गया रोड पर साफ देखा जा सकता है। सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का काम तो तेजी से पूरा कर लिया गया, लेकिन बीच सड़क पर खड़े पेड़ को हादसों के लिए सड़क के बीचो-बीच छोड़ दिया है।जानकारी के मुताबिक, सड़क चौड़ीकरण के



दौरान वन विभाग और जिला प्रशासन के बीच पेड़ों की कटाई को लेकर विवाद हो गया। वन विभाग ने पेड़ काटने के बदले 14 हेक्टेयर भूमि पर नए पौधे लगाने की शर्त रखी, जिसे जिला प्रशासन पूरा नहीं कर सका। नतीजा यह हुआ कि निर्माण एजेंसी ने पेड़ों को सड़क के बीच छोड़ते हुए उनके चारों ओर से सड़क बना दी।

**हर दिन जान जोखिम में डाल रहे वाहन चालक**

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क तो चौड़ी हो गई, किनारे भी खूबसूरत बना दिए गए, लेकिन बीच सड़क पर खड़े पेड़ जानलेवा खतरे बने हुए हैं। यहां पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन अब तक बेखबर बना बैठा है।

एक राहगीर ने कहा कि जब सड़क के बीच पेड़ है तो हादसा होना तय है। पता नहीं प्रशासन किस प्रकार के बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। इस पूरे प्रकरण में सवालों के घेरे में प्रशासन और सरकारी तंत्र सामने है।सड़क तो बना दी गई, मगर सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर दी गई। सवाल यह है कि यदि किसी की जान इन पेड़ों से टकराकर चली जाती है तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? और बिना पेड़ हटाए आखिर चौड़ी सड़क किस काम की है।लोगों का कहना है कि अगर सरकारी विभागों के बीच आपसी सामंजस्य नहीं है तो फिर जनता इसकी कीमत क्यों चुकाए।

## तलवारबाजी में आस्था और माही राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के लिए मंगलवार का दिन खेल प्रतियोगिता के दृष्टि से ऐतिहासिक रहा। जिले की दो बेटियां, आस्था और माही महाराष्ट्र के नासिक में 5 से 7 जुलाई तक आयोजित चाइल्ड एवं मिनी राष्ट्रीय तलवारबाजी चैंपियनशिप में बिहार राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए आज अम्मा क्लब से रवाना हुईं। उन्होंने जिला स्तरीय चयन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य टीम में जगह बनाई और अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। दोनों खिलाड़ी 10 से 12 वर्ष आयु वर्ग में फॉयल और सबर इवेंट में हिस्सा लेंगी।

**तीसरी बार जहानाबाद से राष्ट्रीय तलवारबाजी में चयन**

यह तीसरी बार है जब जहानाबाद जिले से चाइल्ड और मिनी वर्ग में खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। इतनी छोटी उम्र में राष्ट्रीय स्तर पर खेलना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है।जहानाबाद तलवारबाजी संघ के सचिव अन्नू शक्ति सिंह ने बताया कि खिलाड़ियों का पूरा खर्च–रहना, खाना और टूर्नामेंट फीस–खुद ही वहन करना पड़ता है। एक खिलाड़ी पर करीब आठ हजार रुपये का खर्च आता है। इसके बावजूद हमारे अभिभावक और खिलाड़ी पूरी तत्परता और जोश के साथ आगे बढ़ रहे हैं। हमें पूरा विश्वास है कि आस्था और माही मेडल लेकर लौटेंगी। टीम के रवाना होने के मौके पर संघ के सीनियर खिलाड़ी, अन्य युवा खिलाड़ी, अभिभावक और समिति सदस्य धीरज कुमार भी मौजूद रहे। सभी ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और शुभकामनाएं दी। संघ ने यह भी अपील की है कि जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए समाज, प्रशासन और खेल प्रेमियों को मिलकर सहयोग करना चाहिए। अगर सही मार्गदर्शन और संसाधन मिले, तो ये बेटियां भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी जहानाबाद का नाम रौशन कर सकती हैं।

## संस्कृत शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष के सम्मान में अभिनंदन समारोह आयोजित




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** महर्षिनगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान - वेद विद्यालय में बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष मृत्युंजय झा के सम्मान में अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्कृत शिक्षा के विकास, वेद-वेदांग के संरक्षण तथा बिहार के संस्कृत विद्यालयों की स्थिति पर गंभीर चर्चा हुई। संस्थान के प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय ने अध्यक्ष श्री झा का स्वागत किया। कार्यक्रम में विधायक प्रमोद कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज, कृष्ण कुमार, विनोद पांडेय, डॉ. अमित दूबे, शिवम सोनू, राकेश तिवारी, राजन पांडेय समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

## स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव को लेकर सीकरीया फार्मेसी कॉलेज में जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 के अंतर्गत आम नागरिकों में जागरूकता लाने और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से मोतिहारी के सीकरीया फार्मेसी कॉलेज के कॉन्फ्रेंस हॉल में सोमवार को एक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा युवा नेता एवं शिक्षाविद् यमुना सीकरीया, वरिष्ठ पत्रकार एवं गांधी संग्रहालय के उपाध्यक्ष प्रो. चन्द्रभूषण पांडेय, और नगर निगम के उपमहापौर डॉ. लालबाबू प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। संगोष्ठी में शहर के बुद्धिजीवियों, अधिवक्ताओं, पत्रकारों और आमजन ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए प्रो. चन्द्रभूषण पांडेय ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता लोकतंत्र की बुनियाद है। जब सही मतदाता का चयन होगा, तभी निष्पक्ष चुनाव और एक अच्छी सरकार की स्थापना संभव हो पाएगी। डॉ. लालबाबू प्रसाद ने कहा कि यह अभियान फर्जी वोटरों और घुसपैठियों को सूची से हटाने के लिए बेहद जरूरी है। लोकतंत्र की गरिमा तभी बचेगी जब हर मत निष्पक्ष रूप से डाला जाए।

## मतदाताओं के बीच घर-घर दस्तक दे रहे बीएलओ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय के नेतृत्व में जहानाबाद जिले में सभी बीएलओ घर घर दस्तक देकर प्री फील्ड एन्यूमरेशन फॉर्म वितरण करने लगे हैं मंगलवार को घोसी विधानसभा क्षेत्र (217) के कुर्रे पंचायत स्थित मतदान केंद्र संख्या 201 एवं 203 पर घर-घर जाकर संपर्क एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी सरिता कुमारी एवं अंचलाधिकारी सुधीर तिवारी के नेतृत्व में चलाया गया। एसवीईईपी कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस



जनजागरुकता कार्यक्रम में क्षेत्र के बीएलओ वीरेश कुमार विभूति एवं दीपक कुमार द्वारा घर-घर जाकर प्री फील्ड एन्यूमरेशन फॉर्म निःशुल्क वितरित किया गया। इस अवसर पर मतदाताओं को फॉर्म भरने की प्रक्रिया, उसमें दी जाने वाली जानकारी एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा उपस्थित नागरिकों से अपील की गई कि वे समय रहते अपने प्रपत्र भरकर बीएलओ को आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करें ताकि उनका नाम मतदाता सूची में यथासमय दर्ज किया जा सके।यह भी जानकारी दी गई कि 1 अगस्त 2025 को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन किया जाएगा। यदि किसी का नाम सूची में नहीं होता है तो 1 अगस्त से 1 सितंबर 2025 तक दावा एवं आपत्ति की प्रक्रिया के माध्यम से नाम जोड़ा जा सकता है। कार्यक्रम में एसभीईईपी नोडल पदाधिकारी शिल्पी आनंद, सहायक नोडल पदाधिकारी अमित कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक, विद्यालय के प्राचार्य, आंगनबाड़ी सेविकाएं-सहायिकाएं तथा जीविका की दीदियां भी मौजूद थी। उन्होंने विशेष रूप से महिला मतदाताओं से अपील की कि वे अपने अधिकार को पहचानें और सक्रिय भागीदारी करें।

## उत्पाद न्यायालय, वरीय उप समाहर्त्ता-सह-पीठासीन पदाधिकारी, औरंगाबाद

(मद्य निषेध कोर्ट-2)

बिहार सरकार

**अति आवश्यक सूचना**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा निम्नलिखित वादों में वाहन मालिकों मालिकों को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम, 2018 के अन्तर्गत उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के परिवहन तथा शराब बिक्री के आरोप में आपके वाहन को जप्त कर अधिहरण हेतु समर्पित प्रस्ताव के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में अधिहरण वाद संधारित है।

ज्ञातव्य हो कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद (संशोधन) नियमावली, 2022 के नियम 12(क) के तहत वाहन स्वामी से प्रपत्र IV में आवेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद नियमावली (संशोधित), 2022 के नियम 12(क) एवं बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद नियमावली (संशोधित), 2023 के तहत वाहन मालिक से प्रपत्र IV में आवेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति के भुगतान पर जप्त वाहन को छोड़ने का प्रावधान है।

उत्पाद अधिहरण वाद में सुनवाई की तिथि– 16.07.2025 को निर्धारित की गयी है।

**अधिहरण हेतु वाहन/भूमि की सूची निम्न प्रकार है :–**

| क्र0 सं0 | उत्पाद अधिहरण वाद संख्या | थाना काण्ड/ उत्पाद वाद सं0 | वाहन स्वामी का पूर्ण पता | जप्त वाहन/भूमि/सामग्री की विवरणी | सुनवाई की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 98/25 | रंग बहादुर सिंह, पिता– राजबली सिंह, ग्राम– अमौना, पो0–सुन्दरगंज, थाना–रिसियप, जिला–औरंगाबाद (बिहार) पिन–822113 | उत्पाद थाना औरंगाबाद, काण्ड सं0–211/2025, दिनांक–23.02.2025 | Discover Motorcycle, निबंधन संख्या– BR26J9276, चेसीस नं0- MD2A15BZ3GRB82046, ईंजन नं0– JZZRGB99436 | 16.07.2025 |
| 2 | 100/25 | सुबोध राम, पिता– राम बिलास राम, ग्राम– कटकुर, कुटुम्बा, थाना–कुटुम्बा, जिला–औरंगाबाद (बिहार) पिन–824123 | उत्पाद थाना औरंगाबाद, काण्ड सं0–207/2025, दिनांक–22.02.2025 | Bajaj Pulsar Motorcycle, निबंधन संख्या– BR26Y9485, चेसीस नं0- MD2B68BX5PP526995, ईंजन नं0– DHXPPJ62800 | 16.07.2025 |
| 3 | 103/25 | श्रवण चौधरी, पिता– सत्येन्द्र चौधरी, ग्राम– सैदपुर, पो0–कुटुम्बा, थाना–कुटुम्बा, जिला–औरंगाबाद (बिहार) पिन–824123 | उत्पाद थाना औरंगाबाद, काण्ड सं0–239/2025, दिनांक–01.03.2025 | Hero HF Deluxe Motorcycle, निबंधन संख्या– JH03X6110, चेसीस नं0- MBLHAW022KGE01390, ईंजन नं0– HA11ENKGE00716 | 16.07.2025 |
| 4 | 106/25 | अनुज कुमार, पिता– शिवशंकर मिस्त्री, ग्राम– मंगला गौरी मोहल्ला नियर कामधेनु स्वीट्स, पो0–चान्द चौरा, जिला–गया (बिहार) पिन–823001 | उत्पाद थाना औरंगाबाद, काण्ड सं0–185/2025, दिनांक–17.02.2025 | Pulsar Motorcycle, निबंधन संख्या–JH01DU5987, चेसीस नं0-MD2B64BY2KRH10708, ईंजन नं0– DHYRKH83555 | 16.07.2025 |
| 5 | 109/25 | प्रवीण कुमार, पिता– केदार नाथ राम, ग्राम– रोज गार्डेन, पो0–पटना, थाना–पटना,, जिला–पटना (बिहार) पिन–800013 | उत्पाद थाना औरंगाबाद, काण्ड सं0–284/2025, दिनांक–10.03.2025 | Passion Pro Motorcycle, निबंधन संख्या– BR50C9342, चेसीस नं0- MBLJA12ACEGG15989, ईंजन नं0– JA12ABEGG19891 | 16.07.2025 |
| 6 | 110/25 | अमरदीप कुमार, पिता– अवदेश प्रसाद, ग्राम– चौरी, थाना–दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद (बिहार) पिन–824127 | उत्पाद थाना औरंगाबाद, काण्ड सं0–186/2025, दिनांक–17.02.2025 | Apachi TVS Motorcycle, निबंधन संख्या– BR26R9402, चेसीस नं0–MD634CE41K2L04890, ईंजन नं0– CE4LK2904484 | 16.07.2025 |
| 7 | 113/25 | सुरेन्द्र सिंह, पिता–जगदीश सिंह, ग्राम–नारायणपुर, पो0–चेनारी, थाना–चेनारी, जिला–रोहतास (बिहार) पिन–821104 | कुटुम्बा थाना, काण्ड सं0–109/2023, दिनांक–25.04.2023 | हिरो पैशन प्रो मोटरसाईकिल, निबंधन संख्या– BR24N2347, चेसीस नं0– MBLHA10AWDHG15324, ईंजन नं0–HA10ENDHG29606 | 16.07.2025 |
| 8 | 115/25 | श्री बैजनाथ पासवान, ग्राम– ओरा, कनबेहरी, जिला–औरंगाबाद (बिहार) पिन–824101 | उत्पाद थाना औरंगाबाद, काण्ड सं0–213/2025, दिनांक–23.02.2025 | Piagio Tempu, निबंधन संख्या– BR26PA3086, निबंधन संख्या– JH03H3394, चेसीस नं0- MBX0003BFWJ720588, ईंजन नं0– R8J2999913 | 16.07.2025 |
| 9 | 117/25 | कलेन्द्र कुमार, पिता– कपिलदेव यादव, ग्राम– कुरगेन, माली, थाना–माली, जिला–रोहतास (बिहार) पिन–824102 | उत्पाद थाना औरंगाबाद, काण्ड सं0–289/2025, दिनांक–11.03.2025 | Hero Splendor Motorcycle, निबंधन संख्या– BR24W8171, चेसीस नं0- MBLHAR080JHE45385, ईंजन नं0– HA10AGJHEF3979 | 16.07.2025 |
| 10 | 119/25 | प्रेम कुमार, पिता– सुर्यदेव यादव, ग्राम– चाबुरा टोला नारायणपुर, पो0–कैथी सदीपुर थाना–आँती, जिला–गया (बिहार) पिन–824207 | उत्पाद थाना औरंगाबाद, काण्ड सं0–274/2025, दिनांक–08.03.2025 | Splendor Motorcycle, निबंधन संख्या– BR26Z7786, चेसीस नं0- MBLHAW225RHE76201, ईंजन नं0– HA11E7RHE70251 | 16.07.2025 |
| 11 | 127/25 | उपेन्द्र पासवान, पिता–रामायण पासवान, ग्राम–गोठौली, पो0–सोन नगर, थाना–बारूण, जिला–औरंगाबाद, पिन–824101 | बारूण थाना, काण्ड सं0–121/2025, दिनांक–11.02.2025 | टेम्पू, निबंधन संख्या– BR26PA1068, चेसीस नं0– MCS3EAP21JAK09847, ईंजन नं0–A7J1130494 | 16.07.2025 |
| 12 | 128/25 | बहुल ईमाम, पिता– अली ईमाम, ग्राम– खैरा आदरचक, पो0–डुमरीया, जिला–गया (बिहार) पिन–824214 | उत्पाद थाना औरंगाबाद, काण्ड सं0–330/2025, दिनांक–24.03.2025 | Passion Pro Motorcycle, निबंधन संख्या– JH02Q2119, चेसीस नं0- MBLHA10EWAGD16834, ईंजन नं0–HA10EDAGD14108 | 16.07.2025 |
| 13 | 129/25 | अशोक कुमार दास, पिता– सुरेश दास, ग्राम– पनारी, पो0–बेलागंज, जिला–गया (बिहार) पिन–824233 | उत्पाद थाना औरंगाबाद, काण्ड सं0–278/2025, दिनांक–09.03.2025 | Glamour Motorcycle, निबंधन संख्या– BR02AC0257 चेसीस नं0- MBLJA06AMFGF14251, ईंजन नं0–JA0GEJFGF37579 | 16.07.2025 |
| 14 | 130/25 | उमलावती देवी, पति– कामेश्वर प्रसाद, ग्राम+ पो0+थाना– डालमीया, डेहरी ऑन सोन, जिला–रोहतास (बिहार) पिन–821305 | उत्पाद थाना औरंगाबाद, काण्ड सं0–254/2025, दिनांक–04.03.2025 | Tempu, निबंधन संख्या– BR24P9660, चेसीस नं0- MCESRGNPBB1701582, ईंजन नं0–R6M2847375 | 16.07.2025 |
| 15 | 136/25 | संतोष कुमार, पिता– रामप्रवेश मेहता, ग्राम–बहेरा बिगहा, पो0–अनकुपा, थाना–कुटुम्बा, जिला–औरंगाबाद (बिहार) पिन–824123 | उत्पाद थाना औरंगाबाद, काण्ड सं0–423/2025, दिनांक–22.04.2025 | Splendor Plus Motorcycle, निबंधन संख्या– BR26R9117, चेसीस नं0- MBLHAW085K4L14070 ईंजन नं0–HA10AGK4L24790 | 16.07.2025 |
| 16 | 138/25 | कामेश्वर पासवान, पिता– सुर्यदेव पासवान, ग्राम–देवरा पो0–परता थाना–औरंगाबाद, जिला–औरंगाबाद (बिहार) पिन–824111 | उत्पाद थाना औरंगाबाद, काण्ड सं0–410/2025, दिनांक–14.04.2025 | Hero Splendor Motorcycle, निबंधन संख्या– JH03AH7846, चेसीस नं0- MBLHAW120MHJB6739, ईंजन नं0–HA11EDMHJ29536 | 16.07.2025 |
| 17 | 139/25 | राजू कुमार शर्मा, पिता– शिव नारायण शर्मा, ग्राम–नरकपी, पो0–गरडीह, थाना–सलैया, जिला–औरंगाबाद (बिहार) पिन–824101 | उत्पाद थाना औरंगाबाद, काण्ड सं0–427/2025, दिनांक–22.04.2025 | Platina Motorcycle, निबंधन संख्या– BR26H4394, चेसीस नं0- MD2DDDZZZUPG91488, ईंजन नं0–DZUBUG21554 | 16.07.2025 |
| 18 | 147/25 | अशनारायण पासवान, पिता– सरयू पासवान, ग्राम–जुड़ाही, पो0–रिसियप, थाना– रिसियप, जिला–औरंगाबाद, बिहार, पिन–824102 | उत्पाद थाना औरंगाबाद, काण्ड सं0–350/2025, दिनांक–29.03.2025 | Pulsar Motorcycle, निबंधन संख्या– BR26W3959, चेसीस नं0- MD2B64BX6NPG45661, ईंजन नं0–DHXPNG67020 | 16.07.2025 |
| 19 | 153/25 | गुमनाम | उत्पाद थाना, औरंगाबाद, काण्ड सं0–484/2025, दिनांक–05.05.2025 | Hero CD Delux Motorcycle, निबंधन संख्या– BR26B9545, चेसीस नं0– MBLHA11ED89K13292, ईंजन नं0–HA11EA89K39365 | 16.07.2025 |

**अतः आप अथवा वाद से संबंधित कोई अन्य व्यक्ति, जिनका कोई हित निहित हो उपर्युक्त निर्धारित तिथि को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे अथवा आपके उपस्थित नहीं होने पर एक पक्षीय सुनवाई कर नियमानुसार वाद का निष्पादन कर दिया जाएगा।**

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

वरीय उप समाहर्त्ता–सह–
पीठासीन पदाधिकारी,
उत्पाद न्यायालय–02, औरंगाबाद

PR- 007427 (Excise) 2025-26

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**

# मतदाता सूची ईसीआई की वेबसाइट पर अपलोड दस्तावेज देने की आवश्यकता नहीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बिहार के मतदाताओं के लिए एक बड़ी राहत की खबर सामने आई है। भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य की वर्ष 2003 की मतदाता सूची को सार्वजनिक रूप से https://voters.eci.gov.in वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। इस सूची में कुल 4.96 करोड़ मतदाताओं का विवरण शामिल है। आयोग द्वारा 24 जून 2025 को जारी निर्देशों के अनुसार, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीइओ), जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीइओ) और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (ईआरओ) को यह सुनिश्चित करना है कि 1 जनवरी 2003 की अहर्ता तिथि पर आधारित मतदाता सूची सभी बीएलओ को हार्ड कॉपी में उपलब्ध कराई जाए, साथ ही यह ऑनलाइन भी सरलता से उपलब्ध हो। इस पहल से वर्तमान में बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में बड़ी सहूलियत मिलेगी। अब उन 4.96 करोड़ लोगों को किसी भी अतिरिक्त दस्तावेज़ की जरूरत नहीं है जो वर्ष 2003 की सूची में दर्ज हैं। ऐसे मतदाताओं को केवल गणना प्रपत्र भरकर जमा करना होगा, जिसके लिए सूची से अपना नाम सत्यापित किया जा सकता है।

इतना ही नहीं, अगर किसी व्यक्ति का नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में नहीं है, लेकिन उनके माता या पिता का नाम दर्ज है, तो ऐसे मामलों में भी अन्य कोई दस्तावेज़ देने की जरूरत नहीं होगी। केवल माता-पिता के नाम वाले सूची के प्रासंगिक अंश को ही प्रमाण मान लिया जाएगा।

भारत निर्वाचन आयोग ने दोहराया है कि हर चुनाव से पहले मतदाता सूची का पुनरीक्षण अनिवार्य है, जो जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 21(2)(ए) एवं निर्वाचक पंजीकरण नियमावली, 1960 के नियम 25 के तहत किया जाता है। यह प्रक्रिया गतिशील मतदाता सूची को अद्यतन रखने के लिए आवश्यक है, जो मृत्यु, स्थानांतरण, विवाह, शिक्षा, रोजगार व 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नए मतदाताओं के आधार पर निरंतर परिवर्तित होती रहती है।

साथ ही, यह भी याद दिलाया गया कि संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार, केवल वही भारतीय नागरिक मतदाता बनने के पात्र हैं, जो 18 वर्ष से अधिक आयु के हों और संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में सामान्य रूप से निवास करते हों।

## नीट में तनु ने पाई सफलता, परिजनों में खुशी का माहौल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** भारतीय वायु सेना सेवा से निवृत व एसबीआई सीनियर एसोसिएट ओम प्रकाश सिंह की बेटी तनु प्रिया सिंह ने प्रथम बार में ही नीट परीक्षा में सफलता हासिल की है। इस सफलता पर परिजनों व स्वजनों ने हर्ष का माहौल है। तनु प्रिया सिंह ने बताया कि चिकित्सक बन कर गरीब व मध्य वर्गीय लोगों की सेवा करना बचपन से सपना था। अब वह सपना साकार होगी। वह कासमा थाना क्षेत्र के दुगुल गांव निवासी ओम प्रकाश सिंह की बेटी है। उसके पिता मदनपुर भारतीय स्टेट बैंक शाखा मदनपुर में कार्यरत हैं। परिजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि तनु की सफलता से न केवल घर परिवार बल्कि समाज में खुशी है। तनु ने 720 में से 540 अंक हासिल की है। इस सफलता पर बैंक के फिल्ड आफिसर दीपक कुमार, एकाउंटेंट गोपाल ठाकुर, गौतम कुमार, विवेकानंद, शुभम कुमार सहित अन्य लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# कोईलवर पहुंचे राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, रणधीर सिंह को दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा/कोईलवर (भोजपुर)।** भोजपुर की धरती पर सोमवार को एक ऐतिहासिक क्षण देखा गया, जब बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान कोईलवर प्रखंड के राजापुर गांव पहुंचे। यहां बिहार विधान परिषद के पूर्व सदस्य और वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय रणधीर सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा राजा माचा हाई स्कूल परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जहां राज्यपाल ने स्व. रणधीर सिंह के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। अपने संबोधन में उन्होंने स्व. सिंह को जननेता, सामाजिक न्याय के प्रतीक और सेवा भावना से ओतप्रोत व्यक्ति बताया। उन्होंने कहा कि रणधीर सिंह ऐसे जनप्रतिनिधि थे जो हर जाति, वर्ग और विचारधारा से ऊपर उठकर जनता से सीधे जुड़े



रहते थे। राज्यपाल ने इस मौके पर स्व. सिंह के पुत्र और पूर्व विधान पार्षद रणविजय सिंह के कार्यों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि रणविजय सिंह अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ाते हुए बड़हरा क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर, महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम, खेल और कौशल विकास गतिविधियों, तथा पर्यावरण जागरूकता अभियानों को सफलतापूर्वक आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे युवा नेतृत्व से बिहार को बेहतर भविष्य की उम्मीद है। सभा के संयोजक रणविजय सिंह ने राज्यपाल के आगमन को जनभावनाओं का सम्मान बताया और कहा मेरे पिता की स्मृति और सेवा परंपरा को आगे बढ़ाना मेरा कर्तव्य है। महामहिम की उपस्थिति हमारी सामाजिक प्रतिबद्धता को और बल देती है। राज्यपाल के आगमन को लेकर जिला प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य व जनसंपर्क विभाग पूरी तरह से तैनात रहे। सुरक्षा के मद्देनज़र पूरे इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था। महामहिम को गार्ड ऑफ ऑनर भी प्रदान किया गया।

# रफीगंज में बिहार बदलाव सभा: प्रशांत किशोर ने मोदी-नीतीश पर बोला तीखा हमला, किए बड़े वादे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने मंगलवार को रफीगंज में 'बिहार बदलाव सभा' को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता से वोट लेकर प्रधानमंत्री मोदी गुजरात में फैक्ट्रियां लगा रहे हैं, जबकि बिहार के युवा आज भी पलायन कर दूसरे राज्यों में मजदूरी करने को मजबूर हैं। सभा से पहले प्रशांत किशोर का विभिन्न स्थानों पर नागरिक अभिनंदन किया गया। समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया और फूल-मालाओं से सम्मानित किया। सभा को संबोधित करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा बिहार में अधिकारी से लेकर नेता तक हर काम में रिश्वतखोरी कर रहे हैं—चाहे राशन कार्ड बनवाना हो या जमीन की रसीद कटवानी हो। उन्होंने कहा कि जनता पांच किलो अनाज, गैस सिलेंडर और बिजली पाकर संतुष्ट है, लेकिन यह नहीं सोच रही कि उसके बच्चों को न तो शिक्षा मिल रही है और न ही रोजगार। जनसभा में प्रशांत किशोर ने कई बड़े वादे भी किए। उन्होंने घोषणा की कि यदि दिसंबर 2025 में उनकी सरकार बनती है, तो 60 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को प्रतिमाह 2000 पेंशन दी जाएगी। साथ ही 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों को निजी स्कूलों में भी मुफ्त शिक्षा दिलाई जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार बनने के बाद किसी भी युवा को रोजगार के लिए घर छोड़कर बाहर नहीं जाना पड़ेगा, उन्हें स्थानीय स्तर पर ही 10-12 हजार रुपये प्रतिमाह की आमदनी सुनिश्चित की जाएगी। सभा में उन्होंने जनता से अपील की कि वे अपने बच्चों के भविष्य के लिए वोट करें, और उन्हें लूटने वाले नेताओं को सबक सिखाएं। इस मौके पर मुखिया बब्लू सिंह, रामाधार सिंह, तजम्मुल खान, मास्टर आरिफ रजा, शगुफ्ता यास्मीन, इस्तियाक फरहान, मनोज सिंह समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अधिवक्ताओं की मांगों को लेकर आंदोलन की तैयारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** अधिवक्ताओं की लंबित मांगों को लेकर आंदोलन की रणनीति तय करने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला विधिज्ञ संघ, औरंगाबाद में एक विशेष गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के पूर्व अध्यक्ष वरीय अधिवक्ता रसिक बिहारी सिंह ने की, जबकि संचालन अधिवक्ता नवीन कुमार ने किया। गोष्ठी में वक्ताओं ने राज्य सरकार द्वारा अधिवक्ताओं की लगातार हो रही उपेक्षा पर नाराज़गी जताई और कहा कि वर्षों से लंबित मांगों को लेकर अब अधिवक्ता समाज आंदोलन के लिए तैयार हो रहा है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने जानकारी दी कि झारखंड सरकार ने अपने अधिवक्ताओं की कई मांगें पूरी की हैं, जबकि बिहार में इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई है। पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह ने मांग की कि नवप्रवेशी अधिवक्ताओं को प्रोत्साहन राशि के रूप



में 5,000 प्रति माह दी जाए साथ ही 65 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे अधिवक्ताओं को, जो अपना लाइसेंस समर्पित कर चुके हैं, 14,000 प्रतिमाह की सहायता राशि मिले। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं एवं उनके परिवार के लिए 5 लाख से 10 लाख तक के चिकित्सा बीमा की व्यवस्था, अधिवक्ता सुरक्षा विधेयक पारित करने, शस्त्र नीति निर्माण, ग्रुप इंश्योरेंस की सुविधा, अधिवक्ताओं को सूचना आयुक्त एवं अन्य सरकारी पदों तथा समितियों में प्रतिनिधित्व देने की मांग की। इसके अलावा उन्होंने न्यायहित में प्रत्येक गांव में लीगल एड क्लिनिक खोलने की आवश्यकता भी बताई। अधिवक्ताओं ने राज्य बार काउंसिल, पटना को सक्रिय करने और बिहार में अधिवक्ता एकता को मज़बूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता प्रवीर कुमार पुरैयार, पूर्व सचिव नागेन्द्र सिंह, वरीय अधिवक्ता अकमल हसन, चन्द्रशेखर सिंह देव, रामकिशोर शर्मा, नृपेश्वर नारायण सिंह, मुकेश कुमार सिंह, रामकुमार सिंह, गिरिजेश सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, बैजनाथ सिंह, अनिल आशुतोष, परवेज अख्तर, रजनीश रघुवर, अनुराग कुमार, कामता यादव, मानरूप राम सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।

# नरसिंह स्थान में अखंड कीर्तन समापन पर भव्य भंडारा, प्रमोद सिंह ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के किराना पट्टी स्थित नरसिंह स्थान परिसर में स्थापना की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित अखंड कीर्तन का समापन सोमवार को श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। समापन के उपरांत भव्य भंडारा का आयोजन हुआ, जिसका उद्घाटन लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश महासचिव एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर प्रमोद सिंह ने आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने और सकारात्मक ऊर्ज़ा देने का कार्य करते हैं। उन्होंने प्रार्थना की कि ईश्वर का दिव्य आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे, ताकि हम धर्म, सेवा, प्रेम और भाईचारे के पथ पर निरंतर आगे बढ़ते रहें। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन स्थल पर दिनभर भक्ति संगीत गूंजता रहा और श्रद्धालु कीर्तन में लीन रहे। कार्यक्रम की व्यवस्था में अध्यक्ष राजकुमार, राजू प्रसाद गुप्ता, राजेश कुमार, धनराज विश्वकर्मा, धीरज कुमार सोनी, सत्येंद्र कुमार, प्रदीप गुप्ता, रंजीत कुमार, पप्पू गुप्ता, प्रमोद कुमार, चंदन सोनार, रामप्रसाद, शिवनंदन, कृष्ण यादव समेत कई सामाजिक कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रही।

# सीएचसी में मना राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस, डॉक्टरों को दी गई शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रफीगंज में सोमवार को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस (नेशनल डॉक्टर डे) के अवसर पर एक उत्सवपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार सिंह, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह, डीओ डॉ. मिथिलेश प्रसाद सिंह तथा जिले से आए अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में सामूहिक केक काटकर की गई। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार सिंह ने डॉक्टरों की भूमिका को समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा डॉक्टरों को धरती



पर भगवान का रूप माना जाता है। उन्हें निस्वार्थ भाव से मरीजों की सेवा करनी चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी चिकित्सा पेशे की गरिमा, सेवा भाव और समर्पण को रेखांकित किया। मौके पर रफीगंज स्वास्थ्य केंद्र के सभी डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मियों को शुभकामनाएं दी गईं और उनकी सेवा भावना की सराहना की गई। कार्यक्रम में डीपीएम मोहम्मद अनवर आलम, सीडीओ रवि रंजन, सीएमओ मो. नकीब, एसएमसी मो. नइअर आलम, डॉ. सुबोध कुमार, डॉ. संजय कुमार, डॉ. लालजी प्रसाद यादव, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. धनंजय कुमार, डॉ. जावेद, डॉ. प्रभु चंद्र ठाकुर, डॉ. जमील अख्तर, डॉ. प्रियंका कुमारी, डॉ. प्रिया शाही, डॉ. वर्षा राय सहित दर्जनों चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया। इसके अलावा प्रभारी स्वास्थ्य प्रबंधक विकास कुमार सिंह, बीसीएम सनी कुमार, बीएमसी सुभाष कुमार, अकाउंटेंट राजेश कुमार, एएनएम दावन तिग्गा, रंजना कुमारी, सुषमा बा, आशा सिन्हा, प्रीति कुमारी, वैजयंती माला, रिंकी कुमारी, प्रियंका कुमारी, हेलेना, राधा कुमारी, सुमन कुमारी तथा कार्यालय प्रभारी सुनील कुमार, रुपेश कुमार, राघवेंद्र प्रसाद, रंजीत कुमार, रविंद्र कुमार समेत सभी स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

## करंट की चपेट में आए पिता-पुत्री, पिता की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**संदेश (भोजपुर)।** संदेश थाना क्षेत्र के चिल्होस गांव में निर्माण कार्य के दौरान करंट की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसकी पुत्री गंभीर रूप से झुलस गई। मृतक की पहचान 55 वर्षीय सुरेंद्र चौधरी के रूप में हुई है, जो इंद्रदेव चौधरी के पुत्र थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुरेंद्र चौधरी अपने घर में निर्माण कार्य करवा रहे थे। इस दौरान लोहे की छड़ की आवश्यकता पड़ी, जिसे वह अपनी बेटी मुस्कान कुमारी के साथ मिलकर पास के दालान से ला रहे थे। छड़ को उठाने के दौरान वह अचानक घर के ऊपर से गुजरे बिजली के खुले तार की चपेट में आ गए।

# चादरपोशी कर प्रशांत किशोर ने मांगी बिहार की तरक्की की दुआ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** जनसंपर्क रणनीतिकार से राजनेता बने प्रशांत किशोर उर्फ पीके सोमवार को रफीगंज प्रखंड के केराप शरीफ स्थित खानकाह मजहरिया अबुल ओलाईया - आस्ताना मंजिले रहमत पहुंचे, जहां उन्होंने सूफी संत सैयद शाह मोहम्मद ईनामुर रब की दरगाह पर चादरपोशी कर बिहार के अमन, भाईचारे और विकास के लिए विशेष दुआ मांगी। इस अवसर पर प्रशांत किशोर ने कहा कि यह स्थल मेरे लिए सिर्फ एक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि आत्मिक ऊर्ज़ा का स्रोत है। मैंने दुआ मांगी है कि आगामी विधानसभा चुनाव में जनता का भरोसा हमें मिले और हम सत्ता में आकर बिहार में समृद्धि और विकास की एक नई इबारत लिख सकें। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें जनता का आशीर्वाद मिला, तो रफीगंज, केराप और पूरे औरंगाबाद सहित बिहार के हर जिले



में विकास की गंगा बहाई जाएगी। पीके ने बताया कि उनकी यात्रा सिर्फ राजनीतिक नहीं, बल्कि सामाजिक और आध्यात्मिक संवाद का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि बिहार को सिर्फ नारों की नहीं, नीयत और नीतियों की ज़रूरत है। उनकी पार्टी का लक्ष्य है 'जनता का शासन, जनता के लिए', जिसमें हर वर्ग, हर धर्म और हर समाज की बराबरी हो। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें सैयद शाह आमिर शाहिद, मोहम्मद जयाउर रब कादरी अबुल ओलाई, मशहदूर रब, सैयद अबूजर फैजी, आरिज़ सिमनानी, सैयद अदनान अय्याजी, मोहम्मद इस्तियाक, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद नूरी सलाम, मोहम्मद जाहिद, मोहम्मद समीम, सूरज, छोटू समेत कई अन्य श्रद्धालु शामिल थे। पूरा माहौल सूफियाना रंग में रंगा रहा और श्रद्धा, उम्मीद व विकास की दुआओं के बीच पीके की यह यात्रा राजनीति और आध्यात्मिकता के संगम का प्रतीक बन गई।

# भूमि विवाद में मां-बेटा जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जमीनी विवाद में दो पाटीदारों के बीच मारपीट की घटना घटी। इस घटना में मां-बेटा गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मामला नवीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र के उपाध्याय बिगहा की हैं। जख्मियों में उस गांव निवासी स्नेही कुंवर व पुत्र शिवशक्ति कुमार पाठक शामिल है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मी शिवशक्ति पाठक ने बताया कि 20 वर्ष पूर्व पाटीदारों से जमीन का बटवारा हो चुका है। पटीदारों ने अपने जमीन में मकान बना लिया, हमारे जमीन पर खेतीबाड़ी की जा रही है जिसे पाटीदारों द्वारा जबरदस्ती कब्जा किया जा रहा है। आज अचानक वे



लोग खेत पर पहुंचे और फसल बर्बाद करने लगे विरोध करने पर पाटीदारों ने लाठी-डंडे व धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे दोनों मां-बेटा गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद परिजनों ने जख्मियों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के चिकित्सकों ने उपचार किया, फिलहाल घटना की सूचना टंडवा थाना की पुलिस को दी गयी है।

# लोक अदालत 13 सितंबर को, तैयारियों में जुटा प्राधिकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** 13 सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल के प्रकोष्ठ में बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लाल बिहारी पासवान ने किया। बैठक में अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी दीवान फहद खान, अपर मुख्य न्यायिक न्यायिक संदीप कुमार सिंह, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रदीप चंद्रा, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी शुभंकर शुक्ला उपस्थित थे। सचिव द्वारा न्यायिक पदाधिकारियों से लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु आगे की रूप रेखा रखी गई। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के द्वारा न्यायिक पदाधिकारियों को अपने न्यायालय से संबंधित सुलहनीय वादों को चिह्नित कर उससे से संबंधित पक्षकार की सूचना और नोटिस की अद्यतन जानकारी प्राधिकार को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया, ताकि समय रहते सम्बन्धित पक्षकारों से प्री-काउन्सलिंग कर ज्यादा-से ज्यादा वादों का निष्पादन कराया जा सके जिसपर उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों के द्वारा अपने-अपने न्यायालय संबंधित पुरी सूची प्राधिकार को उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। विदित है कि 13.09.2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्राधिकार में वृहत रूप से तैयारी अभी से ही किया जा रहा है। सचिव द्वारा बताया गया कि लोक अदालत वादों का निस्तारण सुलह के आधार पर कराने का एक सशक्त माध्यम है जिसमें संबधित को त्वरित न्याय प्राप्त होता है। सचिव द्वारा आम जन से भी अपील किया गया गया कि 13 सितंबर को आयोजित लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठायें। किसी भी व्यक्ति को अपने सुलहनीय वाद का निस्तारण लोक अदालत में करवाना चाहते हैं तो किसी भी कार्य दिवस में जिला विधिक सेवा प्राधिकार में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## पानी फेंकने के विवाद में महिला जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बारिश का पानी दरवाजा पर फेंकने को लेकर मारपीट की घटना घटी। इस घटना में एक महिला जख्मी हो गयी। मामला रफीगंज प्रखंड के कासमा थाना क्षेत्र के बिखनपुरा गांव की हैं। जख्मी महिला की पहचान उस गांव निवासी प्रवेश शर्मा की पत्नी आरती देवी के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान महिला ने बताया कि बारिश का पानी पड़ोसी के दरवाजे के बाहर भर गया। इसके बाद पड़ोसी जमे हुए पानी को मेरे दरवाजे पर फेंक दिया। इसके बाद पानी घर मे घुस गया, जब आरती ने मना किया तो पड़ोसियों ने मारपीट की। घटना के बाद परिजनों ने महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

# बीस सूत्री समिति की बैठक में उठे तीखे सवाल, अधिकारियों पर लापरवाही के आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को आयोजित बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक में जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विभागों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए। बैठक की शुरुआत होते ही अधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा और सरकारी गाइडलाइन की अनदेखी को लेकर समिति के सदस्य भड़क उठे। स्वास्थ्य विभाग पर निशाना साधते हुए सदस्य कौशल शर्मा ने आरोप लगाया कि प्रखंड में आमसभा के माध्यम से आशा कार्यकर्ताओं का चयन होना था, लेकिन विभाग द्वारा जारी पत्र में न तो प्रमुख समेत किसी जनप्रतिनिधि की भूमिका का उल्लेख किया गया और न ही चयन प्रक्रिया की गाइडलाइन स्पष्ट की गई।



उन्होंने कहा कि 30 जून तक चयन प्रक्रिया पूरी होनी थी, लेकिन विभाग ने जानबूझकर प्रक्रिया को टाल दिया। जब इस पर प्रखंड चिकित्सा प्रभारी डॉ. कुणाल कामाख्या नारायण से जवाब मांगा गया तो वे संतोषजनक उत्तर देने में असमर्थ दिखे। कभी मौखिक स्पष्टीकरण देते, तो कभी जिले के अन्य प्रखंडों में चयन नहीं होने का हवाला देते रहे। सदस्यों ने आरोप लगाया कि विभाग अपने मनपसंद लोगों को चयनित करने की मंशा से प्रक्रिया को लटका रहा है। शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर भी जमकर सवाल उठे। सदस्य श्रीकांत कुमार वर्मा ने कहा कि बीआरसी कार्यालय में कार्यरत राहुल कुमार का अनुबंध समाप्त हो चुका है, फिर भी वह वहां लगातार उपस्थित रहता है। कोइलवां विद्यालय की शिक्षिका पुष्पांजलि कुमारी को प्रताड़ित करने और विद्यालय में राजनीतिक माहौल बनाने का आरोप भी लगाया गया। इन आरोपों पर प्रभारी बीइओ अशोक कुमार संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इसके अलावा कृषि विभाग, पीएम आवास योजना, बैंकिंग व्यवस्था, बिजली आपूर्ति और क्षेत्र में नशाखोरी के बढ़ते मामलों पर भी सदस्यों ने नाराजगी जताई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे बीस सूत्री समिति के अध्यक्ष चंद्रकांत मुन्ना ने सभी उठे मुद्दों को बैठक की कार्यवृत्ति (प्रोसिडिंग) में दर्ज करने का निर्देश दिया। बैठक में प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह, बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी, सीओ कौशल्या कुमारी, थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, सीडीपीओ ओनम, मनरेगा पीओ शशि कुमारी, बिजली जेई प्रकाश कुमार, बैंक प्रतिनिधि शैलेश कुमार, बीसीओ अभिनीत कुमार, पीएम आवास सुपरवाइजर आर्य नंदन, उपाध्यक्ष चंद्रेश पटेल, तथा जयकृष्ण पटेल, अमन कुशवाहा, ललन पंडित, डॉ. फैज़ अहमद, गंगा देयाल पासवान समेत अन्य पदाधिकारी और समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं.: इनोकुलम प्लांट-केपीए-सी-2025, दिनांक: 27.06.2025**, उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/सी, पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा वर्कशॉप, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल, पिन-743145 खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नाम तथा स्थान:** कैरिज कॉम्प्लेक्स, कांचरापाड़ा में 100M³ क्षमता x 2 आरसीसी इनोकुलम जनरेशन सुविधा संयंत्र का निर्माण; **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 95,03,296.23; **निविदा दस्तावेज़ लागत (टीडीसी):** शून्य। **वेबसाइट जहां से निविदा दस्तावेज उपलब्ध होंगे:** निविदा दस्तावेज़ का पूरा सेट भारतीय रेलवे की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर 26.06.2025 से 18.07.2025 को 14.00 बजे तक उपलब्ध है। **जमा की जाने वाली बोली सुरक्षा:** रु.1,90,100.00; **कार्य पूरा होने की अवधि:** 04 (चार) माह; **विज्ञापन अवधि:** 26.06.2025 से 18.07.2025 14.00 बजे तक; **प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अवधि:** 04.07.2025 से 18.07.2025 14.00 बजे तक; **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 18.07.2025 14.00 बजे तक; **निविदा की वैधता:** 69 (उनहत्तर) दिन। **निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** निविदा दिनांक 18.07.2025 को 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी।

(MISC-112/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा रद्द**

ई-निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1223-2025-26, दिनांक: 06.06.2025 वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, पूर्व रेलवे, सियालदह, नियंत्रण भवन, प्रथम तल, डीआरएम कार्यालय, कैसर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा पूर्व प्रकाशित की गई थी, जो कुछ तकनीकी कारणों से **रद्द** कर दी गई है।

(SDAH-103/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. एलआरसी-3_सीटी_आरएम पीयू-लीक-पीटी-II दिनांक: 28.06.2025.** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (एलएचबी), पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा, पिन-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए वित्तीय एवं तकनीकी रूप से सक्षम निविदाकारों से ऑनलाइन ई-निविदा (खुली निविदा) आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** "क्लीनर और प्राइमर के साथ पीयू सीलेंट एडहेसिव की आपूर्ति और उसका अनुप्रयोग, पानी के रिसाव के लिए आरएमपीयू के फ्लोर और जोड़ों का परीक्षण और एलएचबी एसी कोचों के आरएमपीयू के एफआरपी फ्लोर की पूर्ण मरम्मत"; **निविदा दस्तावेज लागत:** रु. 0.00; **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 1,30,52,659.50; **बयाना राशि:** रु. 2,15,300.00; **निविदा समापन तिथि एवं समय:** 16.07.2025 को 14:00 बजे। वेबसाइट जहां निविदा का पूरा विवरण उपलब्ध है: **www.ireps.gov.in**

(MISC-110/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्य में एसडीएम ने की सहयोग की अपील

## मसौढ़ी में एसडीएम ने की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को लेकर अनुमंडल कार्यालय में एसडीएम अभिषेक कुमार की अध्यक्षता मे विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण में राजनैतिक दलों के नेताओं से बीएलओ को सहयोग करने को लेकर बैठक की। जिसमें राजनीतिक दल के नेताओं से सहयोग की अपील की गई। बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं ने भाग लिया। प्रतिनिधियों को चुनाव आयोग के निर्देश से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि चुनाव का नया निर्देश आया है, जिसमें मतदाताओं का नये सिरे से भौतिक सत्यापन कार्य होना है। इसके लिए मतदाता स्तर के पदाधिकारी (बीएलओ) प्रत्येक घर जाकर पहले से भरे हुए एन्यूमरेशन फॉर्म (दो प्रतियों में) वितरित करेंगे और उन्हें भरने में मतदाताओं का मार्गदर्शन करेंगे। बीएलओ कम से कम तीन बार दोबारा जाकर फॉर्म संग्रह करने का प्रयास करेंगे। इच्छुक मतदाता प्री-फिल्ड एन्यूमरेशन फॉर्म को ऑनलाइन डाउनलोड कर सकते हैं। भरा हुआ फॉर्म और दस्तावेज भी ऑनलाइन अपलोड कर सकते हैं। हर मतदाता को यह फॉर्म आवश्यक जानकारी व स्वप्रमाणित दस्तावेजों के साथ भरकर बीएलओ को देना होगा। बीएलओ द्वारा फॉर्म जमा करने के बाद एक प्रति अपने पास रखी जाएगी और दूसरी प्रति पर स्वीकृति की रसीद देकर यह मतदाता को लौटा दी जाएगी। ऑनलाइन फॉर्म भरने वालों के दस्तावेजों का सत्यापन भी घर पर होगा। यदि किसी मतदाता ने ऑनलाइन माध्यम से फॉर्म और दस्तावेज अपलोड किए है, तो बीएलओ उनके घर जाकर दस्तावेजों का सत्यापन करेंगे। प्रारूप मतदाता सूची में उन्हीं मतदाताओं के नाम शामिल किए जाएंगे, जिन्होंने हाउस-टू-हाउस सर्वे के दौरान फॉर्म जमा किए हैं या जिन्होंने फॉर्म ऑनलाइन जमा करवा दिए हैं और जिन्हें बीएलओ द्वारा सत्यापित किया गया है। जिन मतदाताओं ने समय पर फॉर्म नहीं जमा किया, उनके नाम प्रारूप सूची में शामिल नहीं किए जाएंगे।प्रारूप मतदाता सूची में उन्हीं मतदाताओं के नाम शामिल किए जाएंगे, जिन्होंने हाउस-टू-हाउस सर्वे के दौरान फॉर्म जमा किए हैं या जिन्होंने फॉर्म ऑनलाइन जमा करवा दिए हैं और जिन्हें बीएलओ द्वारा सत्यापित किया गया है। जिन मतदाताओं ने समय पर फॉर्म नहीं जमा किया, उनके नाम प्रारूप सूची में शामिल नहीं किए जाएंगे। ऐसी स्थिति में आमजनों का सहयोग जरूरी है। मौके पर राजनीतिक दलों में जदयु नगर अध्यक्ष अश्वनी उर्फ गोल्डी, ग्रामीण अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, अशोक शर्मा, लोजपा के मंतोष पासवान, सीपीआई के उमेश राम, भाकपा माले के नागेंद्र प्रसाद एवं शशि भूषण यादव, सीपीएम के छत्रपाल सिंह, कांग्रेस के मृत्युंजय पांडे आदि उपस्थित रहे।




## सड़क के बीचो-बीच गिरा पेड़, घंटों यातायात बाधित

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी नगर मुख्यालय के अनुमंडल कार्यालय चौराहा के पास मंगलवार की दोपहर तकरीबन 1:00 बजे सड़क के बीचो-बीच सड़क के बाई और से एक पेड़ गिर पड़ा। हालांकि इस घटना से बाल बाल एक स्कॉर्पियो वहान और आसपास के दुकानदार बच गए। पेड़ गिरने के बाद तकरीबन डेढ़ घंटे तक यातायात बाधित रही, वहीं बिजली आपूर्ति भी पूर्णतः ठप्प हो गई है। आनन-फानन में घटना की सूचना मिलते ही बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सबसे पहले पेड़ को काटकर हटाया गया और उसके बाद बिजली दुरुस्त करने में जुट गए, आसपास के स्थानीय लोगों ने बताया कि यह दोपहर तकरीबन 1:00 के आसपास अचानक पेड़ अपने आप गिर गई। यह तो गनीमत रही कि पेड़ के गिरने के कारण दुकानदार के साथ अप्रिय घटना से बच गए, फिलहाल डेढ़ घंटो के बाद यातायात और बिजली दुरूस्त कर ली गई। यातायात जारी होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

## एक नजर

### देसी कट्टा के साथ तीन गिरफ्तार

**पालीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दुल्हिन बाजार थाना की पुलिस ने हत्या की धमकी देने के मामले में तीन युवकों को एक देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अपराधियों की पहचान सरकूना गांव निवासी सनी कुमार, मजनू कुमार और विपिन कुमार के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार 3 जून को सरकूना गांव के एक व्यक्ति ने थाने में जान से मारने की धमकी देने को लेकर शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी सनी कुमार समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से एक देशी कट्टा भी बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि ये युवक इलाके में अपनी धमक बनाने के लिए लोगों को हथियार दिखाकर डराया करते थे। फिलहाल पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

### व्यवसायी उमेश कुमार को दी गई श्रद्धांजलि

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जगदीशपुर नगर के वार्ड संख्या-13 सब्जी मंडी के समीप आयोजित श्रद्धाजंलि सह श्राद्धकर्म में दिवंगत व्यवसायी सह समाजसेवी उमेश कुमार को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर नगर के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिन्होंने उमेश कुमार की तस्वीर के समक्ष पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया। नपं चेयरमैन संतोष कुमार यादव, उप चेयरमैन धनुपरा देवी, बीजेपी नगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र साह, वार्ड पार्षद अनवारुल अंसारी, सुनील कुमार पांडा, सुनील कुमार गुप्ता सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे। सभी ने उमेश कुमार की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया और उनके परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। उल्लेखनीय है कि उमेश कुमार जगदीशपुर नगर के व्यवसायी और समाजसेवी थे। उनका 17 जून को 50 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह वार्ड संख्या-15 दुलौर गली मुहल्ला निवासी स्वर्गीय रामजी प्रसाद के सबसे छोटे पुत्र थे। उमेश कुमार एक सफल व्यवसायी होने के साथ ही सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों में भी सक्रिय रहते थे।

# स्वास्थ्य शिविर में 800 लोगों को दी गई मुफ्त दवा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** टीकाकरण से मनाही वाले गांव में, यूनिसेफ के पीसीआई और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को मसौढी प्रखंड के खरांट पंचायत के पोआवा गांव में मुखिया लक्ष्मी देवी के नेतृत्व में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जहां मुफ्त में दवाइयां भी दी गईं। यह शिविर उन लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल थी जो टीकाकरण के प्रति अनिच्छुक थे, या जिन्हें स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच प्राप्त करने में कठिनाई हो रही थी। सीएचओ अनामिका कुमारी ने बताया की इस स्वास्थ्य शिविर में, ग्रामीणों को सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप और रक्त शर्करा की निगरानी जैसी सेवाएं प्रदान की गईं। इसके अतिरिक्त, आवश्यक दवाएं मुफ्त में वितरित की गईं, और स्वास्थ्य शिक्षा भी दी गई। यह सुनिश्चित किया गया कि शिविर में आने वाले सभी लोगों को आवश्यक चिकित्सा सहायता प्राप्त हो, भले ही वे टीकाकरण के बारे में संशय में हों। डॉ आनंद और डॉ इरफान ने बताया की इस तरह के स्वास्थ्य शिविर, विशेष रूप से टीकाकरण से मनाही वाले क्षेत्रों में, न केवल बीमारियों का पता लगाने और उनका इलाज करने में मदद करते हैं, बल्कि समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुखिया लक्ष्मी देवी ने बताया की इस पहल के माध्यम से, ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच प्राप्त करने और टीकाकरण के महत्व को समझने में मदद मिली, जिससे समुदाय के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

# मुहर्रम जुलूस का रूट व समय तय, असामाजिक तत्वों पर होगी कार्रवाई

## मुहर्रम को लेकर मसौढ़ी थाने में शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मुहर्रम को लेकर मंगलवार को मसौढ़ी थाने में थानाध्यक्ष अनिल कुमार की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। आगामी 7 जुलाई को मुहर्रम मनाया जाएगा। बैठक में शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने का निर्णय लिया गया। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने लोगों से अफवाहों से दूर रहने और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। बैठक में जुलूस का रूट और समय निर्धारित कर दिया गया है। थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र में 14 जगहों से लाईसेंस के लिए आवेदन आये है। सबो को निर्देशित किया गया है कि बिना लाइसेंस के कोई भी अखाड़ा जुलूस नहीं निकल जाएगा, इसके अलावा डीजे पर पूर्णत पाबंदी रहेगी। इसके अलावा उन्होंने बताया की ताजिया जुलूस के दौरान विधि व्यवस्था, भीड़ संधारण, सुदृढ़ व्यवस्था को लेकर सभी पुलिस पदाधिकारी को टास्क दिया गया है हर ताजिया जुलूस के साथ पुलिस पदाधिकारी की टैगिंग की जायेगी उसके पूरे रूट प्लान की चर्चा की गई है। इसके अलावा पुलिस पेट्रोलिंग सख्त की जाएगी। थानाध्यक्ष ने बताया कि पूरे मसौढ़ी शहर में कुल सात जगह से ताजिया जुलूस निकाली जाती है। जिसमें सबसे पहले तरेगना डीह, रहमतगंज, कश्मीरगंज, पुरानी बाजार, मालिकाना और मलकाना स्थित फैजाबाद मोहल्ले से ताजिया जुलूस निकाली जाती है। बैठक में आशीष देव, डॉ रामजयपाल सिंह,पालटन सिंह, डॉ सुनील गावस्कर, सुनील कुमार वर्मा, विश्वरंजन, मसूद रजा, लालमोहन सिंह, गोपाल सिंह, कृष्णा सिंह, संतोष अनमोल, रफीक अहमद समेत कई लोग शामिल रहे।



# दिनदहाड़े पिस्तौल का भय दिखा कर आभूषण दुकानदार से की लूटपाट

## घर से दुकान जाने के दौरान बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के नदौल- पीपला रोड में मंगलवार की सुबह करीब 10:00 बजे घर से ज्वेलर्स दुकान जाने के दौरान एक आभूषण दुकानदार के साथ दिनदहाड़े पिस्तौल दिखाकर लूटपाट करने का मामला प्रकाश में आया है। दरअसल मनीशंकर कुमार पिता तुलसी प्रसाद, प्रेम रोड लखीबाग निवासी ने थाने में आवेदन देकर गुहार लगाया है कि करीब सुबह 10:00 बजे अपने घर से पीपला गीता ज्वेलर्स दुकान जा रहा था, इस बीच नदौल और पिपल के बीच समय करीब 10:30 बजे सुबह एक मोटरसाइकिल पर सवार 3 अपराधी आए और मुझे गाड़ी रुकवा कर पिस्तौल सटाकर मेरे साथ लूटपाट किया है, जिसमें सोने का सामान में दो जोड़ा झुमका और तीन जोड़ा टॉप्स, दो पीस मंगलसूत्र एक पीस अंगूठी जिसका वजन लगभग 35 ग्राम इसके अलावा मोबाइल,दुकान का चाबी, पर्स, आधार कार्ड, एटीएम है जो लगभग 2 लाख का कुल राशि है, जो लूटपाट कर भाग गया है, बहरहाल सूचना मिलते ही मसौढी पुलिस नदौल पीपला रोड में आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और पूरे मामले की बिंदुवार जांच में जुटी है।



# एसबीआई के 70वें स्थापना दिवस पर छात्र-छात्राओं का किया गया मार्गदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** एसबीआई के 70 वें स्थापना दिवस के अवसर पर एसबीआई क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय के अधिकारियों ने सीतयोग इंजीनियरिंग कॉलेज का दौरा कर उपस्थित छात्र-छात्राओं को उनकी भावी कैरियर के बारे में विस्तार पूर्वक परामर्श दिया एवं उन्हें भारतीय स्टेट बैंक में प्रोबेशनरी ऑफिसर के नई 514 नियुक्ति के बारे में अवगत कराया गया। उपस्थित बैंक अधिकारियों के द्वारा बताया गया कि आवेदन की अंतिम तिथि 14 जुलाई 2025 है‍ इस दौरान एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक अमित कुमार ने बैंक की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के बारे में छात्रों को अवगत कराया तथा कैरियर के रूप में एसबीआई को चुनने एवं इसके विविध लाभों के बारे में बताया।उन्होंने कहा कि नियुक्ति के बारे में विस्तृत जानकारी एसबीआई के वेबसाइट पर उपलब्ध है।इस दौरान सीतयोग इंजीनियरिंग कॉलेज के सचिव राजेश कुमार सिंह ने बैंकिंग सेवा के द्वारा समाज को लाभ एवं कैरियर के रूप में चुनने से लाभ के बारे में प्रकाश डाला। इस अवसर पर सीतयोग इंजीनियरिंग कॉलेज के अध्यक्ष कुमार योगेंद्र नारायण सिंह, सचिव राजेश कुमार सिंह,प्रधानाध्यापक एसके झा, बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अमित कुमार के अलावा वरीय अधिकारी उपस्थित रहे।




# लूडो खेल रहे युवक को बाइक सवार अपराधियों ने मारी गोली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पटना-गया एनएच धनरूआ थाना क्षेत्र के दमडीचक मोड़ के समीप गोलु लाइन होटल के पास लूडो खेल रहे एक युवक को दो बाईक पर सवार चार अपराधियों ने गोली मार दी है। जिसे आनन फानन में इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल मसौढ़ी से पटना पीएमसीएच रेफर किया गया है। जख्मी युवक का नाम सुमित कुमार उम्र 16वर्ष पिता सुधीर सिंह ग्राम तारेगना गोला थाना मसौढ़ी है, थाना अध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया कि एनएच 22 के गोलू ढाबा में पांच-छह युवक लूडो खेल रहे थे उसकी दौरान एक युवक को दो मोटरसाइकिल पर चार अपराधी आए गोली मारकर भाग गए। जख्मी युवक का कमर के पास गोली लगी है। जख्मी को मसौढी से पी0एम0सी0एच0 के लिए रेफर कर दिया गया है, स्थिति सामान्य है। बहरहाल इस घटना के बीच कुछ देर के लिए अफरा तफरी माहौल हो गया है, मौके पर पहुंचे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी -2 कन्हैया कुमार घटनास्थल पर आसपास के होटल और ढाबा के सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में जुटे है वही इस मामले में कुछ युवा को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया कि चार-पांच दिन पहले दो गुटों में किसी बात को लेकर कहा सुनी और झगड़ा हुई थी, शायद इसी बात को लेकर गोली मारी गई है फिलहाल बिंदुवार जांच की जा रही है।

# बाइक की ठोकर में दो जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी नौबतपुर मार्ग में मसौढ़ी थाना क्षेत्र के मोहद्दीनपुर गांव के समीप एक काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों ने लहरिया कट चला कर एक अपाची मोटरसाइकिल में ठोकर मार दी, जिसमें गंभीर रूप में दो लोग जख्मी हो गये है, उसके बाद मारपीट की घटना हुई है। दरअसल बताया जाता है की सनी कुमार अपने फुफ़ेरे भाई सतीश को अपाची मोटरसाइकिल से रामपुर बिदौली थाना नौबतपुर छोड़ने जा रहे था, इसी दौरान पल्सर बाईक पर सवार कुछ बदमाशों ने उन्हें मार पिट कर घायल कर दिया। घायल सनी कुमार का कहना है कि हेलमेट पहने हुए थे इसलिए चोट कम लगी।

# बियाडा की बैठक में उद्यमियों की आवाज को मिला मंच और मार्गदर्शन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बियाडा) द्वारा प्रत्येक मंगलवार को आयोजित की जाने वाली नियमित संवाद एवं शिकायत निवारण बैठक के तहत, इस मंगलवार को भी राज्यभर के उद्यमियों के साथ हाइब्रिड मोड में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बियाडा के प्रबंध निदेशक श्री कुंदन कुमार (भा.प्र.से.) ने की। बैठक में राज्य के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से उद्यमियों ने भाग लिया, जिनमें से तीन उद्यमी ऑनलाइन माध्यम से तथा दो उद्यमी ऑफलाइन मोड में बैठक से जुड़े। औद्योगिक क्षेत्र बिक्रमगंज, बक्सर (आई.ए), बिहटा (आई.ए), पूर्णिया(आई.ए) और बरौनी(आई.ए) जैसे क्षेत्रों से संबंधित मुद्दों को बैठक में उठाया गया।

बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए, प्रबंध निदेशक ने सभी औद्योगिक क्षेत्रों में अतिरिक्त सावधानी बरतने और समुचित प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी प्रकार की जलजमाव, बिजली बाधा या अन्य असुविधा से उद्यमियों को कोई परेशानी न हो। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि मौसम संबंधी चुनौतियों को पहले से भांपते हुए सक्रिय तैयारी की जाए, जिससे उद्योग संचालन निर्बाध रूप से चलता रहे।

बैठक में आईडीए, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (SBPDCL) और नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (NBPDCL) के नोडल अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने हर समस्या पर तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए सहयोग और समाधान की प्रतिबद्धता जताई। कुंदन कुमार ने सभी मामलों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## पेज 1 का शेष

### 882 करोड़ से होगा...

तीन लाख रुपये तक की सुविधा दी जाएगी। नेत्र रोग की सर्जरी के लिए 20 से 40 हजार रुपये दी जाएगी। किडनी प्रत्यारोपण के लिए अधिकतम 3 लाख रुपये, कुल्हा प्रत्यारोपण के लिए 1.70 लाख, घुटना बदलने के लिए 1.50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इन रोगों के साथ कुल 16 तरह के रोगों के लिए राशि मुहैया कराई जाएगी। राज्य सरकार अब पटना उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश, सेवानिवृत्त न्यायाधीशों और सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन न्यायाधीश को 55 हजार से 60 हजार रुपये प्रति महीने घरेलू सहायत भत्ता दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त 15 हजार रुपये टेलिफोन एवं इंटरनेट भत्ता के तौर पर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्ति कैबिनेट ने अररिया के रामपुर कोदरकट्टी में राजकीय मेडिकल कॉलेज के लिए 20.60 एकड़ एवं बेगूसराय में सिमरिया घाट/धाम के विकास के लिए 40 एकड़ एवं 25.5 डिसमिल जमीन पर्यटन विभाग को स्थानांतरित किया है। वहीं बिहार फैक्ट्री नियमावली में बदलाव किया गया। इसके तहत अब खतरनाक कारखानों में गर्भवती और दुग्धपान कराने वाली महिलाओं को छोड़कर अन्य सभी महिलाएं इसमें काम कर सकेंगी। पहले कोई महिला किसी खतरनाक फैक्ट्री में काम नहीं कर सकती थी। इस प्रावधान में बदलाव किया गया है। भोजपुर जिला में गोकुल जलाश्य के संरक्षण के लिए कार्ययोजना को मंजूरी दी गई है। इसके लए 32 करोड़ 48 लाख रुपये जारी की गई है। कृषि विभाग के तहत नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना के क्रियान्वयन के लिए 2025-26 के लिए 36 करोड़ 35 लाख रुपये जारी किए गए हैं। चतुर्थ कृषि रोड मैप के तहत केंद्र प्रायोजित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत अनुमंडल स्तरीय मिट्टी जांच प्रयोगशाला की स्थापना और मिट्टी जांच प्रयोगशाला के सुदृढ़ीकरण के लिए 30 करोड़ 49 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है।

### मोदी कैबिनेट ने प्रोत्साहन...

के अंतर्गत पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को भी प्रोत्साहन दिया जाएगा। प्रत्येक नए कर्मचारी के लिए 3,000 प्रति माह तक की प्रोत्साहन राशि दो वर्षों तक दी जाएगी। यह प्रोत्साहन उन नियोक्ताओं को मिलेगा जो ऐसे कर्मचारियों को नियुक्त करेंगे जिनका वेतन 1 लाख रुपए प्रतिमाह तक है। निर्माण क्षेत्र के लिए यह प्रोत्साहन तीसरे और चौथे वर्ष तक भी जारी रहेगा। सरकार ने देश में शोध, नवाचार और बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए बड़े फैसले लिए हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को जानकारी दी कि केंद्रीय कैबिनेट ने रिसर्च डेवलपमेंट और इनोवेशन स्कीम को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत देश में शोध को प्रोत्साहित किया जाएगा। इस योजना के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को एक व्यापक खेलो भारत नीति, 2025 को मंजूरी दे दी है। जिसका उद्देश्य 2047 तक भारत को शीर्ष पांच खेल राष्ट्रों में से एक बनाना है। कैबिनेट द्वारा लिए गए निर्णयों के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलों पर ध्यान केंद्रित किया है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि नई नीति इसी प्रयास का हिस्सा है। मंत्री ने कहा कि दूसरा मुख्य उद्देश्य खेलों को 'जन आंदोलन' बनाना है।

### मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना ...

ने इस योजना के बारे में बताया कि स्कीम का भौतिक आकार एवं कार्यान्वयन की समय सीमा राज्य के युवाओं को बाजार की मांग के अनुरूप अत्याधुनिक, रोजगारोन्मुखी कौशल एवं कार्यस्थल तत्परता से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा' योजना प्रारंभ की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत बिहार के ऐसे युवा, जो राज्य में स्थित एमएसएमई इकाइयों, राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित सार्वजनिक उपक्रमों तथा विभिन्न सरकारी संस्थानों में इंटर्नशिप के लिए नियोजित किया जायेगा। इस योजना का लाभ 18 से 28 वर्ष की आयु के वे युवा ले सकेंगे, जिन्होंने कौशल विकास कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त किया हो अथवा प्रमाणित हों, या जिनकी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक अथवा स्नातकोत्तर हो। उन्होंने बताया कि 'मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के अंतर्गत इंटर्नशिप की अवधि प्रक्षेत्रों एवं नियोक्ता प्रतिष्ठानों की आवश्यकतानुसार न्यूनतम 3 माह एवं अधिकतम 12 माह निर्धारित की जाएगी, जो संबंधित उद्योगों एवं सरकारी संस्थानों की आवश्यकताओं के अनुरूप होगी। चयनित युवा इन संस्थानों में इंटर्नशिप कर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर सकेंगे, जिससे उनकी रोजगार क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

### जदयू कार्यालय में पीएम...

के नेतृत्व में चुनाव लड़ता है। दोनों को जनता आशीर्वाद देती है। एक साथ दोनों की तस्वीर देख जनता उत्साहित होती है। यह हमारी एकजुटता और आपसी तालमेल को दर्शाता है। इसपर वो लोग सवाल उठा रहे हैं, जिनके यहां आपस में नूराकुश्ती चल रही है। कांग्रेस तेजस्वी यादव को चेहरा मानने को तैयार नहीं है और तेजस्वी यादव कांग्रेस को अधिक सीट देने को तैयार नहीं हैं। कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राजेश राठौड़ ने कहा कि हमलोग पहले से ही कह रहे थे कि नीतीश कुमार आरएसएस और नरेंद्र मोदी के गोद में बैठ गए हैं। अब नीतीश कुमार अपने कार्यालय में नरेंद्र मोदी का पोस्टर लगाकर इस बात को प्रमाणित कर चुके हैं। आने वाले दिनों में पता चलेगा कि नीतीश कुमार के अंदर जो समाजवाद का खून था, वह खत्म हो चुका है। वहीं, भाजपा प्रवक्ता दानिश इकबाल ने जदयू के पोस्टर पर कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर एक सकारात्मक संकेत है। यह दर्शाता है कि बिहार के विकास के लिए एनडीए एकजुट है। सबका साथ और सबके विकास के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। जो लोग दुष्प्रचार फैला रहे हैं कि जदयू को भाजपा खत्म कर देगी, उनके लिए यह जवाब है। यह गठबंधन सत्ता का नहीं, विचार और विकास का गठबंधन है। उल्टे बिहार में कांग्रेस को राजद खत्म कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### माकपा नेता को दी गयी अंतिम विदाई

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के वरिष्ठ माकपा नेता राजकौशल मिश्र को उनके निवास स्थान पर पहुंचकर माकपा नेताओं ने अंतिम विदाई दी। 95 वर्षीय श्री मिश्र का निधन उनके नौरंगिया स्थित आवास पर हो गया था। माकपा के जिला मंत्री चांदसी प्रसाद यादव, प्रभुनाथ गुप्ता, शंकर कुमार राव, नीरज बरनवाल, सुशील श्रीवास्तव, मनोज कुशवाहा, भाकपा माले के विधायक विरेन्द्र गुप्ता, लोकसंघर्ष समिति के पंकज ने लाल झंडा देकर अंतिम विदाई दी। नेताओं ने उनके निधन पर अपूरणीय क्षति बताया। उनका अंतिम संस्कार बाल्मीकि नगर के लव कूश घाट पर किया गया।

### 129 राजस्व कर्मचारियों एवं 49 अंचल अमीनों का स्थानांतरण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प.चंपारण जिले के विभिन्न अंचलो में पदस्थापित 129 राजस्व कर्मचारियों एवं 43 अंचल अमीनों का स्थानांतरण किया गया है। समाहरणालय के जिला स्थापना शाखा ने इन राजस्व कर्मचारियों एवं अंचल अमीनों के स्थानांतरण आदेश को जारी किया है। जारी स्थानांतरण आदेश में जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने सभी स्थानांतरित कर्मियों को 9 जुलाई तक हर हाल में नये स्थान पर योगदान करने का निर्देश दिया है।वहीं नियंत्री पदाधिकारयों को स्थानांतरित कर्मियों को 8 जुलाई तक संपूर्ण प्रभार प्राप्त कर विरमित करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने कहा है कि स्थानांतरित सभी कर्मी जुलाई माह का वेतन नये स्थान से हीं प्राप्त करेंगे। आदेश की अवहेलना करनेवाले कर्मियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई भी की जा सकती है।

### पुस्तकालय संस्था का हृदयः मो. सलाउद्दीन

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चंपारण ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में मंगलवार को पुस्तकालय सेमिनार का आयोजन किया गया। आयोजन से विद्यार्थियों में कभी हर्ष का माहौल रहा। इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. मो. सलाउद्दीन ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की लाइब्रेरी किसी भी संस्था या विधालय का हृदय होता है। लाइब्रेरी में पढ़ाई का वातावरण इतना शांत होता है कि आपका ध्यान इधर उधर नहीं होता है। अपनी स्मरण-शक्ति को स्मरणीय बनाने एवं खुद को निखारने की प्रेरणा आता है। इसमें सूचनाएँ, जानकारी को व्यवस्थित संग्रहित, पुनः प्राप्त करने का आधुनिक तरीके और तकनीक शामिल होता है। इसीलिए हमारे संस्था में बीएलआईएस (बैचलर ऑफ लाइब्रेरी एंड इनफार्मेशन साइंस) की पढ़ाई करायी जाती है। जिससे आप सभी विद्यार्थियों का नौकरी जल्द लग जाएगा।

### सेवानिवृत्त उर्दू अनुवादक की हुई विदाई

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड कार्यालय में कार्यरत सहायक उर्दू अनुवादक मो. शमीम अंसारी के सेवानिवृत्त होने पर सोमवार की शाम समारोहपूर्वक विदाई की गई। विदाई समारोह के दौरान बीडीओ सूरज कुमार सिंह, सीओ सुधांशु शेखर समेत प्रखंड व अंचल के अन्य अधिकारी व कर्मी शामिल हुए। मौके पर प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, प्रखंड नाजीर सह प्रधान लिपिक प्रदीप पासवान, अनवर जामिल, उर्दू अनुवादक मो. गुलामे मुस्तफा, शिक्षक सुनील कुमार चौबे आदि कर्मी उपस्थित रहे।

### अमृत सरोवर में लाखों की मछली मरी

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के धोकराहा पंचायत स्थित अमृत सरोवर दूधा चतुरी पोखरा में असमाजिक तत्वों द्वारा जहर डालने से लाखों की मछली की मौत हो गयी। पोखरा के मालिक किसान साह एवं उनके सहयोगी भोला साह ने बताया कि किसी ने दुश्मनी से हमारे पोखरा में जहर डाल दिया हैजिससे सभी मछलियां किनारे आकर मर रही है।उन्होंने बताया कि करीब दो महीने पहले 3 लाख मछली का छोटा बच्चा और 2 लाख कीमत की बड़ी मछली पोखरा में डाला गया था। अब मछलियों का साइज एक किलो का और छोटी मछलियां 2.50 ग्राम की हो गई है।जिसकी कीमत लगभग 5 लाख से अधिक की हो गई है,इस घटना को लेकर पोखरा के मालिक बहुत ही परेशान और दुखी है।उन्होंने बताया कि गांव के ही कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा जहर डाला गया है।पहचान में आ गया है।इस मामले में थाना में एक आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है।

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमबार की रात अहवर कुड़िया पंचायत के वार्ड 08 यादव टोला में एक विवाहिता सुनीता देवी (30)वर्ष ने गले मे फांसी का फंदा लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेतिया भेजा। थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मृत महिला का पति का रमेश पटेल है जो पासवान चौक पर पलेदारी का काम करता है। घटना के वक्त बारिस हो रही थी।आत्महत्या की सूचना पर पूरा मुहल्ला इकठ्ठा हो गया।मृत महिला की सास कुसुम देवी ने बताया की घटना के समय उसका बच्चा जोर जोर से चिल्ला रहा था।किसी को पता भी नही चला ।पुलिस के मुताबिक मामले में कोई आवेदन या शिकायत नही प्राप्त हुआ है।पोस्टमार्टम से स्थिति स्पष्ठ होगी।

### मरीजों की सेवा चिकित्सक का परम कर्तव्य

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डॉक्टर्स डे के अवसर पर सीएचसी में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनुपम प्रसाद की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें डॉ प्रसाद ने कहा कि एक चिकित्सक का परम कर्तव्य होता है मरीजों की सेवा करना।निस्वार्थ भाव से मरीजों की सेवा करना ईश्वर सेवा के समान होता है। कुछ चिकित्सक अपने फर्ज से हटकर अपनी गरिमा को धूल धूसरित कर रहे हैं।उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों को याद दिलाया कि डॉक्टर भगवान का दूसरा रूप माने जाते है।सभी को अपने कर्तव्य का निर्वहन सेवा भावना के साथ निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक करनी चाहिए। मौके पर डॉ सुमित कुमार डॉ अविनाश कुमार डॉ मेराजुल हक विनय कुमार तिवारी प्रधान लिपिक शिव शांत कपूर डाटा ऑपरेटर रविंद्र कुमार शर्मा राहुल झा अभय कुमार आदि उपस्थित थे।

### वंदना क्लासेज का हुआ उद्घाटन

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को दलित बस्ती के समीप धीरज चौरसिया के आवास परिसर में वंदना क्लासेज कोचिंग सेंटर का उद्घाटन समाजसेवी प्रवीण तिवारी द्वारा किया गया।उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सबसे बड़ा पूंजी है।वंदना क्लासेज के डायरेक्टर विशाल सिंह ने बताया कि यहां मेरे संस्था में कक्षा 5 वी से12वीं क्लास तक के बच्चे को अलग-अलग शिक्षकों द्वारा पठन पाठन किया जाएगा।मौके पर उपडायरेक्टर विकास सिंह एवं व्यवस्थापक सुजीत सिंह, राजन सिंह, राहुल सिंह, मंटू पटेल, पप्पू सिंह, मुकेश साह अभय चौरसिया अन्य उपस्थित थे।

### गाय ने जुड़वा बच्चों को दिया जन्म, गांव में कौतूहल

**इसुआपुर (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के आता नगर गांव में एक देसी गाय ने दो जुड़वा बच्चों को जन्म दिया है, जो लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। गौपालक हरे राम पांडेय ने बताया कि गाय ने अपने पूरे समय पर ही जुड़वा बच्चा एक बाछा और एक बाछी को जन्म दिया है। उन्होंने बताया कि यह गाय 4 साल से मेरे पास है। वही तीन बार एक एक बाछी को जन्म दी है। यह देसी नस्ल का गाय हैं। जन्म के समय से ही गाय के दोनों बछरे स्वस्थ हैं तथा यह गाय सुबह शाम मिलकर 6 लीटर दूध भी देती है। वही स्थानीय लोगों ने बताया कि यह आश्चर्य की बात है की दो बच्चों को पेट में पालने में गाय को किसी प्रकार की कोई परेशानी उत्पन्न नहीं हुई। यह सही समय पर ही दो स्वस्थ बछरो को जन्मदिन दी है ।यह पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ और लोग गाय और बछड़े को देखने के लिए आ रहे हैं।

### मसाला पिसाई केन्द्र का उद्घाटन

**मांझी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी प्रखंड के गौरी टोला में साढ़े तीन लाख रुपये की लागत से निर्मित मसाला पिसाई केन्द्र का विधिवत उद्घाटन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान के पश्चात जदयू नेता सुनील कुमार सिंह एवं मांझी नगर पंचायत की उप मुख्य पार्षद नीतू सिंह ने फीता काटकर केन्द्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केन्द्र के संचालक मनदीप कुमार सिंह ने बताया कि यह अत्याधुनिक मशीन एक किलो से लेकर एक क्विंटल तक के साबुत मसाले को आसानी से पीस सकती है। साथ ही 25 ग्राम से लेकर 1 किलो तक की मसाला पैकिंग की सुविधा भी ग्राहकों को उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि इससे मांझी और दाउदपुर क्षेत्र के ग्रामीणों को अब शुद्ध, मानक के अनुरूप मसाला सहजता से उपलब्ध होगा। उद्घाटन समारोह में रवींद्र सिंह, विकास सिंह, ज्वाला सिंह, गोलू सिंह, बीरेंद्र सिंह, बिजेंद्र सिंह, राजू यादव, अनिरुद्ध सिंह समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नवनियुक्त सिपाहियों को सौंपा गया नियुक्ति पत्र



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह में नवनियुक्त सिपाहियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। बेतिया जिला बल के लिए नियुक्त 560 में से 549 सिपाहियों के बीच मंगलवार को नियुक्ति पत्र बांटे गये। सिपाहियों के बीच चंपारण रेंज के डीआईजी हरकिशोर राय, पुलिस अधीक्षक डा. शौर्य सुमन ने नियुक्ति पत्र का वितरण किया। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक रक्षित देवानंद राउत, साईबर डीएसपी गौतम शरण ओमी, एसडीपीओ विवेक कुमार दीप, रजनीश कुमार प्रियदर्शी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। डीएसपी देवानंद राउत ने बताया कि बेतिया जिला बल में 560 सिपाहियों की नियुक्ति हुयी है। जिसमें 295 महिला सिपाही एवं 265 पुरुष सिपाही शामिल है। इनमें से अभी तक 549 सिपाहियों ने अपना योगदान समर्पित कर दिया है। इन्हीं सिपाहियों को आज के कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। मौके पर डीआईजी हरकिशोर राय ने सिपाहियों को अपराध नियंत्रण, विधि व्यवस्था संधारण में उनकी भूमिका के बारे में बताया। कहा कि अपने सेवा काल में ऐसा कोई भी कृत्य नही करें जिससे पुलिस की छवि धूमिल हो। पुलिस अधीक्षक डा. शौर्य सुमन ने भी मौके पर नवनियुक्त सिपाहियों को आवश्यक निर्देश दिया। मौके पर सिपाहियों को कानून व्यवस्था की रक्षा, सेवा के मूलभूत कर्तव्यों एवं दायित्वों की शपथ दिलायी गयी।

# अंचल के 14 राजस्व कर्मचारियों एवं तीन अमीनों का हुआ तबादला

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिलाधिकारी ने अंचल कार्यालय में पदस्थापित 14 राजस्व कर्मचारियों व सभी अंचल अमीन का स्थानांतरण कर दिया है। अब इनकी जगह पर अंचल कार्यालय में 12 राजस्व कर्मचारी के साथ तीन अमीन का पदस्थापना हुआ है। जिलाधिकारी ने इस ट्रांसफर पोस्टिंग से संबंधित एक आदेश पत्र भी जारी किया है। डीएम ने आदेश पत्र में संबंधित कार्यालय प्रधान को निर्देशित किया है कि आठ जुलाई के पूर्व सभी कर्मियो को नवपदस्थापित कार्यालय में योगदान हेतु विरमित करना सुनिश्चित करेंगे। वही जिन कर्मचारियों का स्थानांतरण हुआ है, उसमें राजस्व कर्मचारी अब्दुल समद अंसारी, महेंद्र गुप्ता,रविशंकर सिंह, विकास कुमार, रामबाबू साफी, अनिल कुमार, सुनील कुमार, राहुल रंजन, अभिषेक भारती, विमल पटेल, विवेक कुमार यादव, विक्की कुमार, अभिषेक शर्मा व अंकित कुमार शामिल हैं। वही अंचल अमीन में कृष्णा प्रताप, ब्यूटी रानी व अमित कुमार शामिल हैं। इनके जगह जिन राजस्व कर्मचारी व अंचल अमीन का पदस्थापन हुआ है, उसमें राजस्व कर्मचारी अमित कुमार, रौशन कुमार, धीरज कुमार, आशीष कुमार, रूपेश कुमार, रिंटू राज कुमार, अंकित कुमार, अमल सारस्वत, अमितेश गुप्ता, जगदीश राम, अमित कुमार तिवारी व अमित कुमार हैं।

# चिकित्सक दिवस पर बीएमडी जांच शिविर आयोजित




**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के बसवरिया स्थित नारायणी सुपर स्पेशलिटी ऑर्थोपेडिक क्लिनिक के प्रांगण में चिकित्सक दिवस के अवसर पर निशुल्क बीएमडी हड्डी मांसपेशी जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान के संचालक एवं प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ उमेश कुमार ने बताया कि यह दिवस पेशे से चिकित्सक एवं पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न डॉ बी सी राय के जन्मदिवस एवं पुण्यतिथि के याद में मनाया जाता है। इस दिन स्वास्थ्य से संबंधित कई जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाते हैं। इसी के तहत आज यह हड्डी रोग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया है। आमतौर पर प्रत्येक लोग अपने आप को लगभग स्वस्थ मानकर किसी भी चिकित्सक से सलाह लेना अनिवार्य नहीं समझते हैं। लेकिन यह देखा गया है कि 40 वर्ष के बाद के प्रत्येक व्यक्ति में हड्डी संबंधित कोई ना कोई बीमारी किसी न किसी रूप में आनी शुरू हो जाती है। इसके लिए जरूरी है कि समय-समय पर अपने हड्डी की बीएमडी जांच करते रहे एवं आवश्यकता अनुसार चिकित्सक से सलाह लेते रहे। इस जाँच शिविर में 50 से अधिक मरीजों एवं उनके अभिभावकों की बीएमडी जांच कर निशुल्क परामर्श भी दिया गया।

# डॉ. अरविन्द आनंद जीवन धारा नमामि गंगे के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता मनोनीत

**बिहार के लिए गौरव की बात, पर्यावरण व गंगा संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय संस्था से जुड़ी बड़ी जिम्मेदारी मिली**




**छपरा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जाने-माने फिल्म निमार्ता, निर्देशक व राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त समाजसेवी डॉ. अरविन्द आनंद को जीवन धारा नमामि गंगे संस्था का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोनीत किया गया है। डॉ. आनंद सारण जिले के एकमा प्रखंड स्थित मठनपुरा गांव के निवासी हैं और स्वर्गीय धुपनाथ सिंह के पुत्र हैं। यह नियुक्ति न केवल सारण, बल्कि पूरे बिहार के लिए गर्व की बात मानी जा रही है। जीवन धारा नमामि गंगे संस्था भारत सरकार के केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय, नई दिल्ली से संबद्ध एक सक्रिय संगठन है, जो गंगा के समग्र विकास, जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रही है। यह संस्था देश के 12 से अधिक राज्यों के 50 से अधिक गंगा बेसिन जिलों में स्वच्छता, संरक्षण, जागरूकता और वृक्षारोपण जैसे अभियानों को प्रभावी रूप से चला रही है। डॉ. अरविन्द आनंद ने बताया कि संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. हरिओम शर्मा के नेतृत्व में यह अभियान निरंतर प्रगति पर है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि आगामी जुलाई माह में जल शक्ति मंत्रालय के तत्वावधान में बिहार के पांच जिलों में संस्था द्वारा सरकारी दौरे का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान गंगा सहित अन्य नदियों एवं जल स्रोतों के संदर्भ में स्वच्छता, संरक्षण और वृक्षारोपण संबंधी गतिविधियाँ चलाई जाएंगी, जिनमें स्थानीय प्रशासन का सहयोग लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, सितंबर माह में वृंदावन में संस्था का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभर से पर्यावरण सेवियों की भागीदारी संभावित है। डॉ. अरविन्द आनंद की इस नियुक्ति पर सिवान व छपरा सहित पूरे सारण क्षेत्र में खुशी की लहर है। उन्हें शुभकामनाएं देने वालों में सत्येंद्र सिंह भवानी, देवकुमार सिंह, रमेश सजल, विकास सिंह, संजय राम, रौशन सिंह भवानी, अनिल सिंह, भृगुनाथ प्रसाद, पवन गुप्ता, मनोहर पटेल, आलम राज, विकास भोजपुरिया, सत्येंद्र राम, डॉ सुनील कुमार सिंह सहित कई अन्य समाजसेवी व बुद्धिजीवी शामिल हैं। सभी ने इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है।

# सुरक्षा और बिना मानक के चल रहे हैं ग्राहक सेवा केन्द्र, लापरवाही से हुई लूट

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक नगर पंचायत और प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में स्टेट बैंक , ग्रामीण बैंक और सेन्ट्रल बैंक समेत अन्य प्राइवेट संस्थानों के चल रहे ग्राहक सेवा केन्द्र बिना किसी मानक और सुरक्षा के चल रहे हैं जो धोखाधड़ी और लूट का कारण बन रहें हैं। अधिकांश ग्राहक सेवा केन्द्र पर केन्द्र की सुरक्षा एक गंभीर समस्या है लेकिन इसमें संस्थान के प्रबंधक लापरवाह दिख रहे हैं। आपको बता दें कि बीते सप्ताह पहले लखनपुर में लकड़ी की गुमटी में चल रही ग्राहक सेवा केन्द्र से अज्ञात अपराधियों ने पिस्टल से फायर कर 60 हजार रूपए लूट लिए। घटना की सूचना पर एसपी ग्रामीण शिखर चौधरी, डीएसपी अमरनाथ, इंस्पेक्टर मनीष कुमार साहा और थानाध्यक्ष रणधीर कुमार दल बल के साथ पहुंचे और घटनास्थल पर जांच-पड़ताल और संस्थान के प्रबंधक और ग्रामीणों से पूछताछ की, वहीं जांच पड़ताल में लूटी गई मोबाइल घटनास्थल से 15 किलोमीटर दूर सिवान जिले से बरामद की गयी। हालांकि एसपी ग्रामीण शिखर चौधरी ने घटना का जल्द से जल्द उद्भेदन करने का भरोसा दिलाया। लेकिन आपको बता दें कि गुमटी में चल रहे ग्राहक सेवा केन्द्र में सुरक्षा के कोई उपाय नहीं रखें गये थें, वहीं लूटने वाले अपराधी यह जानकारी रखें थे कि इलाका ज़िले के सबसे अंतिम सीमा पर अवस्थित है। जिसका अपराधियों ने फायदा उठाया। आपकों बता दें कि मशरक के अलग-अलग इलाकों में प्राइवेट संस्थानों के चल रहे ग्राहक सेवा केन्द्र तों राम भरोसे चल रहे हैं पर स्टेट बैंक, सेंट्रल बैंक,पंजाब नेशनल बैंक, ग्रामीण बैंक के ग्राहक केंद्र तो सुरक्षा के मानकों को पूरा करने में सिस्टम को अंगूठा दिखा रहे हैं। बैंक से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि बैंकों से जुड़े ग्राहक सेवा केन्द्र को सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखना हैं। परिसर में लोहे का जालीदार ग्रिल जिसमें ताला लगानें की सुविधा हो जो ग्राहक और संचालक के बीच में रहें। वहीं परिसर में उच्च क्वालिटी का सीसीटीवी कैमरा जो केन्द्र समेत बाहर के भी इलाके के लिए पर्याप्त हो।

# विद्यालय से अज्ञात चोरों ने की इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की चोरी

**इसुआपुर (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के अचितपुर गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय से रविवार की रात अज्ञात चोरों ने हजारों की संपत्ति चोरी कर ली है. इस बाबत स्कूल के प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश गुप्ता ने इसुआपुर थाने में लिखित आवेदन दी है. जिसमें उन्होंने लिखा है कि प्रतिदिन की तरह शनिवार के शाम को स्कूल बंद कर अपने घर चले गए. सोमवार के सुबह जब स्कूल आए तो देखा कि स्कूल में से सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की चोरी कर ली गई है .अपने आवेदन में लिखा है कि अज्ञात चोरों ने विद्यालय का ताला तोड़ उसमें से 1.एक्साइड कम्पनी का बड़ा बैटरी 2. इनवर्टर 3. एचपी प्रिंटर 4 आहूजा साउंड सिस्टम 5 कॉर्डलेस 6.सीसीटीवी का हार्ड डिस्क चोरी कर ली गई है.

# अधिकतम 1200 मतदाताओं पर होगा एक मतदान केंद्र

**डीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में जिले के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के सार्थ बैठक संपन्न हुयी। बैठक में जिले में मतदान केंद्रों के युक्तिकरण पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने प्रतिनिधियों को मतदान केंद्रों के युक्तिकरण के संबंध में विस्तार से बताया। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों से अवगत कराते हुए बताया कि आयोग के निर्देशानुसार 1जुलाई को अर्हता तिथि मानते हुए कुल 1200 निर्वाचकों की संख्या को आधार मानकर मतदान केंद्रों का युक्तिकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित व्यक्तियों और राजनीतिक दलों को पश्चिम चंपारण जिले के सभी नौ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान केंद्रों की प्रारूप सूची के संबंध में कोई भी दावा, आपत्ति या सुझाव हो तो वे आगामी 6 जुलाई तक लिखित रूप में जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करा सकते है। प्राप्त सभी दावों, आपत्तियों और सुझावों की जांच की जाएगी और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि वे अपने स्तर से सभी प्रस्तावित मतदान केंद्रों की जांच कर लें।

# तरैया में बनेगा स्टेडियम, संभावित स्थल का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**तरैया (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** युवाओं के लिए समुचित खेलने की व्यवस्था और खेल को नया मुकाम देने के उद्देश्य से बिहार सरकार द्वारा खेल मैदान का निर्माण कराया जा रहा है। सरकार ने ग्रामीण स्तर पर क्रिकेट को भी नया मुकाम देने की तैयारी शुरू कर दी गई है। सोमवार जिला खेल पदाधिकारी ने स्टेडियम निर्माण हेतु संभावित स्थल का निरीक्षण किया। तरैया विधायक जनक सिंह के प्रयास से तरैया प्रखण्ड में भी एक क्रिकेट स्टेडियम बनाने की कवायद शुरू कर दी गई है। जिला प्रशासन ने इसके लिए बाकायदा तरैया में संभावित स्थल का निरीक्षण भी किया। तरैया सीओं पंकज कुमार सिंह के साथ जिला खेल पदाधिकारी ने संभावित स्टेडियम का स्थल निरीक्षण भी किया। जमीन देखने के बाद जिला खेल पदाधिकारी ने वहां की जमीन की प्रकृति और लोकेशन को टैग किया। स्थानीय प्रशासन द्वारा दिए गए जमीन पर स्टेडियम का खाका तैयार किया। तरैया विधायक जनक सिंह ने बताया कि तरैया में क्रिकेट स्टेडियम प्रस्तावित है, जिसके लिए आज स्थल का निरीक्षण हुआ है। यहां के बच्चों में भी क्रिकेट के प्रति अनंत संभावना है। यहां के बच्चों में काफी स्टेमिना है और उनके अंदर क्रिकेट के लिए जज्बा भी है।

# बीडीओ ने मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्य का लिया जायजा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के सभी पंचायतों में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य युद्ध स्तर पर प्रारम्भ कर दिया गया है। मंगलवार को बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने प्रखंड के दो पंचायतों में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान के कार्यों का स्थलीय जांच किया। इस दौरान उन्होंने मलदहिया पोखरिया पंचायत के बूथ संख्या 44 व धूमनगर के बूथ संख्या 153 के संबंधित मतदाताओं से मिलकर फॉर्म प्राप्त होने व बीएलओ द्वारा रिसीविंग देने के बारे में आवश्यक जानकारी ली। इस दौरान अधिकारी ने वोटरों से मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में शामिल होने की अपील की। बीडीओ ने कहा कि फॉर्म भरकर सभी लोग अपना नाम वोटर लिस्ट में जुड़वा लें। 25 जुलाई के बाद नाम नहीं जुड़ेगा।

# रक्तदान शिविर में एसएसबी के जवानों ने लिया हिस्सा




**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा आयोजित रक्त दान शिविर का उदघाटन एसएसबी के क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया के उपमहानिरीक्षक सुरेश सुब्रमण्यम ने फीता काटकर किया। इस दौरान इंडो नेपाल बॉर्डर की रखवाली में अहम भूमिका निभाने वाली एसएसबी 44 वी वाहिनी ने सेवा सुरक्षा बंधुत्व व समर्पण के साथ सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन करने में आगे रहे। रक्तदान शिविर में कई जवानों और अधिकारियों ने रक्त दान किया। एसएसबी के कमांडेंट बलवंत सिंह नेगी ने कहा कि रक्त दान महादान है। इसलिए हम सबको रक्त दान देकर देशहित में एक मजबूत कदम प्रगति की ओर बढ़ाते हुए मदद करनी चाहिए। युक्त मौके पर एसएसबी के डॉ अनूप कुमार सिंह,उप कमांडेंट अजय कुमार सिंहा, विनय कुमार, कृष्ण कुमार, सहायक कमांडेंट कुंदन जायसवाल समेत रेड क्रॉस सोसाइटी के सेक्रेटरी डॉ अफताब आलम, चेयरमैन डॉ बलविंदर सिंह, संयुक्त सचिव संजय कुमार, डॉ ए के सिंह, रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉ बी के चौहान, प्रो. एनडी ओझा, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, सचिव मणिभुषन श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार, वर्मा प्रसाद, ई उमेश जायसवाल, डॉ अवध किशोर सिंह, कृष्ण कुमार आदि की सहभागिता रही।

# दो बोलेरो में भीषण टक्कर, एक ही परिवार के 6 लोग घायल, दो की हालत नाजुक

**रांग साइड से आ रही बोलेरो ने मारी टक्कर, आरोपी चालक फरार**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।**

**नौतन (सिवान)।** मंगलवार की सुबह नौतन थाना क्षेत्र के बंका मोड़ के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दो बोलेरो गाड़ियों के आमने-सामने की टक्कर में एक ही परिवार के छह सदस्य समेत सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सुबह करीब सात बजे की है, जब गोपालगंज के मीरगंज थाना क्षेत्र के एकडंगा गांव निवासी अली असगर अपने पूरे परिवार के साथ बोलेरो से सिवान लौट रहे थे। परिवार गर्मी की छुट्टियां बिताकर मंगलवार सुबह सिवान स्थित अपने किराए के मकान में लौट रहा था। रास्ते में जैसे ही उनकी बोलेरो नौतन-तितरा मुख्य मार्ग पर बंका मोड़ के पास पहुंची, सामने से आ रही एक अन्य बोलेरो ने रांग साइड में जाकर सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को तुरंत स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायलों को सिवान सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना में घायल होने वालों में अली असगर, उनकी पत्नी चांद तारा खातून, बेटियां रुखसाना और गुलनाज परवीन, बेटे अफसर और यशराज, और बोलेरो चालक नागेंद्र कुमार शामिल हैं। इनमें से रुखसाना और अफसर को सिर में गंभीर चोटें आई हैं और दोनों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। हादसे के बाद दूसरा वाहन चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है। घायल परिवार का इलाज फिलहाल सिवान सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद जिस तरह से स्थानीय लोगों ने बिना देर किए मदद पहुंचाई, वह सराहनीय है। अगर समय रहते प्राथमिक उपचार नहीं होता, तो स्थिति और भी बिगड़ सकती थी। फिलहाल पुलिस रांग साइड से आकर टक्कर मारने वाले बोलेरो और उसके चालक की तलाश में जुटी है। साथ ही, हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# मां शैलपुत्री हॉस्पिटल से जनसेवा की मिसाल दे रहे हैं डॉ. पुनीत राज सिंह

**सेना के जवानों व शहीदों के परिवार को ओपीडी व सर्जरी फ्री**

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सीवान के जाने माने जनरल सर्जन डॉ. पुनीत राज सिंह मां शैलपुत्री हॉस्पिटल के माध्यम से न सिर्फ आधुनिक तकनीकों से इलाज कर रहे हैं, बल्कि समाजसेवा की भावना से भी हर किसी का दिल जीत रहे हैं। डॉ. सिंह का कहना है कि देश की रक्षा में लगे जवानों और शहीदों के परिवारों को ओपीडी और सर्जरी की सुविधाएं हमेशा के लिए निशुल्क दी जाएंगी। डॉ. सिंह की ओर से हर मंगलवार पूर्णतः निशुल्क चिकित्सकीय सलाह दी जाती है। यह सुविधा उन मरीजों के लिए राहत है जो आर्थिक रूप से इलाज नहीं करा पाते हैं। अपेण्डिक्स, हार्निया, बच्चेदानी का ऑपरेशन, आंत का फटना, पित्त की पथरी जैसे मामलों में जनरल सर्जरी की संपूर्ण सुविधा उपलब्ध है। लेप्रोस्कोपिक सर्जरी (दूरबीन से ऑपरेशन) से इलाज कर मरीजों को तेज राहत दी जा रही है। किडनी, प्रोस्टेट, मूत्र नली का सिकुड़ना जैसे मामलों में दूरबीन के माध्यम से सटीक और दर्द रहित उपचार किया जा रहा है।

**मेडिसिन विभाग में मिल रही राहत**

दमा, टीबी, पीलिया, डायबिटीज, हाई बीपी, फेफड़े और पेट में पानी जैसी गंभीर बीमारियों का इलाज अनुभवी डॉक्टरों द्वारा किया जा रहा है। हर प्रकार के असामान्य रोगों की गहन चिकित्सा उपलब्ध है।

# एनडीए सरकार ने बदली बिहार की तस्वीर : वीरेन्द्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नबीनगर प्रखंड अंतर्गत महुआंव पंचायत के मझिआंव एवं अंकोरहा पंचायत के अजनिया ग्राम में बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड द्वारा वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। दोनों पंचायत के बूथ अध्यक्ष एवं बूथ कमेटी की बैठक पंचायत अध्यक्ष उमेश सिंह भंडारी एवं सत्येंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई जिसका संचालन प्रखंड अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने किया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन को 400 से बढ़ाकर 1100 कर दिया है। यह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दूरदर्शी सोच का परिणाम है। बैठक को मुख्यालय प्रभारी अनिल सिंह, जदयू के मुख्य सचेतक संजय सिंह गांधी ने भी संबोधित किया। वहीं औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि 2005 के पहले लोग शाम के बाद घर से बाहर नहीं निकलते थे। विद्यालय में बहुत कम बच्चे पढ़ने जाते थे। इलाज का पूरा इंतजाम नहीं था। सड़क बहुत कम थी। पूरे राज्य में डर एवं भय का वातावरण था। अपराधी खुलेआम सड़कों पर घूमते थे और बिहार को फिरौती एवं अपहरण के लिए जाना जाता था। कानून का कोई भय नहीं था। उद्योग धंधे बंद हो रहे थे लेकिन 2005 में नई सरकार बनी तो सर्वप्रथम कानून व्यवस्था को ठीक किया गया। नबीनगर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी प्रो अरुण कुमार शर्मा ने कहा कि कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बड़े पैमाने पर पुलिस की भर्ती की गई है। मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि रामेश्वर सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह, शंकर दयाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि भोला गुप्ता, सूर्यदेव मेहता, महेंद्र पाल, सोनौरा पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, रामनरेश चंद्रवंशी, धर्मराज बैठा, लालमोहन गिरी, गणेश गिरी, नरेंद्र गिरी, पंचायत अध्यक्ष कंकेर रवि पटेल आदि उपस्थित थे।

# नक्सली के घर पर चिपकाया इश्तेहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर(औरंगाबाद)।** मदनपुर पुलिस ने नक्सल कांड के फरार अभियुक्त के घर पर इश्तेहार चिपकाया है। दरअसल, थाना क्षेत्र के गढ़ लंगुराही निवासी मनोज सिंह भोक्ता नक्सल कांड में लंबे समय से फरार चल रहा है। पुलिस उसके संबधित ठिकानों पर अब तक कई बार छापेमारी की लेकिन हर बार वह बच निकलता है। इसको लेकर न्यायालय ने इश्तेहार निर्गत किया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि नक्सलियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के फलस्वरूप निरंतर कार्रवाई जारी है। आज न्यायालय के निर्देश पर फरार नक्सली के घर पर इश्तेहार चिपकाया गया हैं। बावजूद यदि मनोज सिंह भोक्ता आत्मसमर्पण नहीं करता है तो उसके घर की कुर्की जब्ती की जाएगी।

# गूगल मीट के माध्यम से कर्मियों को किया जा रहा प्रशिक्षित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के दृष्टिगत मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का संचालन राज्य भर में किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु औरंगाबाद जिला अंतर्गत नामांकन पूर्व गतिविधियों के तहत गणना प्रपत्र (इम्युरेशन फॉर्म) के शुद्धतापूर्वक संधारण एवं संग्रहण के उद्देश्य से संबंधित कर्मियों एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को चरणबद्ध तरीके से ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देशानुसार जिला स्तर पर नामांकित मास्टर ट्रेनरों के माध्यम से दिनांक 30 जून को प्रथम चरण में लगभग 6100 कर्मियों को गूगल मीट के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिनमें टोला सेवक, जीविका दीदी, आंगनबाड़ी सेविका आदि की सहभागिता रही। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें गणना प्रपत्र के प्रत्येक अनुभाग को विधिवत रूप से भरने, प्रपत्र की सत्यता सुनिश्चित करने तथा समयबद्ध तरीके से संग्रहण की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। द्वितीय चरण में आज 01 जुलाई को लगभग 6000 निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को उक्त कार्यक्रम से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है जिनमें पंचायतों के मुखिया, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य तथा पंचगण सम्मिलित हैं। इन जनप्रतिनिधियों को उनके पंचायत क्षेत्र में एसआईआर 2025 कार्यक्रम की कार्यान्वयन प्रक्रिया में सहयोगात्मक भूमिका हेतु प्रशिक्षित किया जा रहा है। तृतीय एवं अंतिम चरण में 2 जुलाई को लगभग 4000 कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिनमें पंचायत सचिव, पंचायत रोजगार सेवक, विकास मित्र, आवास सहायक सहित नगर निकायों के सभी अध्यक्षगण सम्मिलित होंगे। तीनों चरणों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से औरंगाबाद जिला अंतर्गत कुल लगभग 16000 कर्मियों एवं जनप्रतिनिधियों को गूगल मीट के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिससे जिले में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को कुशलतापूर्वक, सुसंगत एवं त्रुटिरहित रूप से संपादित किया जा सके। जिला प्रशासन द्वारा अपेक्षा की जाती है कि इस प्रशिक्षण के पश्चात संबंधित कर्मियों एवं प्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्राधिकार में एसआईआर 2025 कार्यक्रम को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपन्न किया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी योग्य मतदाता सूची से वंचित न रहे।

# सीएसपी कर्मचारी से एक लाख सैंतीस हजार की छिनतई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह(औरंगाबाद)।** गोह थाना क्षेत्र के तिलन बिगहा मोड़ के पास मंगलवार की दोपहर एक सीएसपी कर्मी से एक लाख सैंतीस हजार रुपए की छिनतई करने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि बंदेया थाना क्षेत्र के साव बिगहा गांव निवासी मुन्ना कुमार डिहुरी गांव स्थित पीएनबी सीएसपी शाखा के कर्मी है। मुन्ना गोह पीएनबी मुख्य शाखा से एक लाख सैंतीस हजार रुपए की निकासी कर बैग में रखकर आराम से बाहर निकला। इस क्रम में लुटेरे उसपर नज़र बनाए हुए थे। जाने-अनजाने में बदमाशों ने एक दो बार बैग छिनने का प्रयास किया लेकिन मुन्ना को कुछ समझ नहीं आया। रूपए से भरे बैग को लेकर सीएसपी कर्मी गोह से एक सवारी टोटो पर बैठकर अपने सीएसपी शाखा जा रहा था। जैसे ही तिलन बिगहा मोड़ के समीप पहुंचा कि काले रंग के पल्सर बाइक पर सवार दो युवकों ने झपट्टा मारकर बैग छिन लिया और आसानी से फरार हो गया। घटनास्थल से लगभग 50 मीटर की दूरी पर स्थित डायल 112 ने बाइक सवार को पकड़ने के लिए पीछा किया लेकिन बाइक सवार भाग निकला। इस संबंध में थानाध्यक्ष मोहम्मद इरशाद ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। पुलिस तहकीकात में जुटी हुई है।

# वैश्य प्रतिनिधि सम्मेलन से तय हुई बिहार की भावी राजनीति : विनय

## विधानसभा के चुनाव में वैश्य समाज की होगी निर्णायक भूमिका : अभिषेक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



विनय प्रसाद



अभिषेक कुमार

**औरंगाबाद।** पटना के बापू सभागार में रविवार को आयोजित वैश्य प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन ऐतिहासिक हुआ। इस सम्मेलन में पूरे बिहार से हजारों की संख्या में वैश्य समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और अपनी एकजुटता का परिचय दिया। यह बातें औरंगाबाद के एमएलसी राजद के पूर्व प्रत्याशी विनय प्रसाद ने कही। उन्होंने कहा कि वैश्य प्रतिनिधि सम्मेलन बिहार की राजनीति और सामाजिक समरसता के इतिहास में एक मील का पत्थर बन गया। सम्मेलन में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने भी भाग लिया और उन्होंने कहा कि वैश्य समाज अगर एक कदम साथ चले तो मैं चार कदम आगे बढ़कर साथ देने को तैयार हूं। श्री प्रसाद ने कहा कि बिहार का वैश्य समाज अब संगठित हो चुका है और बदलाव करने की तैयारी में है। ऐसे में अगर तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाया गया तो व्यवस्था में क्रांतिकारी परिवर्तन होगा। राजद के युवा नेता एवं वैश्य समाज के सक्रिय प्रतिनिधि अभिषेक कुमार ने कहा कि अब वैश्य समाज एकजुट होकर राष्ट्रीय जनता दल को मजबूत करेगा। वर्षों से हमारे समाज के साथ जो भेदभाव हुआ है वह अब और बर्दाश्त नहीं होगा। वैश्य समाज के नाम पर हमें सिर्फ झुनझुना पकड़ा कर वोट लेने की कोशिश की गई लेकिन अब वैश्य समाज जाग चुका है और अब बहकावे में नहीं आने वाला है। बिहार के विधानसभा चुनाव में वैश्य समाज निर्णायक भूमिका निभाएगा। राज्यसभा सांसद प्रेमचंद गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय वैश्य महासभा विगत तीन दशकों से समाज के सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक उत्थान के लिए सतत संघर्ष कर रही है। हमारी आबादी के अनुपात में आज भी हमें वह अधिकार नहीं मिला है, जिसके हम हकदार हैं। इसलिए हमें एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए लड़ना होगा।

# बदलते मौसम की समझ किसानों के लिए लाभकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** किसान की हार न मानने की ज़िद ही उसे जंगजू बनाती है। कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के उत्तर कोयल नहर से दक्षिणी भू-भाग के किसान इसके मिशाल बने हुए हैं। यह भू-भाग विगत कई वर्षों से अनावृष्टि का दंश झेल रहा है। बावजूद उक्त क्षेत्र के किसान प्रकृति के सामने घुटने टेकने को तैयार नहीं हैं। मटपा पंचायत अंतर्गत पोला गांव के किसान टूटू सिंह ने बताया कि उन्होंने 17 बीघा जमीन में धान की रोपनी कर ली है और बाकी जमीन को रोपाई के लिए तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विगत कुछ वर्षों में मानसून की स्थिति को देखते हुए रोहनी नक्षत्र की शुरूआत में ही मोटर से पटवन कर बिचड़ा डाल दिया था, जिसकी नर्सरी आर्द्रा नक्षत्र के प्रारंभ तक तैयार हो गई थी। परंतु वे धान की रोपनी के लिए उचित समय का इंतजार कर रहे थे। इस वर्ष बारिश की शुरुआत अच्छी हुई और खेतों में पानी का जमाव होने लगा। तब उन्होंने मोटर चलाकर खेत तैयार किया और 17 बीघा जमीन में धान की रोपाई कर ली। हाल के कुछ वर्षों में मानसून के बदलते स्वरूप को लेकर किसान टूटू सिंह की समझ उक्त भू-भाग के किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन सकती है। अगर किसान रोहनी नक्षत्र में बिचड़ा डाल लें तो बारिश शुरू होते ही धान की रोपाई की जा सकती है। मानसून आने पर बिचड़ा डालने के इंतजार में बारिश का पानी इधर-उधर बह जाता है। बदलते मौसम की समझ किसानों के लिए लाभकारी हो सकती है।

# हत्या सहित अन्य मामलों में 33 लोग गिरफ्तार

## अधिकारियों के साथ सूचनाओं के आदान-प्रदान में पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** मादक प्रदार्थों की खरीद-बिक्री के साथ अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने को लेकर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। इस दौरान असामाजिक तत्वों, आरोपितों की गिरफ्तारी एवं शराब का सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण व परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देसी शराब भट्टी ध्वस्त करने हेतु विभिन्न कांडों के 33 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। इस क्रम में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। हत्या के प्रयास में 9, शराब के शीर्ष कांडों में 8 एवं अन्य शीर्ष कांड में 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 748 वाहनों की जांच की गई जिसमें 21500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। इसके अलावा वारंट निष्पादन की संख्या 16 एवं कुर्की निष्पादन की संख्या 3 है। 65 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। वहीं साइबर थाना की पुलिस द्वारा 24000 रूपये बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक की माने तो इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएंगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कानून व्यवस्था के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। यह कार्रवाई अन्य पुलिसकर्मियों के लिए भी एक चेतावनी है कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करें। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सूचनाओं के आदान-प्रदान में पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है।

# पूर्व मुखिया के निधन पर पूर्व मंत्री ने जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पासवान ने राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता व घेउरा पंचायत के पूर्व मुखिया सुरेश पासवान के असमय निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है इससे मुझे व्यक्तिगत रूप से भारी क्षति हुई है। वहीं पूरे राजद परिवार को गहरा आघात पहुंचा है। उन्होंने कहा कि सुरेश पासवान जुझारू, कर्मठ एवं ईमानदार जनप्रतिनिधि के रूप में पंचायत वासियों की सेवा की, जो एक मिसाल है। वे हसमुख मिजाज़ के जिंदादिल इंसान थे। उनके निधन से पूरे प्रखंड में शोक की लहर है। हमलोग ईश्वर से प्रार्थना करते कि उनके आत्मा को शांति दें और उनके शोक संतप्त परिवारजनों को धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करें। इस दुखद क्षण में राजद प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, मनोज यादव, नंदकुमार सिंह यादव, जगनारायण यादव, संजय यादव, पंकज यादव, हरिनारायण मेहता, श्याम बिहारी राय, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुरेश पासवान, अरुण कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, मुखिया पुट्टू यादव, रविंद्र यादव, सिकंदर यादव, मंजीत यादव, उपेंद्र पासवान, धनंजय पासवान, जितेंद्र पासवान, मंटू कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की।

# आधे-अधूरे नाली निर्माण से ग्रामीण परेशान

## वाहन चलाना मुश्किल, बच्चों की जान को खतरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह प्रखंड के अमारी पंचायत अंतर्गत बाजितपुर वार्ड संख्या-7 में नाली और सड़क निर्माण कार्य की अनदेखी अब आम जनजीवन पर भारी पड़ रही है। जिला परिषद योजना अंतर्गत चल रहे इस कार्य को अधूरा छोड़ दिए जाने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी बच्चों, बुजुर्गों और दुपहिया चालकों को उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अप्रैल माह में शुरू हुए करीब 10 लाख की लागत वाले इस निर्माण कार्य को महीनों बाद भी पूरा नहीं किया गया है। अधूरी नाली के कारण कई लोग गिरकर घायल हो चुके हैं। वहीं, सड़क अधूरी रहने से ग्रामीण अपने चौपहिया वाहनों को घर से दूर खड़ा करने को मजबूर हैं, जिससे वाहन चोरी की आशंका भी बनी रहती है। जिप प्रतिनिधि श्याम सुंदर से ग्रामीणों ने कई बार संपर्क की कोशिश की लेकिन वे फोन उठाना तक मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। लोगों का आरोप है कि जनप्रतिनिधि पूरी तरह से उदासीन बने हुए हैं। मोहल्ले में जगह-जगह कीचड़, गंदगी और पानी भराव से संक्रमण फैलने की आशंका भी जताई जा रही है। लगातार हो रही बारिश से डायरिया जैसी बीमारियों ने ग्रामीणों को और चिंतित कर दिया है।स्थानीय निवासी सुरेश यादव, नागेंद्र कुमार, जंगबहादुर यादव, रंगबहादुर यादव, अरविंद विश्वकर्मा, रामईश्वर विश्वकर्मा, रामजी यादव, अनिल यादव सहित कई ग्रामीणों ने प्रशासन से इस मुद्दे पर शीघ्र संज्ञान लेने की मांग की है। इस संदर्भ में बीडीओ डॉ. राजेश कुमार दिनकर ने बताया कि यदि निर्माण कार्य अधूरा है तो यह गंभीर लापरवाही का मामला है। ग्रामीणों द्वारा लिखित शिकायत मिलते ही संबंधित एजेंसी और जनप्रतिनिधि के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# बहुआयामी गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के सफल संचालन के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत औरंगाबाद जिला में मतदाता जागरूकता हेतु बहुआयामी गतिविधियां संचालित की जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के कुशल नेतृत्व एवं स्पष्ट निर्देशों के आलोक में स्वीप कार्यक्रम को प्रभावशाली बनाने के लिए परंपरागत माध्यमों के साथ-साथ डिजिटल एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को भी रणनीतिक रूप से जोड़ा गया है, जिससे युवा वर्ग, शहरी मतदाता तथा तकनीक-संवेदनशील वर्गों तक सटीक संदेश प्रभावी ढंग से पहुंचे। इसी क्रम में औरंगाबाद जिले की प्रतिष्ठित सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर दीपशिखा को स्वीप अभियान से जोड़ा गया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम, फ़ेसबुक और यूट्यूब जैसे लोकप्रिय प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से वीडियो संदेश प्रसारित कर नागरिकों से यह अपील की है कि वे बीएलओ के माध्यम से प्राप्त गणना प्रपत्र को समय पर भरें और मतदाता सूची में अपना नाम सम्मिलित कराने, संशोधित कराने या हटाने हेतु निर्धारित प्रक्रिया का पालन करें। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं, महिलाओं, प्रथम बार मतदाता बनने वाले नागरिकों से अपील की कि वे मतदान जैसे लोकतांत्रिक अधिकार का समुचित उपयोग सुनिश्चित करें। यह उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी के विशेष निर्देश पर, स्विप गतिविधियों के अंतर्गत दीपशिखा के साथ-साथ जिले के अन्य चर्चित एवं सक्रिय सोशल मीडिया इनफ्लुएंसरों को भी इस अभियान से जोड़ा गया है। इन सभी इनफ्लुएंसरों द्वारा अलग-अलग जनसमूहों को ध्यान में रखते हुए जागरूकता संबंधी सामग्री-जैसे कि वीडियो संदेश, पोस्टर, लाइव बातचीत, इंस्टा रिल्स, फ़ेसबुक स्टोरी आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने पात्र नागरिकों से अपील की कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने हेतु समय रहते फॉर्म 6, 7, 8 अथवा 6बी भरकर आवश्यक विवरण बीएलओ को उपलब्ध कराएं एवं लोकतंत्र को सशक्त बनाने में सहभागी बनें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# मजदूरों ने पैसा मांगने पर निकाला आक्रोश मार्च

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** काम के बदले मजदूरों से पैसों मांगने का मामला सामने हैं। आरोप है कि आवास योजना के लाभुकों से रोजगार सेवक द्वारा पैसों की मांग की जाती है तथा नहीं देने पर काम से हटा देने की धमकी दी जाती है। मामला सदर प्रखंड के कर्मा भगवान गांव का है। बुधवार को रोजगार सेवक राम लायक कुमार दास के खिलाफ बड़ी संख्या में मजदूरों ने आक्रोश मार्च निकाला और औरंगाबाद समाहरणालय का घेराव किया। इस दौरान रोजगार सेवक के साथ मजदूरों ने बीडीओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर मुखिया वीरेंद्र राम तथा पंचायत समिति सदस्य सुनील पासवान भी मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि प्रखंड स्तर के अधिकारियों तथा कर्मियों की मनमानी चरम पर है। काम के बदले पैसे मांगा जाता है। मजदूरों का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान निर्माण में काम करने के बाद भी उन्हें मजदूरी नहीं दी जा रही है। रोजगार सेवक द्वारा बार-बार आधार कार्ड की मांग की जाती है। कहता है कि जब तक काम के बदले पैसा नहीं दोगे तब तक मजदूरी नहीं मिलेगी। उन्होंने बताया कि वे सभी गरीब है। मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। आवास योजना के तहत मिलने वाली मजदूरी की राशि के लिए उन्हें मजदूरी छोड़कर बार-बार प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। मजबूरी में कई मजदूरों ने रोजगार सेवक को 5-5 हजार रूपये भी दिए, फिर भी बकाया राशि का भुगतान नहीं हुआ। विरोध करने पर रोजगार सेवक कहता है कि उसे वरीय अधिकारियों को कमीशन देना पड़ता है। कोई अपनी जेब से कमीशन नहीं देगा। मजदूरों ने बताया कि रोजगार सेवक किसी जनप्रतिनिधि की बात भी नहीं सुनता। वह मनमानी करता है। गरीबों की मजदूरी हड़प रहा है। पहले भी मजदूरों ने जिला पदाधिकारी को लिखित शिकायत दी थी। जांच की जिम्मेदारी जेई सीताराम पाल को दी गई थी। पंचायत समिति सदस्य सुनील पासवान एवं समाजसेवी विमलेश कुमार सिंह ने जांच सही ढंग से करने की मांग की थी लेकिन सीताराम पाल ने पंचायत समिति सदस्य को धमकाया। कहा कि जांच वह अपने स्तर से करेगा जबकि आज तक जांच रिपोर्ट नहीं सौंपी गई। न ही किसी पर कार्रवाई हुई। लाभुकों ने बताया कि 10 दिन पहले भी वे कार्यालय पहुंचे। मजदूरी मांगी तो विमलेश कुमार सिंह को धमकी दी गई। कहा गया कि ज्यादा बोले तो हरिजन अत्याचार अधिनियम में फंसा देंगे। साथ में मौजूद पंचायत समिति सदस्य सुनील पासवान को भी अपशब्द कहा गया। मजदूरों ने जिला पदाधिकारी से मांग की कि मामले की जांच कर दोषी कर्मियों पर विभागीय कार्रवाई की जाए। साथ ही मजदूरी का भुगतान कराया जाए।

BAYC Institute
स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES
एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279
Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com